# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 26 नवंबर 2025


# आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी को पितृ शोक

## आज अंतिम यात्रा उनके निज निवास 3, सिंधी कॉलोनी, ग्वालियर से निकलेगी

## स्वर्गीय कीर्तिनारायण हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद पं. बृजनारायण 'बृजेश' के मंझले पुत्र थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल



स्वर्गीय कीर्तिनारायण द्विवेदी

आईएनएच-हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता श्री कीर्तिनारायण द्विवेदी का 25 नवंबर को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद पं. बृजनारायण 'बृजेश' के मंझले पुत्र थे।

लंबे समय तक वे मध्यप्रदेश शासन में कृषि विभाग में अधिकारी के रूप में सेवाएं देते रहे और अपने कार्यकाल में अपनी निष्ठा, सरलता और सेवा भावना के लिए जाने जाते थे। परिजनों ने बताया कि उनकी अंतिम यात्रा 26 नवंबर, बुधवार को उनके निज निवास 3, सिंधी कॉलोनी, ग्वालियर से लक्ष्मीगंज मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। स्वर्गीय कीर्तिनारायण द्विवेदी अपने पीछे स्नेहिल और समृद्ध परिवार छोड़ गए हैं। बड़े सुपुत्र डॉ. हिमांशु द्विवेदी और पुत्रवधू पूजा द्विवेदी परिवार की सार्वजनिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। छोटे बेटे रवि द्विवेदी और पुत्रवधू कीर्ति द्विवेदी ग्वालियर हाईकोर्ट के जाने-माने वकील हैं। वहीं पुत्री डॉ. राखी और दामाद डॉ. अविनाश शर्मा प्रतिष्ठित नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं। श्री कीर्तिनारायण द्विवेदी का जन्म तत्कालीन गुना जिले के ईशागढ़ में हुआ था। उन्होंने ग्वालियर कृषि महाविद्यालय से स्नातक की शिक्षा प्राप्त की थी। उनका विवाह ग्वालियर के प्रतिष्ठित पटेरिया परिवार की रमाजी से हुआ था। अपने अनुशासन, विनम्रता और परिवार-समाज के प्रति समर्पण के लिए वे हमेशा याद किए जाएंगे। आईएनएच-हरिभूमि परिवार उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जताया दुख

## वे निष्ठा, सरलता और सेवा भावना के लिए जाने जाते थे



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईएनएच-हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व. कीर्तिनारायण द्विवेदी हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद पं. बृजनारायण 'बृजेश' के मंझले पुत्र थे। लंबे समय तक वे मप्र शासन में कृषि विभाग में अधिकारी के रूप में सेवाएं देते रहे। वे अपने कार्यकाल में अपनी निष्ठा, सरलता और सेवा भावना के लिए जाने जाते थे। मुख्यमंत्री ने परिजनों को दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करने की प्रार्थना की है। अपने अनुशासन, विनम्रता और परिवार-समाज के प्रति समर्पण के लिए स्व. कीर्तिनारायण हमेशा याद किए जाएंगे। ▶▶ पढ़ें पेज 06 भी

### शोक संवेदनाएं

## राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने जताई संवेदना



राज्यपाल मंगुभाई

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि आईएनएच- हरिभूमि समाचार समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्ति नारायण द्विवेदी के देवलोकगमन का समाचार अत्यंत दुःखद है। राज्यपाल पटेल ने दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने तथा शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल

## ईश्वर शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें



हेमंत खंडेलवाल
मप्र भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष


मप्र भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने आईएनएच-हरिभूमि समाचार समूह के प्रधान संपादक एवं मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. हिमांशु द्विवेदी जी के पूज्यनीय पिताजी श्रद्धेय कीर्ति नारायण द्विवेदी जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें।

### इथियोपिया के ज्वालामुखी की राख 4,500 किमी दूर दिल्ली तक पहुंची

# कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द, यात्रियों को रिफंड और रीशेड्यूलिंग का 'विकल्प'

*राख का गुबार लगभग 45,000 फीट तक फैला हुआ है, ठीक उसी ऊंचाई पर जहां अधिकांश अंतरराष्ट्रीय उड़ानें क्रूजिंग के दौरान उड़ती हैं*

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली





राख का असर

इथियोपिया में हायली गुब्बी ज्वालामुखी के फटने से उठे राख के बादल हवाई यातायात में बाधा बनते जा रहे हैं। नई दिल्ली सहित देश के कई एयरपोर्ट से पश्चिम दिशा की ओर संचालित होने वाली उड़ानें या तो रद की जा रही हैं या फिर इनके मार्ग के परिवर्तन की तैयारी चल रही हैं।

डीजीसीए द्वारा एडवाइजरी में कहा गया है कि एयरलाइंस राख वाले क्षेत्रों से 100 किमी दूर रहें। विमान इंजन और सिस्टम्स की जांच अनिवार्य हो। यात्रियों को 24 घंटे पहले सूचना दें। आइजीआई एयरपोर्ट में इसका असर सबसे ज्यादा पड़ा है। यहां से यूरोप, मध्य पूर्व सहित एशिया की उड़ानों पर ब्रेक लग गया। सोमवार से अभी तक यहां सात अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद किया जा चुका है। करीब एक दर्जन उड़ानें विलंबित हुई हैं। दुबई, जेद्दा, हेलसिंकी, काबुल और फ्रैंकफर्ट की उड़ानों में दो से चार घंटे की देरी दर्ज की गई। आइजीआई एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या बढ़ गई है, और कई लोग वैकल्पिक उड़ानों का इंतजार कर रहे हैं। नई दिल्ली सहित देश के तमाम एयरपोर्ट से 24-25 नवंबर को कुल 13 उड़ानें रद की गई हैं। अकासा एयर, इंडिगो और केएलएम ने भी कई उड़ानों को रद कर दिया। दिलचस्प बात है कि इसकी राख सिर्फ ▶▶ शेष पेज 4 पर

### डीजीसीए ने जारी की एडवाइजरी

**दिल्ली तक कैसे पहुंची?**

1. ये ज्वालामुखी 23 नवंबर 2025 को भारतीय समयानुसार दोपहर 2 बजे फटा था
2. ज्वालामुखी की राख 23 नवंबर को लाल सागर पार कर यमन-ओमान पहुंची
3. फिर अरब प्रायद्वीप से पाकिस्तान होते हुए राजस्थान में घुसी
4. 24 नवंबर की रात 11 बजे तक यह दिल्ली पर छा गई
5. इसमें सल्फर डाइऑक्साइड गैस की मात्रा काफी ज्यादा

### अब राख के बादल चीन की ओर बढ़ रहे

हायली गुब्बी ज्वालामुखी एक शील्ड ज्वालामुखी है। ये ज्वालामुखी इथियोपिया के अफार क्षेत्र में स्थित है। अफार क्षेत्र को 'पृथ्वी का नर्क' भी कहा जाता है। क्योंकि कई बार इस क्षेत्र का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। यह पूर्वी अफ्रीकी रिफ्ट वैली का हिस्सा है इस जगह पर पृथ्वी की टेक्टोनिक प्लेटें लगातार एक दूसरे से अलग हो रही हैं। टेक्टोनिक प्लेटें वो होती हैं जो पृथ्वी की सतह को बनाती हैं। मौसम विभाग का कहना है कि राख के बादल जल्द हट सकते हैं। आईएमडी के डायरेक्टर जनरल मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि राख के बादल चीन की ओर बढ़ रहे हैं।

### मौसम विभाग ने क्या कहा?

## मध्य भारत के मैदानी इलाकों की ओर छाया गुबार

हालांकि, मौसम विभाग का कहना है कि राख की यह परत काफी ऊंचाई पर है और जमीन के स्तर पर वायु गुणवत्ता पर इसका ज्यादा असर दिखने की संभावना नहीं है। इसके बावजूद विमानन क्षेत्र पर इसका बड़ा प्रभाव पड़ा है, क्योंकि राख का गुबार लगभग 45,000 फीट तक फैला हुआ है, ठीक उसी ऊंचाई पर जहां अधिकांश अंतरराष्ट्रीय उड़ानें क्रूजिंग के दौरान उड़ती हैं। स्काईमेट के मुताबिक इंडोनेशिया के किसी सक्रिय ज्वालामुखी से निकला ऐश प्लम (राख का बादल) ▶▶ शेष पेज 4 पर

### जब धर्मेंद्र पंचतत्व में विलीन हो चुके थे तब उनके निधन की खबर आई

## फैंस को अंतिम दर्शन तक नहीं जल्दबाजी में किया दाह संस्कार

**»** ***राजकीय सम्मान पर संशय***

**»** ***धर्मेंद्र की अंतिम यात्रा ऐसे होगी, इससे हर कोई हैरान***

एजेंसी ▶▶मुंबई



धर्मेंद्र

करीब 6 दशक तक सिनेमाई दुनिया में सितारे की तरह रहे धर्मेंद्र का सोमवार 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में निधन हो गया। धर्मेंद्र की अंतिम यात्रा में देओल परिवार के साथ-साथ अमिताभ बच्चन, सलमान खान, आमिर खान, अभिषेक बच्चन जैसे कई नामचीन सितारे नम आखों से शामिल हुए। धर्मेंद्र अपनी पूरी जिंदगी जी कर गए। लेकिन उनका जाना जिस गुपचुप तरीके से हुआ, उससे हर कोई हैरान है। धर्मेंद्र की अंतिम यात्रा ऐसे होगी, इसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। धर्मेंद्र की अंतिम यात्रा निकलती तो पूरा शहर सड़कों पर उमड़ पड़ता। लेकिन ऐसा कुछ नहीं ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आईएएस संतोष वर्मा ने दिया था विवादित बयान

## ब्राह्मण बेटियों वाले बयान पर हंगामा, मुंह काला करने पर 51 हजार रुपए 'इनाम'

**»** ***सफाई में बोले- भाषण तोड़-मरोड़कर पेश किया***

**»** ***सपाक्स ने कहा तत्काल गिरफ्तारी हो***

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल



संतोष वर्मा



डिप्टी सीएम शुक्ला को ज्ञापन

अजाक्स के प्रांताध्यक्ष और सीनियर आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा ने ब्राह्मण की बेटियों को लेकर अपने बयान पर माफी मांगी है। सफाई देते हुए वर्मा ने कहा कि मेरा भाषण 27 मिनट का था, लेकिन 9 सेकंड की क्लिप को चलाकर इसे प्रचारित ▶▶ शेष पेज 4 पर

## || अंत्येष्टि आज ||

अनित्यं जीवितं लोके सर्वं तद्भाग्यनिर्भरम्।
प्रार्थयामः शुभे स्वर्गे शान्तिः तस्यात्मनः सदा॥



# कीर्ति नारायण द्विवेदी जी

1945 - 2025

मेरे पति श्री कीर्ति नारायण द्विवेदी जी का देवलोक गमन कल दिनांक 25 नवंबर को हो गया है। **अंतिम यात्रा आज** (26 नवंबर) प्रात: 9.00 बजे हमारे निज निवास 3, सिंधी कालोनी, ग्वालियर से लक्ष्मीगंज मुक्तिधाम जाएगी।

**|| श्रद्धानवत ||**

श्रीमती रमा द्विवेदी (पत्नी)
डॉ. हिमांशु (प्रधान संपादक हरिभूमि समाचार पत्र समूह)–डॉ. पूजा द्विवेदी (पुत्र-पुत्रवधू)
एडवोकेट रवि–एडवोकेट अनामिका द्विवेदी (पुत्र-पुत्रवधू)
डॉ. राखी–डॉ. अविनाश शर्मा (पुत्री-दामाद)
राधिका, शिवांश, धवल और आराध्या (पौत्र-पौत्री)

### रात का पारा लगातार बढ़ने और दिन के तापमान में कमी से कोल्ड डे और कोल्ड वेव से राहत

**पांच जिलों में रात का पारा 8 से 10 डिग्री के बीच**

# प्रदेश में शीतलहर पर अब 'गर्मी' सवार पारा 19 डिग्री तक पहुंचा... बादल छाए


**»** ***नौगांव सबसे ठंडा, पारा 8 डिग्री***

**»** ***नवंबर के लिहाज से दिन ठंडा और रात का पारा अभी बढ़ रहा***

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में दो दिन से बादल और धुंध के असर के साथ हवाएं बदलने से रात के तापमान में तेजी से बढ़त जारी है। इससे रात में कड़ाके की सर्दी और शीतलहर से राहत रही। सबसे अधिक रात का पारा नर्मदापुरम में 18.7 डिग्री तक रहा, जबकि भोपाल में दो दिन में करीब 6 डिग्री बढ़कर 15.4 डिग्री पहुंच गया।

मंगलवार को प्रदेश में कहीं भी शीतलहर के साथ ही तेज सर्दी का असर महसूस नहीं किया गया है। पांच जिलों में रात का पारा 8 से 9 डिग्री तक रहने से यहां रात में हल्की ठंडक रही। इनमें नौगांव सबसे ठंडा रहा, न्यूनतम पारा 8 डिग्री दर्ज किया गया है। इसके साथ ही रीवा 8.9, मुरैना 9.4, खजुराहो ▶▶ शेष पेज 4 पर



राजधानी की निशातपुरा रोड, शाम 5:26 बजे का दृश्य

### इसलिए बदली हवाएं

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर एरिया और श्रीलंका के पास एक सकुर्लेशन है। इसके लगातार आगे बढ़ते रहने से प्रदेश में हवाएं अभी बदल रही हैं। यह क्रम अगले दो से तीन दिन जारी रहेगा। इससे दिन में तापमान कुछ कम और रात में बढ़त होगी।

### कहां-कितना बढ़ा पारा?

मंगलवार को प्रदेश में सर्वाधिक बढ़त नरसिंहपुर में 7 डिग्री की रही। यहां रात का पारा 16 डिग्री दर्ज किया गया। इसके बाद इंदौर में 4 डिग्री की बढ़त के साथ पारा 16.8 डिग्री रहा। भोपाल में रात का पारा 1.4 बढ़कर 15.4, पचमढ़ी और ▶▶ शेष पेज 4 पर


सशक्त किसान
समृद्ध मध्यप्रदेश
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
अन्नदाता को एमएसपी की गारंटी
सोयाबीन भावांतर योजना
अंतर्गत
1.34 लाख
किसानों को
₹249 करोड़
की राशि का अंतरण
इनगोरिया - देपालपुर मार्ग
निर्माण का भूमिपूजन
₹264 करोड़ के
विकास कार्यों का
भूमिपूजन एवं लोकार्पण
अब तक
4.39 लाख किसानों द्वारा
7.85 लाख मीट्रिक टन
सोयाबीन का विक्रय
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
26 नवम्बर, 2025
अपराह्न 1:00 बजे
गौतमपुरा, जिला इंदौर
D-11150/25
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





**सुबह 11.50 बजे** अभिजीत मुहूर्त में पीएम मोदी ने दाएं से बाएं घुमाई मशीन और मंदिर के शीर्ष पर फहराया ध्वज

### प्राण प्रतिष्ठा के 673 दिनों बाद हुआ ध्वजारोहण

### 2 किलो की केसरिया ध्वजा 161 फीट ऊंचे शिखर पर फहरी, पीएम मोदी ने हाथ जोड़े, हुए भावुक

# बोले-अब मानसिक 'गुलामी से मुक्ति' का लक्ष्य कुछ लोगों ने तो राम को भी काल्पनिक बता दिया

मोदी ने 32 मिनट भाषण दिया, सियावर राम चंद्र की जय से संबोधन की शुरुआत की

पीएम ने ध्वजारोहण कर राष्ट्र को सनातन परंपरा की अखंडता, आस्था और सांस्कृतिक स्वाभिमान का संदेश दिया



» देश-दुनिया के करीब आठ हजार लोग आमंत्रित किए गए थे

» 1000 क्विंटल फूलों से सजाया गया श्रीराम मंदिर

» रामलला ने सोने और रेशम के धागों से बने पीतांबर वस्त्र धारण किए

## यह ध्वज प्रेरणा देगा कि प्राण जाए पर वचन न जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अयोध्या

निर्धारित शुभ मुहूर्त में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर के मुख्य शिखर पर धर्मध्वज फहराया। जैसे ही केसरिया ध्वज पवन के संग लहराया, पूरा परिसर 'जय श्री राम' के उद्घोष से गूंज उठा।

क्षण भर में वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया और श्रद्धालुओं की भावनाएं उमंग में बदल गईं। धर्मध्वज फहराने से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यापक पूजन-अर्चन सम्पन्न हुआ। यज्ञकुंडों से उठती आहुतियों की सुगंध और नगाड़ों की गूंज ने समारोह को भव्यता प्रदान की। पीएम ने ध्वजारोहण कर राष्ट्र को सनातन परंपरा की अखंडता, आस्था और सांस्कृतिक स्वाभिमान का संदेश दिया। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच राम नगरी उत्सव के रंग में डूबी रही। मंदिर परिसर से लेकर सरयू तट तक हर ओर दीप, पुष्प और रंगोलियों से सजा माहौल इस ऐतिहासिक उत्सव का साक्षात अनुभव करा रहा था। चार से पांच मिनट के संक्षिप्त ध्वजारोहण अनुष्ठान में वैदिक मंत्रोच्चार ⏩ शेष पेज 4 पर

पीएम ने कहा कि सदियों के घाव भर रहे हैं, सदियों की वेदना विराम पा रही है। सदियों से आस्था डिगी नहीं, एक पल भी विश्वास टूटा नहीं। धर्म ध्वजा केवल ध्वजा नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है। आने वाले सदियों तक यह ध्वज प्रभु राम के आदर्शों का उद्घोष करेगा। यह ध्वज प्रेरणा देगा कि प्राण जाए पर वचन न जाए। अयोध्या वह ⏩ शेष पेज 4 पर



मंच पर बाएं से महंत नृत्य गोपाल दास, आनंदी बेन, पीएम मोदी, सीएम योगी और आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवत

### 190 साल पहले 1835 में लॉर्ड मैकाले ने मानसिक गुलामी की नींव रखी थी

पीएम ने कहा कि आज से 190 साल पहले 1835 में लॉर्ड मैकाले ने मानसिक गुलामी की नींव रखी थी। 2035 में उस अपवित्र घटना को 200 साल पूरे हो रहे हैं। हमें आने वाले 10 सालों में भारत को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करना है। मैकाले ने जो सोचा था, ⏩ शेष पेज 4 पर

### भागवत बोले- जिन्होंने प्राण अर्पण किए, अब उनकी आत्मा तृप्त हुई

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा- राम मंदिर आंदोलन में लोगों ने अपने प्राण अर्पण किए। आज



उनकी आत्मा तृप्त हुई होगी। आज वास्तव में अशोक जी को वहां शांति मिली होगी। उन्होंने अपने प्राण अर्पण किए और अपना पसीना बहाया। जो पीछे रहे, वे भी मन में इच्छा करते रहे कि मंदिर बनेगा और आज मंदिर निर्माण की शास्त्रीय प्रक्रिया पूर्ण हो गई। ध्वजारोहण हो गया हमने इसे अपनी आंखों से देखा है। रथ चलाने के लिए ⏩ शेष पेज 4 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### सेलिना ने तलाक के साथ मांगे 50 करोड़

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सेलिना जेटली ने मुंबई कोर्ट में अपने पति पीटर हाग के खिलाफ घरेलू हिंसा का केस फाइल किया है। तलाक के साथ 50 करोड़ मांगे हैं। पति पर घरेलू हिंसा, क्रूरता और हेरफेर का आरोप लगाने वाली शिकायत को अंधेरी में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश किया गया। 12 दिसंबर को सुनवाई होगी।



पहले की फोटो

### आईसीसी टी20 विश्व कप 7 फरवरी से

**मुंबई।** आईसीसी टी20 विश्व कप का कार्यक्रम मंगलवार को घोषित हो गया है। 20 टीमों के बीच खेले जाने वाले इस वैश्विक टूर्नामेंट की मेजबानी भारत और श्रीलंका करेंगे। भारत इस टूर्नामेंट में खिताब बचाने के इरादे से उतरेगा। भारत ने 2024 में दक्षिण अफ्रीका को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी। ⏩ पढ़ें पेज 13 भी



### सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# हिरासत में हिंसा और मौत सिस्टम पर धब्बा, देश नहीं करेगा बर्दाश्त



» केंद्र ने अब तक पेश नहीं किया हलफनामा

» पूछा- केंद्र सरकार इस अदालत को हल्के में क्यों ले रही है?

» केंद्र ने तीन हफ्ते के भीतर हलफनामा देने का वादा किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस हिरासत में हिंसा और मौतें हमारी व्यवस्था पर एक बड़ा दाग हैं और देश अब इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगा।

सुप्रीम कोर्ट एक मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई कर रहा है, जो देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी के ठीक से न चलने से जुड़ा है। अदालत ने इस दौरान राजस्थान में आठ महीनों में 11 हिरासत मौतों पर गहरी चिंता जताई। दो जजों की बेंच न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता ने मामले में कहा कि हिरासत में मौतें नहीं हो सकतीं।

वहीं, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हिरासत में मौत को कोई भी व्यक्ति सही नहीं ठहरा सकता। लेकिन कोर्ट इस बात से नाराज हुआ कि केंद्र सरकार ने अब तक अपना अनुपालन रिपोर्ट दाखिल नहीं किया है। अदालत ने इस पर तीखा सवाल किया और पूछा -केंद्र इस अदालत को हल्के में क्यों ले रही है? इसके बाद केंद्र ने तीन हफ्ते के भीतर हलफनामा देने का वादा किया। अगर रिपोर्ट नहीं दी गई, तो उन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के गृह विभाग के प्रमुख सचिव को कोर्ट में पेश होना पड़ेगा। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि मध्य प्रदेश ने बेहद अच्छा काम किया है, हर पुलिस स्टेशन और चौकी को डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम से लाइव जोड़ा गया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने मप्र की तारीफ की

शीर्ष कोर्ट ने कहा कि मध्य प्रदेश ने बेहद अच्छा काम किया है, हर पुलिस स्टेशन और चौकी को डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम से लाइव जोड़ा गया है। इसे बेंच ने काबिल-ए-तारीफ बताया।

### सीसीटीवी लगाने के पुराने आदेश और धीमी प्रगति

सुप्रीम कोर्ट ने 2018 और 2020 में आदेश दिया था कि सभी पुलिस थानों, सीबीआई, ईडी, एनआईए जैसी केंद्रीय एजेंसियों के दफ्तरों में फुल कवरेज वाले सीसीटीवी कैमरे और रिकॉर्डिंग सिस्टम लगाएं। लेकिन कोर्ट को बताया गया कि केवल 11 राज्यों ने ही अब तक अपनी रिपोर्ट दाखिल की है। कई राज्य और केंद्र के कई विभागों ने अब तक कोई जानकारी नहीं दी। तीन केंद्रीय एजेंसियों में सीसीटीवी लग चुके हैं, लेकिन बाकी अभी भी पीछे हैं।



फाइल फोटो

### अमेरिका की मिसाल और 'ओपन एयर जेल' की चर्चा

मामले की सुनवाई के दौरान बातचीत में अमेरिका के मॉडल का जिक्र आया, वहां सीसीटीवी की लाइव स्ट्रीमिंग भी होती है और कुछ निजी जेलें भी हैं। सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट को बताया कि कुछ समय पहले एक सुझाव आया था कि सीएसआर फंड से प्राइवेट जेल बनाई जाएं। इस पर कोर्ट ने कहा कि वह पहले से ही ओपन एयर प्रिजन मॉडल पर एक केस देख रहा है, जो भीड़भाड़ की समस्या, जेलों में हिंसा जैसे मुद्दों को कम कर सकता है।

### ...तो, प्रदेश के गृहसचिवों को होना होगा पेश

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया, जो राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अभी तक रिपोर्ट नहीं दे पाए हैं, उन्हें तीन हफ्तों में हर हाल में अपनी जानकारी देनी होगी। अगर रिपोर्ट नहीं दी गई, तो उन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के गृह विभाग के प्रमुख सचिव को कोर्ट में पेश होना पड़ेगा। केंद्र सरकार से कोर्ट ने कहा कि यदि केंद्रीय एजेंसियों ने पालन नहीं किया तो उनके निदेशक को बुलाया जाएगा। शीर्ष कोर्ट ने पूरे मामले को 16 दिसंबर के लिए सूचीबद्ध किया है। तब तक सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और केंद्र को अपनी-अपनी रिपोर्ट हर हाल में जमा करनी होगी।

### एसआईआर का ऐसा दबाव

# दो बीएलओ की मौत...गांव में मतदाताओं से प्रपत्र भरवा रहे थे

### किसी अधिकारी का फोन आया और तबीयत बिगड़ी



अनिता नागेश्वर



मनीराम नापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर/बालाघाट

सोहागपुर तहसील अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बांध टोला, संकुल कोटमा में पदस्थ 54 वर्षीय प्राथमिक शिक्षक मनीराम नापित की सोमवार शाम हृदयघात से हुई मौत ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। मृतक शिक्षक चुनाव कार्य के तहत मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में बीएलओ अपना दायित्व निभा रहे थे। सोमवार शाम वे पतेरिया गांव में मतदाताओं से प्रपत्र भरवा रहे थे, तभी किसी अधिकारी का फोन आया। फोन काटते ही उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी और उन्होंने तत्काल अपने बेटे आदित्य नापित को फोन किया। बेटे ने बताया कि वह तत्काल वाहन लेकर मौके पर पहुंचा और पिता को घर लाया लेकिन हालत और बिगड़ने पर वे उन्हें चार पहिया वाहन से मेडिकल कॉलेज ले गए लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। वहीं, दूसरी तरफ मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में जुटी बालाघाट की एक महिला बीएलओ की सोमवार देर रात मौत हो गई। मृतका अनिता नागेश्वर 13 नवंबर से गोंदिया के निजी अस्पताल में आईसीयू में भर्ती थीं।

सोमवार रात हालत बिगड़ने पर उन्हें नागपुर रेफर किया गया था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। बताया गया कि वह पीलिया और टायफाइड से पीड़ित थीं। कर्मचारियों ⏩ शेष पेज 4 पर

### पत्नी बोली- पति काफी दबाव में थे

पत्नी ममता का कहना है कि पति कई दिनों से दबाव में थे, रात-रातभर फॉर्म भरने और डिजिटाइजेशन का काम करना पड़ रहा था। सेहत को देखते हुए अनिता की पुत्री ने अपनी मां के अवकाश का आवेदन दिया था, जिसे स्वीकृत कर लिया गया था। गौर हो कि अब तक मप्र में विभिन्न कारणों से करीब एक दर्जन बीएलओं की मौत हो चुकी है।

### सरकारी फ्लैट में रहती थीं कविता कड़ेला

# विदिशा में तीसरी मंजिल से गिरीं नायब तहसीलदार, मौत

पुलिस ने पूरा राजस्व परिसर सील किया

हादसा या आत्महत्या दोनों ही एंगल से पुलिस कर रही जांच



कविता कड़ेला (मृतक)



जिला अस्पताल में उपचार के दौरान ले जाते हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राजस्व परिसर में अधिकारियों के लिए बनाए गए शासकीय भवन की बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से गिरकर नायब तहसीलदार कविता कड़ेला की मौत हो गई।

पुलिस प्रशासन ने पूरे राजस्व परिसर को सील कर दिया है। पुलिस सुसाइड और हादसा, दोनों ही एंगल से जांच रही है। जानकारी के मुताबिक कविता काड़ले अपने सरकारी आवास की तीसरी मंजिल की छत पर थीं, तभी अचानक नीचे गिर गईं। तत्काल उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल के डॉक्टर प्रशांत जैन ने बताया कि कविता को गंभीर चोटों के साथ लाया गया ⏩ शेष पेज 4 पर

### 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म : रायसेन के गौहरगंज थाने के सामने 3 दिन से प्रदर्शन जारी

दुष्कर्म का आरोपी 4 दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

# आरोपी पर इनाम 30 हजार किया, घने जंगल में ड्रोन से सर्चिंग में भी पकड़ में नहीं आ रहा दरिंदा

### रात में कड़ाके की ठंड के बावजूद युवतियां और महिलाएं धरने से नहीं उठीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल/औबेदुल्लागंज

रायसेन के गौहरगंज में 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी 4 दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। आरोपी के एनकाउंटर की मांग को लेकर लोग तीन दिन से गौहरगंज थाने के सामने धरना दे रहे हैं। रात में कड़ाके की ठंड के बावजूद युवतियां और महिलाएं धरने से नहीं उठीं। आरोपी पर इनाम बढ़ाकर 30 हजार रुपए ⏩ शेष पेज 4 पर



गौहरगंज में लोग धरना प्रदर्शन करते हुए

### ⏩ थाने के सामने प्रदर्शनकारियों की संख्या बढ़ी

मंगलवार दोपहर में गौहरगंज थाने के सामने प्रदर्शनकारियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। यहां ज्यादातर महिलाएं न्याय की मांग को लेकर बैठी हैं। मंडीदीप अल्पसंख्यक मार्चा के जिला ⏩ शेष पेज 4 पर

कानून व्यवस्था पर सीएम सख्त

### रायसेन एसपी पीएचक्यू अटैच आशुतोष को जिम्मा, टीआई मिसरोद भी लाइन हाजिर

मंगलवार को देर शाम मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पुलिस मुख्यालय में अफसरों के साथ बैठक की है। रायसेन में 6 साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अफसरों पर गाज गिरी है। मिसरोद टीआई संदीप पवार को लाइन अटैच करने के लिए निर्देश दिए ⏩ शेष पेज 4 पर

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 26 नवंबर 2025

06 पटवा ने लोगों से की अपील: पीड़ित के दोषी को .....



07 5 माह से हाउसिंग बोर्ड जनता क्वार्टर में रहने.....





भोपाल समेत प्रदेश में बढ़ती गुंडागर्दी पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव रात में अचानक पहुंचे पीएचक्यू

# सीएम बोले-किसी भी अपराधी को बख्शें नहीं गुंडे-बदमाशों पर कठोर से कठोर करें कार्रवाई

## भोपाल कमिश्नर मिश्र ने टीला जमालपुरा समेत दो थाना प्रभारियों को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश में लगातार बढ़ रही गुंडागर्दी और जघन्य अपराधों को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार रात 8 बजे अचानक पुलिस मुख्यालय पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कानून और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान भोपाल में लगातार हो रही आपराधिक वारदात पर भोपाल पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र से जवाब तलब किया। डॉ. यादव ने पूछा कि भोपाल में इस तरीके की वारदातें क्यों हो रही है। उन्होंने सभी वारदात की जानकारी ली। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल में लगातार आपराधिक मामले सामने आ रहे हैं। पुलिस आखिर इन घटनाओं को रोकने के लिए क्या काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने पुलिस कमिश्नर मिश्र से कहा कि पहले खुद उन्हें पेट्रोलिंग में उतरने की जरूरत है साथ ही अधिकारियों को भी बीट स्तर तक तैयार करें।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पुलिस सड़कों पर दिखाई दें। किसी भी अपराधी को छोड़े नहीं, उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। रात के समय गश्त और पेट्रोलिंग बढ़ाने की जरूरत है। ढिलाई किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी निरीक्षण करें। लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लें। मुख्यमंत्री यह भी कहा है कि अभी तो समीक्षा हुई है। देर रात का ही अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, डीजीपी कैलाश मकवाना, एडीजी इंटेलीजेंस, सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- सीएम ने कहा रात में पुलिस कमिश्नर खुद पेट्रोलिंग करें, साथ में अधिकारियों को बीट पर करें तैनात
- सख्ती बरतने के निर्देश दिए




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएचक्यू में प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा की।

### गश्त और पेट्रोलिंग बढ़ाएं, ढिलाई किसी हालत में बर्दाश्त नहीं होगी

गौहरगंज दुष्कर्म मामले में आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को फटकार लगाई। मंडीदीप में चक्का जाम पर पुलिस की ढीली कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि दूसरे जिलों में पुलिस मुख्यालय की तरफ से घटनाओं की समीक्षा की जाए। डीजीपी कैलाश मकवाना से मुख्यमंत्री ने 10 मिनट अलग से चर्चा कर कहा कि रायसेन के मामले में जल्द से जल्द एक्शन होना चाहिए। आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। प्रदेश में कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने की पुलिस के ऊपर बहुत चुनौती है। ऐसे में पुलिस अधीक्षक से लेकर आईजी को भी कानून व्यवस्था के लिए सख्ती के निर्देश दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी अपराधी को छोड़े नहीं, उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए।



पीएचक्यू में मीडिया से चर्चा करते मुख्यमंत्री।

### मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था को लेकर डीजीपी से मांगी रिपोर्ट

प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यदव ने डीजीपी कैलाश मकवाना से रिपोर्ट मांगी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लगातार घटनाओं की समीक्षा की जाए। इसके साथ ही जिन घटनाओं पर पुलिस की तरफ से लापरवाही बढ़ती गई है, उनके खिलाफ एक्शन दिया जाए। भोपाल सहित पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। डीजीपी ने कहा कि एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट तैयार करेंगे। माना जा रहा है कि डीजीपी कॉन्फ्रेंस से पहले प्रदेश के हालातों को लेकर मुख्यमंत्री कई अफसर के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

रात-रात भर जागकर घर में बैठकर काम कर रहे बीएलओ

# बीएलओ एप में बफरिंग, गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन अटका

**ऑपरेटर्स की कमी से दस हजार से अधिक फार्म अटके**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के काम में बीएलओ एप फिर परेशानी का सबब बनता जा रहा है। अधिकतर बीएलओ जैसे ही एप्प में गणना पत्रकों के डिजिटाइज करने का काम शुरु करते हैं, मोबाइल स्क्रीन पर बफरिंग शुरु हो जाती है। बीएलओ को दस से पंद्रह मिनट तक एक फार्म के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। जिसकी वजह से गणना पत्रकों के डिजिटाइज करने का काम पिछड़ रहा है। मंगलवार तक राजधानी में 45 फीसदी काम ही डिजिटाइज किया जा सका। जबकि दस हजार से अधिक गणना पत्रक अपलोड नहीं हो पाए। ऐसे में बीएलओ को रात में बैठकर काम करना पड़ेगा।

जिले के 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं पर किए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के लिए 2029 बीएलओ को फील्ड में उतारा गया है। इनमें से करीब 58 हजार मतदाता की जानकारी ही नहीं मिल रही है, ऐसे में बीएलओ अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी और स्थानीय लोगों की मदद से इन लोगों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। चूंकि अब 4 दिसंबर में 9 दिन ही शेष बचे हैं, ऐसे में बीएलओ सहित वॉलेंटियर्स ने काम तेज कर दिया है।



बीएलओ वालंटियर्स से चर्चा करते अधिकारी। इंसेट में मोबाइल में बीएलओ एप चलाने में हो रही परेशानी।

### सख्ती बरकरार: 22 दिन में 10 फीसदी काम करने वाला बीएलओ सस्पेंड

*एसआईआर के काम को लेकर जिला निर्वाचन कार्यालय की सख्ती बरकरार है। जिसके तहत मंगलवार को उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के बूथ नंबर-82 के बीएलओ अजी सिंह बुंदेला को सस्पेंड कर दिया है। बुंदेला ने पिछले 22 दिन में दस फीसद गणना पत्रकों को डिजिटाइज किया था। जिसको लेकर उन्हें लगातार निर्देश दिए जा रहे थे। टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा ने बताया कि बिजली कंपनी के कर्मचारी बुंदेला को बूथ में एसआईआर के काम की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिसके तहत उन्होंने अब तक दस फीसद गणना पत्रक डिजिटाइज किए। लगातार निर्देश देने के बाद भी काम नहीं करने पर बीएलओ को सस्पेंड करने का प्रस्ताव कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को भेजा गया था।*

### बीएलओ एप की यही रफ्तार रही तो 6 लाख मतदाता छूटेंगे

वर्तमान में बीएलओ एप और कंप्यूटर ऑपरेटर्स की कमी को देखते हुए बीएलओ एप में काम की रफ्तार धीमी है। ऐसे में यही रफ्तार रही, तो 4 दिसंबर तक 6 लाख मतदाताओ के गणना पत्रक डिजिटाइज होना मुश्किल नजर आ रहा है। हालांकि उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि डिजिटाइज करने के लिए बीएलओ लगातार प्रयास कर रहे हैं। रात में भी डिजिटाइज करने का काम किया जा रहा है। कुछ बीएलओ सुबह जल्दी उठकर भी काम करते हैं।

**12 लाख मतदाताओं के गणना पत्रक शेष**

जिले के 2029 बीएलओ फील्ड में काम कर रहे हैं। हालांकि शुरुआती काम की रफ्तार धीमी होने की वजह से बीएलओ पर काम का प्रेशर बढ़ गया है। मंगलवार शाम तक करीब 12 लाख गणना पत्रक भरने शेष हैं। ऐसे में प्रत्येक बीएलओ को रोजाना कम से कम सौ गणना पत्रक डिजिटाइज करना पड़ेंगे, तभी वह अगले 9 दिनों तक काम पूरा कर पाएंगे।

**शहर में 58 हजार वोटर्स नहीं मिले**

बीएलओ को गणना पत्रक बांटने में अब तक करीब 58 हजार वोटर्स अपने तय पते पर नहीं मिले हैं, जिनकी तलाश के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और नगर निगम की टीम सर्चिंग में लगी है। ऐसे में इन मतदाताओं से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

# पहलगाम हमले में फंसाने की दी धमकी, तनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**साइबर जालसाज ने ठगी की कोशिश की**

पहलगाम हमले से जुड़ी फंडिंग और साजिश में फंसाने की धमकी ने शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता को इस कदर मानसिक तनाव में डाल दिया कि उन्होंने आत्महत्या का कदम उठा लिया।

बदमाश ने फोन पर उन्हें झूठी आतंकवादी साजिश में शामिल बताकर ठगी की कोशिश की थी। तनाव के चलते अधिवक्ता ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जहांगीराबाद थाना प्रभारी मानसिंह के अनुसार बरखेड़ी इलाके में रहने वाले 68 वर्षीय शिवकुमार वर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता थे। उनका बेटा पुणे में और बेटी दिल्ली में रहती है। पत्नी बीमारी के इलाज के लिए पिछले दिनों दिल्ली गई हुई थीं, जिसके कारण वर्मा कुछ दिनों से घर में अकेले रह रहे थे। सोमवार रात करीब साढ़े 7 बजे उन्होंने अपने घर में फांसी लगा ली। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस को मौके से सुसाइड नोट मिला

पुलिस को मौके से सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें वर्मा ने लिखा है कि कुछ दिनों पहले एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था। कॉल करने वाले ने धमकी देते हुए कहा था कि उनका नाम पहलगाम आतंकी हमले की साजिश में सामने आया है और उनके बैंक खाते से फंडिंग की बात भी कही गई। इस कॉल के बाद से वह तनाव में थे। पुलिस का शक है कि उन्हें आतंकी साजिश में फंसाने का डर दिखाकर धोखाधड़ी की कोशिश की गई थी।

निमार्णाधीन भवनों के काम तेजी से पूरा करने के निर्देश

# नादरा और पुतलीघर बस स्टैंड आरिफ नगर के नए बस टर्मिनल में होंगे शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर का 50 साल से ज्यादा पुराना नादरा बस स्टैंड और पुतलीघर बस स्टैंड जल्द ही आरिफ नगर के नए बस टर्मिनल में शिफ्ट होंगे। नगर निगम प्रशासन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। महापौर और महापौर परिषद ने निर्माणाधीन कामों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

हालांकि महापौर यहां का निरीक्षण करने वाली थीं, लेकिन किन्हीं कारणों से वे निरीक्षण नहीं कर पाईं। पुराने शहर के दोनों बस स्टैंड बदहाली से घिरे हैं। गंदगी, बदबू और अव्यवस्थित यातायात के बीच रोज 5 हजार से ज्यादा यात्री यहां से आवाजाही कर रहे हैं। स्टैंड का पुराना परिसर जर्जर हो गया है। इसी तरह पुतलीघर बस स्टैंड तो केवल नाम का बचा है। यहां तो बसों का संचालन ही रोड से हो रहा है। नए बस टर्मिनल में शिफ्ट होने से सभी समस्याएं दूर हो जाएंगी और यात्रियों को व्यवस्थित बस स्टैंड की सुविधा मिलेगी।

**300 बसों का हो रहा है संचालन**

*दोनों बस स्टैंड से रोज 400 बसों का संचालन होता है। नादरा बस स्टैंड से करीब 160 बसें विभिन्न रूटों पर चलती हैं। यहां से इंदौर, सागर, जबलपुर, विदिशा, सांची, सलामतपुर, सिलवानी रूटों पर बसों का संचालन होता है। इस तरह पुतली घर से बैरसिया, शमशाबाद, सीरोंज, नरसिंहगढ़, पचौर, जीरापुर के लिए बसें चल रही हैं।*

### बस टर्मिनल मार्च तक बनकर हो जाएंगे तैयार

महापौर परिषद के सदस्य मनोज राठौर का कहना है कि शहर में बन रहे दोनों बस टर्मिनल मार्च-26 तक बनकर तैयार हो जाएंगे। आरिफ नगर में लगभग काम पूरा हो चुका है। यहां पुतलीघर और नादरा बस स्टैंड शिफ्ट होंगे।

जीएमसी के डॉक्टरों ने किया ट्रांसप्लांट

# किडनी दान कर पत्नी ने बचाई पति की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपने सुहाग को बचाने के लिए एक पत्नी ने अपने पति को किडनी दान कर नया जीवन दिया। मरीज को छह महीने पहले किडनी की बीमारी का पता चला था और वह डायलिसिस करा रहे थे। जब डॉक्टरों ने ट्रांसप्लांट की सलाह दी, तो केवल पत्नी ही डोनर के रूप में उपलब्ध थी। पत्नी ने तत्काल पति की जान बचान के लिए एक किडनी देने का निर्णय लिया। गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में मरीज का किडनी ट्रांसप्लांट किया गया। बता दें कि जीमएसी में अब तक 11 रीनल ट्रांसप्लांट हो चुके है। इस पूरी प्रक्रिया में डीन डॉ. कविता सिंह, अधीक्षक डॉ. सुनित टंडन और डॉ. आरपी कौशल का विशेष योगदान रहा।

किडनी विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु शर्मा, डॉ. आरआर बर्डे, प्रत्यारोपण सर्जन डॉ. सौरभ जैन, डॉ. अमित जैन, डॉ. समीर व्यास, डॉ. नरेंद्र कुर्मी, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. आरपी कौशल, डॉ. बृजेश कौशल, डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, डॉ यशवंत धावले और जूनियर डॉक्टर डॉ. सौरभ, डॉ. अजय, डॉ. स्कंद, डॉ. अभिषेक, डॉ. शिवम, डॉ. शुभम, डॉ प्रसून, डॉ उत्कर्ष डॉ. शिवासमय, डॉ अल्फिया, डॉ गजेंद्र, डॉ सोनू ने मिलकर इस जटिल ऑपरेशन को अंजाम दिया।



**आयुष्मान योजना के तहत हुआ निःशुल्क इलाज**

*यह ऑपरेशन आयुष्मान भारत योजना के तहत किया गया, जिससे मरीज को आर्थिक बोझ नहीं झेलना पड़ा। आयुष्मान योजना से बाहर आने वाले मरीजों को भी यह सुविधा मामूली शुल्क पर दी जाएगी।*

**डॉ. कविता एन सिंह**
*डीन, जीएमसी*

### जबलपुर के मरीज को छह महीने पहले किडनी रोग का पता चला

जबलपुर निवासी 51 वर्षीय अनुज कुमार (बदला हुआ नाम) को छह महीने पहले ही पता चला की वह किडनी रोग से पीड़ित हैं। किडनी की खराबी के चलते उनका डायलिसिस शुरू किया गया। अनुज को परिजन इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर आए। इलाज के दौरान मरीज ने किडनी ट्रांसप्लांट के लिए इच्छा जताई। डोनर के रूप में उनकी पत्नी ही उपलब्ध थी।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्याश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण**- 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि




HF-Deluxe

एक्स-शोरूम कीमत
~~₹62 938~~ ₹58 020#

GST लाभ
₹4 918

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^
HDFC BANK क्रेडिट कार्ड
FESTIVE TREATS
Powered by pine labs

+

प्रतिदिन EMI ₹59$ से शुरू

डाउन पेमेंट ₹999$ से शुरू

कैश बोनस ₹2500~ तक

विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹2 200~ तक

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife
पाएं जीतने का मौका
100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का
और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*

Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of HF Deluxe Kick in Madhya Pradesh.

TOLL FREE
1800 266 0018

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागर: सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्डः शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरूल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरूण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली: श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरु नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिण्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342

## जैकेट का शेष....

### कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें..

भारत ही नहीं, यमन, ओमान और उत्तरी पाकिस्तान तक पहुंची है। एयर इंडिया ने कहा है कि टिकटों का पूरा रिफंड और बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के री-बुकिंग की सुविधा भी दी जा रही है। इंडिगो की कन्नूर–अबू धाबी उड़ान (6 ई 1433) को राख के कारण अहमदाबाद की ओर मोड़ना पड़ा।

### मध्य भारत के ....

अब ओमान-अरब सागर क्षेत्र से होते हुए उत्तर और मध्य भारत के मैदानी इलाकों की ओर बढ़ रहा है। यह प्लम मुख्य रूप से सल्फर डाइऑक्साइड (एसओ टू) गैस से भरा हुआ है, जबकि ज्वालामुखी की राख की मात्रा कम से मध्यम स्तर की है।

### फैंस को अंतिम ...

हुआ। धर्मेंद्र जब पंचत्तत्व में विलीन हो रहे थे, तभी उनके निधन की जानकारी सामने आई। जब तक धरम पाजी के निधन की खबरें फैलती तब तक उनका पार्थिक शरीर पंचतत्व में विलीन हो चुका था। धर्मेंद्र 2004 से 2009 के बीच बीकानेर से सांसद रहे। उन्हें 2012 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। आमतौर पर पद्म अवॉर्डी का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाता है। धर्मेंद्र को राजकीय सम्मान दिया गया या नहीं, ये साफ नहीं है। मीडिया को अंदर जाने की अनुमति नहीं थी। बाहर मौजूद रहे रिपोर्टर्स ने भी गार्ड ऑफ ऑनर नहीं सुना। श्रीदेवी को पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। उनका निधन 24 फरवरी 2018 को दुबई में हुआ था। 4 दिनों बाद पार्थिव शरीर भारत लाया गया और 28 फरवरी 2018 को उनका अंतिम संस्कार हुआ। पद्मश्री अवॉर्डी श्रीदेवी का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ हुआ था।

### ब्राह्मण बेटियों वाले...

किया गया है। इधर, मंत्रालय अधिकारी-कर्मचारी संघ ने आईएएस अफसर संतोष वर्मा के विवादित बयान के विरोध में कार्रवाई की मांग का ज्ञापन सौंपा। संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक के नेतृत्व में यह ज्ञापन डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला को दिया गया। साथ ही जीएडी के कार्मिक सचिव एम सेलवेंद्रम को भी ज्ञापन दिया गया है।

सपाक्स के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. हीरालाल त्रिवेदी ने कहा- इससे घटिया, निकृष्ट और निंदनीय स्टेटमेंट कोई और नहीं हो सकता। जो अपनी बेटी और दूसरे की बेटी में इतना फर्क करता हो, उसके लिए कोई शब्द नहीं है। अजाक्स हो, सपाक्स हो या अपाक्स हो, कोई भी वर्ग वाले हों, ऐसे लोगों का बहिष्कार होना चाहिए। सरकार को भी इन्हें बाहर करना चाहिए क्योंकि ऐसे आदमी को सार्वजनिक पद पर रहने का अधिकार नहीं है। पुलिस को एफआईआर दर्ज कर इसे गिरफ्तार करना चाहिए

उधर, राष्ट्रीय सनातन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवती प्रसाद शुक्ल ने कहा कि आईएएस वर्मा आतंकवादी है। उसका जो भी मुंह काला करेगा, हम उसे 51 हजार रुपए का इनाम देंगे। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा- कुछ जातिवादी लोग हिंदू एकता को भंग करना चाहते हैं। अपराधी मानसिकता किसी की नहीं चलेगी। सनातन एकता रहेगी। हिंदू एक था, एक है और रहेगा। सब बेटियों का सम्मान है, सब बेटियां सुरक्षित हैं। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेंद्र मिश्र ने कहा कि जब तक आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा को निलंबित करके गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक ब्राह्मण समाज शांत नहीं बैठेगा। वहीं, इस बयान पर भोपाल हिंदू उत्सव समिति और संस्कृति बचाओ मंच ने भी कड़ा ऐतराज जताया है।

### प्रदेश में शीतलहर ....

9.6 और चित्रकूट 9.7 डिग्री रहा। इससे इन जिलों में रात में हल्की सर्दी महसूस की गई। दिन में बादल छाए रहने के साथ ही हवाओं में बदलाव से दिन के तापमान में प्रदेशभर में औसतन आधा डिग्री की कमी रही, जबकि रात का पारा औसतन एक डिग्री तक बढ़ा है। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार को भी प्रदेश में मौसम ऐसा ही रहेगा।

### कहां-कितना बढ़ा...

राजगढ़ में 2 से 3 डिग्री तक तापमान बढ़त रहने से अधिकांश जिलों में रात में सर्दी का असर नवंबर के अंतिम सप्ताह के लिहाज से काफी कम रहा है। उज्जैन, राजगढ़, दमोह और उमरिया में 2 डिग्री तक बढ़ा है। प्रदेश में अब रात का पारा सामान्य से औसतन 3 डिग्री अधिक और दिन का पारा सामान्य से औसतन 2 डिग्री तक कम दर्ज हुआ है। यह क्रम इस सप्ताह जारी रहेगा।

# कैलोरी की शूटिंग के दौरान थीं नर्वस



**मुंबई।** अभिनेत्री डॉली अहलूवालिया अपनी अपकमिंग फिल्म 'कैलोरी' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले इस फिल्म की इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) में स्क्रीनिंग हुई है। नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली एक्ट्रेस डॉली अहलूवालिया ने कहा कि यह रोल बहुत इमोशनल था और उन्होंने माना कि शूटिंग के दौरान वह नर्वस थीं। एएनआई से बात करते हुए अहलूवालिया ने बताया कि 'कैलोरी' टाइटल दिखाता है कि लोग अपने अतीत के दर्द और यादों के साथ कैसे जीते हैं। इस बारे में उन्होंने कहा, 'मेरे लिए कैलोरी का मतलब अनुभव और भावनाएं हैं और आप खाने के बजाय उन भावनाओं को कैसे पचाते हैं।'

# धर्मेंद्र की सादगी से सदाबहार बने ये गाने...



**मुंबई।** धर्मेंद्र के गाने सिर्फ सुने नहीं गए, उन्हें महसूस किया गया, जिया गया और उन पर थिरका गया, जिन्हें कई पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। यह कहानी उन्हीं सुरों की महक की है, जो आज भी 'पल पल दिल के पास' धड़कती है, जिन सुरों ने थिरकना सिखाया और दोस्ती की नई परिभाषा बनाई। मैं जट यमला पगला दीवाना, फिल्म- प्रतिज्ञा (1975), ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे, फिल्म- शोले (1975), पल पल दिल के पास, फिल्म- ब्लैकमेल (1973), कोई हसीना जब रूठ जाती है, फिल्म- शोले (1975), किसी शायर की गजल, फिल्म- ड्रीम गर्ल(1977), मैं तेरे इश्क में मर न जाऊं कहीं, फिल्म- लोफर (1973), अब के सजना सावन में, फिल्म- चुपके चुपके (1975), झिलमिल सितारों का आंगन होगा, फिल्म- जीवन मृत्यु (1970), आज मौसम बड़ा बेईमान है बड़ा-लोफर (1973)।

## पेज एक का शेष...

### बोले-अब मानसिक...

के बीच प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर ध्वज फहराया। करीब 8 हजार अतिथि समारोह के साक्षी बने, जिनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, , धर्मगुरु, व्यापार जगत के प्रमुख नाम, दलित, वंचित, किन्नर और अघोरी समुदाय के प्रतिनिधि शामिल रहे। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा-आज सदियों के घाव भर गए हैं। हम देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करके रहेंगे। यह मानसिकता इतनी हावी हो गई थी कि वर्षों तक भगवान राम को काल्पनिक बताया गया। ध्वजारोहण से पहले पीएम मोदी ने डॉ. मोहन भागवत के साथ मंदिर की पहली मंजिल पर बने रामदरबार में पूजा और आरती की। इसके बाद रामलला के दर्शन किए। पीएम रामलला के लिए वस्त्र और चंवर लेकर पहुंचे थे। पीएम ने साकेत कॉलेज से रामजन्मभूमि तक डेढ़ किमी लंबा रोड शो भी किया। इस दौरान स्कूली छात्रों ने काफिले पर फूल बरसाए और जगह-जगह महिलाओं ने उनका स्वागत किया।

### यह ध्वज प्रेरणा देगा ...

भूमि है, जहां आदर्श आचरण में बदलते हैं। यह वही भूमि है, जहां राम ने जीवन शुरू किया। इसी धरती ने बताया कि एक व्यक्ति अपने समाज की शक्ति से कैसे मर्यादा पुरुषोत्तम बनता है। जब भगवान यहां से गए तो युवराज राम थे, लौटे तो मर्यादा पुरुषोत्तम बनकर लौटे। हर कालखंड में राम के विचार ही हमारी प्रेरणा बने हैं। विकसित भारत की यात्रा को गति देने के लिए ऐसा रथ चाहिए, जिसके पहिये शौर्य और धैर्य हों। ऐसा रथ जिसकी ध्वजा नीति-नीयत से समझौता न करे। ऐसा रथ जिसके घोड़े बल, विवेक, संयम और परोपकार हों।

### 190 साल पहले 1835...

उसका प्रभाव व्यापक हुआ। हमें विकार आ गया कि विदेशी चीज अच्छी है, हमारी चीज में खोट है। हर कोने में गुलामी की मानसिकता ने डेरा डाला है। नौसेना के ध्वज पर ऐसे प्रतीक बने थे, जिनका हमारी विरासत से कोई संबंध नहीं था। हमने गुलामी के प्रतीक को हटाया है। हमारे राम भेद से नहीं, भाव से जुड़ते हैं। उनके लिए कुल नहीं, भक्ति महत्वपूर्ण है। जब देश का हर व्यक्ति सशक्त होता है तो संकल्प की सिद्धि में सबका प्रयास लगता है।

### भागवत बोले- जिन्होंने...

सात-सात घोड़े हैं, उन्हें नियंत्रित करने के लिए लगाम है। रस्सा नहीं है, सारथी नहीं है तो ऐसी गाड़ी नहीं चल सकती। शांति बांटने वाला भारतवर्ष खड़ा करना है.. यही विश्व की अपेक्षा है।

### दो बीएलओ की मौत...

की मौत के बाद तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त, नई दिल्ली के अलावा राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल को पत्र लिखा है। उन्होंने मांग की है जिस तरह से 2 दिन की मतदान ड्यूटी के दौरान मृत्यु पर 10 अप्रैल 2019 के आदेश के तहत कर्मचारी के निधन पर 15 लाख रुपए एवं घायल बीमार होने पर सरकारी खर्च पर इलाज की व्यवस्था है। वही व्यवस्था एक महीने चल रहे इस सर्वे के काम में भी होना चाहिए और जिन कर्मचारियों की सर्वे के दौरान मौत हुई है, उन्हें 15 लाख का मुआवजा मिलना चाहिए।

### विदिशा में तीसरी...

था। उनकी मौत पहले ही हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर अंशुल गुप्ता सहित कई प्रशासनिक अधिकारी अस्पताल व घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने तुरंत राजस्व परिसर को सील कर दिया और घटनास्थल का निरीक्षण शुरू किया।

छत के किनारों, सीढ़ियों और आसपास के हिस्सों में मिले संभावित निशानों की बारीकी से जांच की जा रही है। कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और तकनीकी जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि मामला आत्महत्या का है या दुर्घटना। कविता के परिजनों को सूचना दे दी गई है और उनके बयान भी जांच में अहम भूमिका निभाएंगे। कविता सांची रोड स्थित राजस्व परिसर में बने सरकारी फ्लैट में रहती थीं। इस घटना से प्रशासनिक महकमे में शोक का माहौल है।

### आरोपी पर इनाम...

कर दिया है। इससे पहले सोमवार को घटना के विरोध में उग्र प्रदर्शन किया गया था। डीआईजी प्रशांत खरे ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 20 टीमें लगाई गई हैं। करीब 4 हजार पुलिसकर्मी उसकी तलाश में जुटे हैं। बच्ची एम्स भोपाल में भर्ती है। डॉक्टरों का कहना है कि उसकी हालत में सुधार है।

**रायसेन से भोपाल तक आरोपी की तलाश:** एएसपी कमलेश खरपुसे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जवानों की टीमें तिलेन्डी, अमरथोन, चिकलोद, मुरारी, अंबाई सहित आसपास के इलाकों में सघन तलाशी अभियान चला रही हैं। फार्महाउस, खेत के टपरों, पोल्ट्री फार्म और तालाब के आसपास भी सर्चिंग की जा रही है। गौहरगंज के घरों और रास्तों के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। भोपाल और शाहगंज में भी आरोपी की तलाश जारी है। जहां-जहां आरोपी के ठिकाने है, वहां लगातार दबिश दी जा रही है।

### थाने के सामने ...

महामंत्री सलमान अली ने कहा कि हमारी तीन टीमें लगातार उस दरिंदे की तलाश में लगी हैं। जंगल में बसे गांवों में जाकर हम लोग छानबीन कर रहे हैं। हमारी कोशिश यही है कि किसी भी तरह जल्द से जल्द आरोपी को पकड़कर प्रशासन को सौंप दिया जाए। पूरा मुस्लिम समाज की यही मांग है कि बीच चौराहे पर खड़ा कर आरोपी को फांसी दी जाए।

### रायसेन एसपी पीएचक्यू...

हैं। मिसरोद टीआई पर आरोप है कि उन्होंने चक्काजाम करने वाले परिजनों पर लाठीचार्ज करने का आदेश दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीड़ित परिवार के लोगों पर लाठीजार्च करना गलत है।

वहीं रायसेन एसपी पंकज पांडे को तत्काल पुलिस मुख्यालय में अटैच करने के लिए डीजीपी कैलाश मकवाना को निर्देश दिए हैं। उनकी जगह भोपाल पुलिस उपायुक्त जोन एक के अफसर आशुतोष को रायसेन एसपी का जिम्मा सौंपा गया है। तीन दिन बाद भी आरोपी की पुलिस तलाश नहीं कर पाई है। साथ ही रायसेन की घटना में एसपी की भूमिका कार्रवाई की दिशा में बेहतर नहीं रही है।

# एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए : अमिताभ बच्चन

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार धर्मेंद्र का 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके साथी कलाकार और सदी के महानायक कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन ने उनके निधन पर भावुक पोस्ट की है और दुख जताया है। अमिताभ बच्चन ने एक्स पर एक पोस्ट में धर्मेंद्र के बारे में लिखा 'एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए। अपने पीछे वह एक सन्नाटा छोड़ गए। धरम जी। वह अपने आप में मिसाल थे। वह न सिर्फ अपनी शारीरिक मौजूदगी के लिए, बल्कि अपने बड़े दिल और बेहतरीन सादगी के लिए जाने जाते थे।

**आम-सूचना**

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार समीर मोहम्मद पुत्र स्व थी सगीर मोहम्मद आयु वयस्क निवासी ग्राम हताईखेडा तहसील हुजुर जिला भोपाल के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा क्रमांक 75/1/2/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/, 75/1/2/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/2, 75 / 1 / 2 /1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/2, 75/1/2/1/1/1/1/1/1/1/1/2 एवं अन्य खसरे जो स्तिथ ग्राम हताईखेडा मुख्य मार्ग से अन्दर वार्ड क्रमांक 62 विकास खण्ड फंदा तहसील हुजूर जिला भोपाल नगर निगम सीमा के अन्दर स्थित है। जिसकी अभिप्रमाणित पावर दिनांक 12/06/2019 को श्री मोहम्मद जुबेर पुत्र श्री अब्दुल रहमान आयु वयस्क निवासी 07 बैंक नगर फेस–2 अशोका गार्डन हुजूर, जिला भोपाल के पक्ष में अभिप्रमाणित पॉवर प्रदाय की गई थी जो उप पंजीयक कार्यालय क्रमांक MP059712019A4399540 पर दर्ज हैं जिसे मेरे पक्षकार द्वारा पूर्व में निष्पादित सभी दस्तावेजो को आज दिनांक 25/11/2025 को निष्पादन से इनकार किया जाता है विधि शुन्य घोषित करता हूँ पूर्व निष्पादन दस्तावेजो को पंजीयन नहीं किया जावे एवं मेरे द्वारा उक्त पॉवर को रजिस्टर्ड कैंसिल किये जाने बावत प्रस्तुत किया जा रहा है यदि उक्त पॉवर कैंसिल के संबंध में किसी बैंक सोसायटी, व्यक्ति, संस्था आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति अथवा लेन–देन या बात विवाद या हिवा, दान, गिरवी, वसीयत विक्रय अनुबंध विक्रय विलेख आदि हो तो वह इस आम सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में संपूर्ण साक्ष्य के साथ उपस्थित होकर मय दस्तावेज के आपत्ति प्रस्तुत करे समय अवधि व्यतित होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी तथा मेरा पक्षकार उक्त पॉवर कैंसिल कराने के लिये स्वंतत्र होगे।

प्रकाश चौकसे अधिवक्ता
ओम लॉ चेम्बर
कार्यालय पता एच.आई.जी.01 शॉप न. 01 सोनागिरी पिपलानी भोपाल. मो.न. 9827084825

संचालनालय
खेल और युवा कल्याण
टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल, मध्यप्रदेश
**ई-निविदा सूचना**

संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश, द्वारा **"विभागीय खेल परिसर/खेल अकादमी में आई.टी. के अंतर्गत प्रयुक्त होने वाली सामग्री/उपकरणों के क्रय हेतु"** ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें **www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध है। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

म.प्र. माध्यम/123205/2025 संचालक

**कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल**
उद्यान विभाग
कमला पार्क, भोपाल
क्र.452/उ.वि./2025-26 भोपाल दिनांक. 24/11/2025
II अभिरूचि का प्रदर्शन (Expression of inferest) II

नगर पालिक निगम भोपाल के अन्तर्गत अमृत 2.0 योजना अन्तर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं को "अमृत मित्र" के रूप में संलग्न कर ग्रीन स्पेस का संचालन एवं रखरखाव (O&M) का कार्य कराने हेतु इच्छुक राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) के अन्तर्गत पंजीकृत समूह से सीलबंद लिफाफे में आवेंदन दिनाँक 10/12/2025 सांय 05:00 तक आमंत्रित किये जाते है प्राप्त आवेदन 11/12/2025 को शाम 03:00 बजे खोले जायेगे। आवेदन पत्र शुल्क राशि 20.00/- (रुपये बीस मात्र) जमा करवाकर दिनाँक 09/12/2025 तक कार्यालयीन अवधि में उद्यान विभाग नगर निगम आचार्य नरेन्द्र देव पुस्ताकालय कमला पार्क भोपाल से प्राप्त किये जा सकते है विस्तृत विवरण एवं शर्ते कार्यलयीन समय में उद्यान विभाग आचार्य नरेन्द्र देव पुस्ताकालय कमला पार्क में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
उद्यान विभाग
नगर पालिक निगम भोपाल
सू.क्र. 2718/025/026

आवश्यकता है खरीदना है बेचना है व्यापार चिकित्सा ज्योतिष डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक


Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



M : 9009231973, 9424467620
HÄFELE Sleek Godrej Hettich
NEW SUPER KITCHENS
Customised & Affordable
• इटालियन किचन • जर्मन किचन • स्टेनलेस स्टील किचन
• बेड सोफा • पी.ओ.पी. सिलिंग • यू.पी.वी.सी. फर्निचर
• रिनोवेशन वर्क • वाटर प्रूफिंग • घर और ऑफिस के लिये फर्निचर
Plot number 157 Fortune Building,MP Nagar, Zone 1, Near Havells Gallery, Bhopal

## शब्द पहेली - 6059



**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव–5
4.गुंडा, बदमाश–3
6.समान–2
7.वारंट, निर्गमपत्र–3
8.पत्र, पाती–2
10.आश्रय–3
11.भेंट, पुरस्कार–4
14.अनुमान, अंदाज–3
16.जो लायक न हो–4
17.एक खलनायक–2
18.जीव, जीवन–2
19.जांचना–परखना–4
21.ख्वाब, स्वप्न–3
22.बलशाली–4
24.रेखा, पंक्ति–3
25.प्यार (अंग्रेजी में–2)
27.भाग्य, किस्मत–3
28.पैंतरा, पारी–2
29.डांट-डपट, घुड़की–3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा–5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम–5
2.सीता के पति–2
3.रोना, विलाप करना–4
4.सोच–विचार–3
5.जूं का अंडा–2
7.चाहने का भाव–2
9.भारत–पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक–3
12.दशानन–3
13.मधुशाला–4
15.गुजर–बसर–3
16.नामांकित–4
17.मसविदा, रुप–रेखा–3
18.गंवार–3
20.मन को भाने वाला–5
21.आसान, सीधा–3
22.बारिश–4
23.पागल–3
24.होठ, अधर–2
26.हत्या–2
28.अन्न का एक कण–2

**शब्द पहेली- 6058 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | हा | भा | र | त | | प | र | वा | ना |
| त | न | | स्क | | मा | हि | र | | र | ग |
| न | | त | र | क | श | | ख | र | | वा |
| ब | न्ध | क | | | बी | वी | | न | ज | र |
| द | | दी | | दा | न | | फां | | ल | |
| न | ज | र | बं | द | | न | सी | ब | वा | ला |
| | रु | | दी | | म | न | | च | | प |
| श | री | र | | जं | हा | | | प | गा | र |
| य | | न | म | | सा | ग | वा | न | | वा |
| फ | ल | | स | ज | ग | | च | | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | | र | द्द | क | र | ना | |

## सूडोकु नवताल - 6069

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6068 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## राशिफल

**मेष** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहें हैं।

**वृष** कारोबार से आय में वृद्धि होगी। मानसिक तनाव ये परेशान हो सकते हैं। खर्चों की अधिकता एवं आय में कमी से चिन्तित रहेंगे।

**मिथुन** कारोबार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**कर्क** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। कारोबार में सुधार होगा। भाग–दौड़ की अधिकता रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**सिंह** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी भी आ सकती है। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे।

**कन्या** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। खर्च की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

**तुला** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में कमी एवं खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन में प्रसन्नता के भाव रहेंगे।

**वृश्चिक** कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें।

**धनु** पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन कष्टमय रहेगा।

**मकर** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु परिवार में सामन्जस्य बनाये रखने के प्रयास करें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी।

**कुंभ** परिवार का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**मीन** परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मन में नकारात्मकता का प्रभाव रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत देश के मंत्री, विधायक, विधानसभा अध्यक्षों समेत प्रबुद्ध वर्ग ने जताई शोक संवेदनाएं

# स्व. कीर्तिनारायण द्विवेदी का देहावसान देश व समाज के लिए अपूरणीय क्षति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के



निधन पर छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश समेत देश के राजनैतिक दलों, सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की है। स्वर्गीय कीर्तिनारायण द्विवेदी हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद पं. बृजनारायण 'बृजेश' के मंझले पुत्र थे। लंबे समय तक वे मप्र शासन में कृषि विभाग में अधिकारी के रूप में सेवाएं देते रहे और अपने कार्यकाल में निष्ठा, सेवा भावना के लिए जाने जाते थे।

श्रद्धा सुमन

नेताओं-प्रबुद्ध वर्ग ने व्यक्त किया गहन दुख

मध्यप्रदेश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ भी दुख में डूबा

*स्व. कीर्तिनारायण द्विवेदी को मिले प्रभु के श्रीचरणों में स्थान*

आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने दुख व्यक्त कर शोक संवेदना व्यक्त की। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन से दुखी हूं। उनकी आत्मा को प्रभु के श्रीचरणों में स्थान मिले।



### परिवार को दुःख को सहन करने की क्षमता प्रदान करें ईश्वर

सहकारिता और खेल मंत्री विश्वास सारंग ने आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर दुख व्यक्त कर शोक जताया। उन्होंने कहा कि कीर्तिनारायण द्विवेदी के देवलोकगमन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। उनकी आत्मा को प्रभु अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिवार को इस दुःख की घड़ी को सहन करने की क्षमता प्रदान करें, ऐसी ईश्वर से प्रार्थना है।



### विधायक मसूद ने व्यक्त किया शोक

आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने शोक व्यक्त कर संवेदना जताई है। मसूद ने कहा कि हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन से दुखी हूं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि ऊपर वाला परिवार के लोगों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।



### भोपाल महापौर मालती राय ने जताई संवेदनाएं



आईएनएच न्यूज चैनल-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर महापौर मालती राय ने गहरा दुख व्यक्त किया है और दुख के इस पल में उनके परिजनों के साथ गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### कुलगुरु प्रो.जैन ने अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

आईएनएच न्यूज चैनल-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता



कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के कुलगुरू प्रो एसके जैन ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रो. जैन ने कहा कि श्री कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन से मुझे दुख पहुंचा। ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें। दुख की इस घड़ी में ईश्वर परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

### छग के सीएम, विस अध्यक्ष समेत इन नेताओं ने भी जताया शोक

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव, धरमलाल कौशिक, छग विस के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, भाजपा मप्र के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने शोक जताया।

### सांसद प्रतिनिधि सुनील यादव ने जताई शोक संवेदनाएं

सांसद प्रतिनिधि व भोजपाल महोत्सव मेले समिति अध्यक्ष सुनील यादव ने आईएनएच न्यूज चैनल-हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्ति नारायण द्विवेदी के देहावसान पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि परिजनों को इस दुःख को सहन करने और उससे उबरने की शक्ति प्रदान करें।

### सुभाष रायकवार ने निधन पर शोक व्यक्त किया

निषाद वंशीय मछुआ कल्याण समिति अध्यक्ष सुभाष रायकवार ने आईएनएच न्यूज चैनल-हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्ति नारायण द्विवेदी के देहावसान पर गहरा शोक व्यक्त किया है।



### निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने व्यक्त किया शोक

आईएनएच-हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के निधन पर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने गहरा दुख व्यक्त किया है। जैन ने दुख के इस पल में उनके परिजनों के साथ संवेदना व्यक्त की।



### दिवंगत आत्मा को भगवान अपने श्रीचरणों में स्थान दें: विष्णु राजौरिया

मध्यप्रदेश परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विष्णु राजौरिया ने आईएनएच न्यूज़ चैनल-हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्ति नारायण द्विवेदी के देहावसान पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, कीर्ति नारायण द्विवेदी के देवलोकगमन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। उनकी आत्मा को प्रभु अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं परिवार को इस दुःख की घड़ी को सहन करने की क्षमता प्रदान करें, ऐसी ईश्वर से प्रार्थना है।



### कीर्तिनारायण द्विवेदी के देहावसान पर कुशवाहा ने व्यक्त किया शोक

प्रांतीय कुशवाहा समाज मप्र अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा ने आईएनएच न्यूज चैनल-हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी के देहावसान पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भगवान उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं परिवार को इस दुःख की घड़ी को सहन करने की क्षमता प्रदान करें।



## *नागपुर से शुरू हुई 'सरदार@150 यूनिटी मार्च' का बैतूल में स्वागत कर किया संबोधित*

**भोपाल।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने नागपुर से शुरू हुई 'सरदार<\@>150 यूनिटी मार्च' का मंगलवार को बैतूल में स्वागत कर स्वाधीनता सेनानियों और महापुरुषों की प्रतिमा व स्मारकों पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते हुए कहा कि यह यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है। समाज के सभी वर्गों तक इस भावना को पहुंचाएं और राष्ट्रीय एकता को मजबूती देने में सक्रिय योगदान दें।

खंडेलवाल ने कहा कि सरदार पटेल केवल भारत के लौह पुरुष ही नहीं, बल्कि वे राष्ट्रीय एकता, सौहार्द और दृढ़संकल्प के जीवंत प्रतीक भी थे, जिन्होंने 562 रियासतों को एकसूत्र में पिरोकर अखण्ड भारत का निर्माण किया। यह एकता यात्रा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 'विकसित भारत' संकल्प का विस्तार है। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि सरदार पटेल जी के संबंध में और अधिक पढ़ें एवं उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित हों।

### निगम के अपर आयुक्त ने जारी किए आदेश

## विभागीय नस्तियां और अभिलेख बाहरी व्यक्तियों को किसी हाल में प्रस्तुत न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम ने अपने सभी कार्यालयों में कार्यरत सहायक-ग्रेड-2,3 व विनियमित कर्मचारियों को हिदायत दी है कि वे विभागीय नस्तियां और अभिलेख बाहरी व्यक्तियों को न दें अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश निगम आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त ने जारी किया है। यह आदेश सभी विभागाध्यक्ष, शाखा प्रभारी और जोनल अधिकारियों को भेजा गया है। इसके पीछे कारण निगम के अधिकांश विभागीय आदेश और पत्र सोशल मीडिया और मीडिया में वायरल हो रहे थे। निगम प्रशासन को लंबे समय से इस संबंध में यह जानकारी मिल रही थी कि विभागीय नस्तियां और अभिलेख सहायक-ग्रेड-2,3 व विनियमित कर्मचारियों द्वारा बाहरी लोगों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। लिहाजा अपर आयुक्त ने इसे रोकने आदेश ही जारी कर दिए।

### पुलिस कमिश्नरेट ने जारी की एडवाइजरी

## भोपाल में बढ़ा सेक्सटार्शन का खतरा साइबर क्राइम ने जारी की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल। राजधानी में लगातार बढ़ रहे सेक्सटार्शन मामलों को देखते हुए साइबर क्राइम, पुलिस कमिश्नरेट भोपाल ने नागरिकों को सतर्क रहने की एडवाइजरी जारी की है। पुलिस के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में अश्लील वीडियो कॉल, नकली प्रोफाइल और ब्लैकमेलिंग के जरिए लोगों को जाल में फंसाने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं सतर्क रहें और परिवार, खासकर युवाओं को इस बढ़ते साइबर अपराध के बारे में जागरूक करें, ताकि किसी भी तरह के शोषण से बचा जा सके। ऑनलाइन यौन शोषण का वह तरीका है, जिसमें अपराधी किसी व्यक्ति की निजी या आपत्तिजनक फोटो/वीडियो को सार्वजनिक करने की धमकी देकर पैसे, और अधिक निजी सामग्री या अन्य अनुचित मांगें पूरी करवाते हैं।

### 141 अधिकारियों और 187 एजेंसियों को भेजा नोटिस

# जल जीवन मिशन में अनियमितता 280 एजेंसियां, 22 ठेकेदार ब्लैक लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*टेंडर प्रक्रिया का उल्लंघन करने वाले 10 अधिकारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई*

*फर्जी बैंक गांरटी मामले मे ठेकेदार टर्मिनेट, केस सीबीआई को सौंपा*

*30 करोड़ की पेनाल्टी भी लगाई गई, एसआईआर समिति गठित*

मप्र जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ताविहीन सामग्री आपूर्ति तथा निविदा प्रक्रिया का उल्लंघन करने वाले 10 अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। कार्यों के क्रियान्वयन में विलंब करने के कारण अभी तक विभाग की ओर से कुल 280 एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट किया गया है। साथ ही 22 ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टिंग के साथ उनके अनुबंधों को निरस्त करने की कार्रवाई की गई है। इसीतरह फर्जी बैंक गारंटी जमा करने के मामले में ठेकेदार के विरूद्ध विभाग ने न केवल टर्मीनेशन की कार्रवाई की, बल्कि ठेकेदार के विरूद्ध सीबीआई में केस भी दर्ज कराया है। विभाग ने अब तक लगभग 30 करोड़ की पेनाल्टी भी एजेंसियों पर लगाई है।

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मंगलवार को मंत्रालय में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन की शेष योजनाओं में कार्य की गति तेज़ करते हुए हर ग्राम के हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाने के लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। गुणवत्ता नियंत्रण एवं नियमित पुनरीक्षण की सभी प्रक्रियाओं को मजबूती से लागू किया जाए। शासन की मंशा है कि जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता रहे तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अख्तियार की जाए। उन्होंने अब तक 80 लाख 52 हजार 82 घरों तक नल कनेक्शन दिए जाने के कार्य पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में बताया गया कि यह प्रगति 72 प्रतिशत से अधिक है और मप्र देश में अग्रणी राज्य बन रहा है।

### जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ हो



प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पी. नरहरि ने पुनरीक्षित योजनाओं के योजनावार परीक्षण के लिए संबंधित मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में जिलेवार पुनरीक्षण योजना परीक्षण समिति का गठन किया गया था, जिसमें जल निगम के अधिकारियों को भी सम्मिलित किया गया। समिति के प्रतिवेदन पर शासन ने जल जीवन मिशन जैसे जनजीवन से जुडे महत्वपूर्ण कार्यों में भी लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कठोर प्रशासनिक रूख अपनाया और उपयंत्री से लेकर कार्यपालन यंत्री स्तर तक के 141 अधिकारियों को ग्रामों की मूल योजनाओं की त्रुटिपूर्ण डीपीआर तैयार करने के कारण कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं।

### *घरेलू नल कनेक्शन प्राप्त न होने की शिकायतें*

मप्र में वर्ष 2020 से जल जीवन मिशन संचालित है, जिसके तहत प्रदेशभर में भू-जल स्त्रोत आधारित एकल ग्राम नल जल योजनाएं एवं सतही जल स्त्रोत आधारित समूह जल प्रदाय योजनाओं का क्रियान्वयन प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन से स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस महत्त्वपूर्ण मिशन के तहत कुछ एकल ग्राम नल जल योजनाओं में कुछ मजरे, पारे, टोलों के छूट जाने का मामला संज्ञान में आया था। कुछ ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन प्राप्त न होने की शिकायतें आ रही थीं। इस समस्या और शिकायत मॉग के संदर्भ में मुख्य सचिव जैन ने निर्देश दिए थे।

### गुणवत्ता और पारदर्शिता से समझौता नहीं किया जाए

बैठक में स्पष्ट किया गया कि जल जीवन मिशन की किसी भी योजना में गुणवत्ता और पारदर्शिता से समझौता नहीं किया जाएगा। विभाग ने रोड रीस्टोरेशन के कार्यों को भी उच्च प्राथमिकता दी है। इसकी नियमित समीक्षा की जा रही है। बैठक में बताया गया कि पिछले एक वर्ष से केंद्र से राशि प्राप्त होने की प्रत्याशा में राज्य शासन की ओर से अपने बजट से ही इन कार्यों को पूर्ण कर देश में अग्रणी राज्य बनने का गौरव प्राप्त किया है।

### सूखे कचरे से प्लांट शुरू करने की तैयारी

400 टन सूखे कचरे से बनेगा टोरीफाइड चारकोल

# आदमपुर में दूसरा टोरीफाइड चारकोल प्लांट तैयार, जनवरी में होगा ट्रायल रन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के आदमपुर में देश का दूसरा टोरीफाइड चारकोल प्लांट लगभग बनकर तैयार हो गया है। जनवरी-26 में इसके ट्रायल रन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। एनटीपीसी द्वारा बनाए गए उक्त प्लांट में रोजाना 400 टन सूखे कचरे से टोरीफाइड चारकोल का निर्माण होगा। इसका उपयोग ईंधन के रूप में किया जाएगा। मंगलवार को निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने एनटीपीसी के अधिकारियों से मुलाकात के दौरान निर्देश दिए कि उक्त प्लांट जनवरी-26 में शुरू करें। मुलाकात के दौरान एनटीपीसी के अधिकारियों ने बताया कि चारकोल प्लांट के सभी काम लगभग पूरे होने की स्थिति में है और प्लांट संचालन की तैयारियां भी अंतिम चरण में है। प्लांट को जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान एनटीपीसी के एजीएम विजय कुमार, डीजीएम कुमार सौरभ तथा प्रोजेक्ट इंचार्ज शाद अली व आलोक पाठक मौजूद थे।



प्लांट का फाइल फोटो।

एनटीपीसी के अधिकारियों ने बताया कि भोपाल देश में बनारस के बाद दूसरा शहर है जहां सूखे कचरे से टोरीफाइड चारकोल बनाने का प्लांट शुरू किया जा रहा है। निगम आयुक्त ने एनटीपीसी के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्लांट से संबंधित जो भी कार्य और तैयारियां बाकी हैं उन्हें जल्द पूरा करें और ट्रायल रन के बाद प्लांट का संचालन पूरी तरह से शुरू कर दिया जाए। इस दौरान आयुक्त को प्लांट के संचालन की जानकारी दी गई।



धरना प्रदर्शन कर आरोपी जिहादी को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की करेंगे मांग

# पटवा ने लोगों से की अपील: पीड़ित के दोषी को मृत्युदंड की सजा दिलाने आज बड़ी संख्या में गौहरगंज पहुंचकर धरना प्रदर्शन में शामिल हों लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधायक सुरेंद्र पटवा ने बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासियों से 26 नवंबर बुधवार सुबह 11 बजे गौहरगंज चलने की अपील करते हुए कहा कि गौहरगंज में 6 वर्षीय मासूम बिटिया के साथ हुई अमानवीय एवं हृदयविदारक घटना ने पूरे समाज को झकझोर दिया है। यह केवल एक परिवार का दर्द नहीं, हम सभी की सामूहिक पीड़ा है। इस अमानवीय घटना ने पूरे समाज में आक्रोश है। गौहरगंज पहुंचकर धरना प्रदर्शन कर आरोपी जिहादी की शीघ्र गिरफ्तार कर मृत्युदंड की कार्रवाई की मांग करेंगे।



पटवा ने कहा कि ऐसे समय में पीड़ित के परिवार को यह एहसास दिलाना हमारा कर्तव्य है कि वे अकेले नहीं हैं। समाज का हर व्यक्ति उनके साथ खड़ा है। हम सबकी एकजुट आवाज़ ही शक्ति है, जो अपराधियों को कठोर दंड तक ले जा सकती है और प्रशासन को तेजी से कार्य करने के लिए विवश कर सकती है। इसलिए आवश्यक है कि हम जागरूकता और न्याय की पुकार को और अधिक बुलंद करें। सभी को गौहरगंज पहुंचकर पीड़ित बच्ची के परिवार का सहारा बनें और यह सुनिश्चित करें कि भविष्य में किसी भी बेटी के साथ ऐसी क्रूरता करने का दुस्साहस कोई न कर सके। ज्ञात हो कि गौहरगंज में 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी पर प्रशासन ने इनाम बढ़कर 30 हज़ार कर दिया है। इसके साथ ही करीब 300 पुलिसकर्मी अरापी की तलाश में जुटे हैं। वहीं बड़ी संख्या में मुखबिर तंत्र भी तैनात कर दिया है, जिससे शीघ्र गिरफ्तार हो सके।



थाने में प्रदर्शनकारियों से चर्चा करते हुए विधायक सुरेंद्र पटवा।

## पीड़ित के परिजनों से मिले पटवा

विधायक सुरेंद्र पटवा मंगलवार को गौहरगंज पंहुच कर पीड़ित मासूम के परिजनों से भेंट कर संवेदनाएं प्रकट की। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की है कि परिवार को इस असहनीय पीड़ा को सहने की शक्ति दे। यह अमानवीय कृत्य हर दृष्टि से अक्षम्य है। दोषियों को कठोरतम दंड दिलाने के लिए पुलिस एवं प्रशासन पूरी दृढ़ता और तत्परता के साथ कार्य कर रही हैं। न्याय हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा। पटवा ने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस मामले की पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। इस अवसर पर पुलिस अधिकारी एवं पूर्व प्रदेश सदस्य राजेंद्र गुड्डू अग्रवाल, नरेंद्र शर्मा, डॉ. भूपेंद्र नगर, पंकज कोठारी, सुरजीत सिंह बिल्ले, पवनजोत सिंह, नरेश सेठी, जीतू नंदवंशी, हरगोविंद वर्मा, रामकिशोर चौहान तामोट, माधव यादव, पुरुषोत्तम शर्मा, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, संजीव चौहान, जनपद सदस्य रूपेश चौहान, राधा कुशवाहा आदि थाने के सामने विधायक पटवा के साथ मौजूद रहे।

## मासूम से हैवानियत: विरोध में आज बंद रहेगा मंडीदीप

**मंडीदीप।** गौहरगंज क्षेत्र में 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई जघन्य हैवानियत की घटना से आक्रोशित सकल हिन्दू समाज ने बुधवार को पूरा मंडीदीप को बंद रखने और गौहरगंज में विशाल धरना-प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। संगठन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मंडीदीप पूर्ण बंद रहेगा, लेकिन किसी भी प्रकार का धरना या जुलूस मंडीदीप में नहीं निकाला जाएगा। सुबह 11 बजे क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग गौहरगंज पहुंचकर धरना-प्रदर्शन में शामिल होंगे। सकल हिन्दू समाज ने दोषी के खिलाफ तुरंत कड़ी कार्रवाई, फांसी की सजा और ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कानून की मांग की है।

**खबर संक्षेप**

### शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

**भोपाल।** राजधानी के अयोध्या नगर इलाके में इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। शादी का झांसा देकर वारदात को अंजाम दिया गया। अब आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया है। तब पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। टीआई महेश लिल्लारे के मुताबिक 22 वर्षीय युवती प्राइवेट जॉब करती है, जबकि आरोपी माज अंसारी छात्र है। 2022 में दोनों की मुलाकात इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी। पहले दोनों की दोस्ती हुई और मामला प्रेम प्रसंग तक पहुंच गया। इस दौरान आरोपी युवक ने शादी करने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया।उसके बाद से वह लगातार पीड़िता का शोषण कर रहा था। कुछ समय पहले ही आरोपी युवक ने पीड़िता से शादी करने से इनकार कर दिया। इसको लेकर दोनों के बीच विवाद भी हुआ था, लेकिन फिर मामला शांत हो गया था। पीड़िता परेशान होकर सोमवार को थाने पहुंची और आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

### सेवा संकल्प के साथ मना गुलाब का जन्मदिन



**संतनगर।** पूज्य सिंधी पंचायत के कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी का जन्मदिन पंचायत कार्यालय में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें शहर की कई संस्थाओं के पदाधिकारी एवं शहर के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। उपस्थित जनों ने गरीबों की सेवा करने का संकल्प लिया। उनके जन्मदिन पर पंचायत के नंद दादलानी, भरत आसवानी, जगदीश आसवानी, माधू पारदासानी, हरीश मेहरचंदानी सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### चलती बाइक पर साइलेंट अटैक आने से मौत

**भोपाल।** धार जिले के जेतपुरा गांव में सोमवार सुबह चलती बाइक पर साइलेंट अटैक आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वे अपने छोटे बेटे की 3 दिसंबर को होने वाली सगाई की खरीदारी करने धार शहर जा रहे थे। शख्स की बाइक से गिरने की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। जानकारी के मुताबिक, झमकलाल सोलंकी अपने बड़े बेटे के साथ बाइक पर बैठे थे। पत्नी पीछे बैठी थीं। गांव से कुछ दूर पहुंचते ही उन्हें साइलेंट अटैक आया और वे बाइक से नीचे गिर पड़े। गिरते ही वे सड़क पर बेसुध हो गए। यह पूरी घटना पास के एक रेस्टोरेंट के सामने लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पास ही स्थित क्लीनिक के डॉक्टर करण वसुनिया तुरंत मौके पर पहुंचे और सीपीआर दिया। गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें धार के एक निजी अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 126 | 97 | 890 |
| रात: | 579 | 18 | 170 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 669 | 12 | 679 |
| रात: | 157 | 32 | 237 |

## वाइसराय कॉलोनी में हुए विवाद में नया खुलासा

# शेखर के दोस्तों ने पहले किया हमला हथियारों से लैस होकर आए थे युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र की वाइसराय कॉलोनी में 20 नवंबर को हुए विवाद के बाद आरोपियों को लेकर लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। आरोपी करेरा में पदस्थ जिला पंचायत सीईओ संजीत श्रीवास्तव के बेटे शेखर श्रीवास्तव नाम के युवक को पीटने पहुंचे थे। शेखर घर पर नहीं मिला, उसने अपने साथी विशाल, आकाश और नवल को कॉल कर कॉलोनी में भेजा।

यह तीनों स्कूटी पर सवार होकर कॉलोनी में पहुंचते हैं और हमला करने आए बाहरी युवकों को लाठी और डंडों से बेरहमी से पीटना शुरू कर देते हैं। इस पूरे घटनाक्रम का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया था। हालांकि शेखर की मां की ओर से शाहपुरा थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। जिसमें उन्होंने कॉलोनी में हंगामा कर रहे सभी युवकों को उनके घर हमला करने वाला बताया था। हमलावरों में अर्जुन चतुर्वेदी नाम के युवक को स्पॉट पर होना बताया, उसकी कार का नंबर एफआईआर में दर्ज कराया गया। जांच में इस बात की पुष्टि भी हुई है कि जिस कार का नंबर एफआईआर में दर्ज कराया गया, वह कार घटना के समय नर्मदा अस्पताल के बाहर सीसीटीवी कैमरों की मौजूदगी में खड़ी थी। असल में शेखर और उसके दोस्तों ने अर्जुन को अरेरा हिल्स इलाके में बेरहमी से पीटा था। उसे जमीन पर गिराकर उसके हाथ पर लातें मारीं, जिससे उसका एक हाथ फ्रेक्चर हो गया था, मारपीट में अर्जुन गंभीर घायल हुआ था। उसके दोस्त उसे अस्पताल में भर्ती कराने के बाद बात करने के इरादे से शेखर के घर पहुंचे थे। जहां शेखर के दोस्तों और उनके बीच विवाद हुआ।

### बात करने कॉलोनी गए थे बेटे के दोस्त



अर्जुन के पिता विकास चतुर्वेदी ने बताया कि जिस कार का नंबर एफआईआर में शाहपुरा थाने में दर्ज कराया गया, वह कार उनकी पत्नी के नाम रजिस्टर्ड है और वाइसराय कॉलोनी में हुए विवाद के दौरान नर्मदा अस्पताल पर थी। यह सही है कि अर्जुन के दोस्त कॉलोनी पहुंचे थे, लेकिन शेखर के नहीं मिलने की हालत में उन्होंने उसकी मां से सहज तरीके से बात की। बात कर टहलते हुए कॉलोनी से बाहर निकल रहे थे, तभी शेखर के दोस्तों ने पहले हमला किया, यह वीडियो में दिख भी रहा है।

### हर हाल में बेटे को पीटना चाहते थे आरोपी

शेखर की मां विशाखा श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की रात 3-4 बजे के बीच मेरे घर में 15-20 लड़के आए थे। सभी मेरे बेटे के संबंध में पूछ रहे थे, उन्होंने साफ कहा कि बेटे को मारना चाहते हैं। छोड़ेंगे नहीं, मैंने उन्हें पैरेंट्स को बुलाने और बैठकर बात करने की बात कही, सभी नशे में थे, कुछ सुनने को तैयार नहीं थे। एक बार आरोपी कॉलोनी में आने के बाद चले गए थे, दोबारा आने के बाद उन्होंने मेरे बेटे के दोस्तों को बेरहमी से पीटा। जाते समय कार में भी तोड़फोड़ की। इसके बाद थाने पहुंचकर एआईआर दर्ज कराई।

### हमलावरों में एसडीओपी का बेटा भी शामिल

घटना के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ब्यावरा के एसडीओपी प्रकाश शर्मा के बेटे सुयश शर्मा की पहचान हमलावरों के रूप में की गई है। वारदात के समय वह डंडा हाथ में लेकर भागता दिखा था। जबकि घटना के दिन अर्जुन के साथियों में से एक ने अर्जुन को आईजी का बेटा बताया था। घटना के बाद सात आरोपी अब भी फरार हैं, इसमें दो एडवोकेट के बेटे सहित चूना भट्टी के प्रतिष्ठित टायर कारोबारी जागरण बाबा का लड़का भी शामिल है। अन्य सभी युवक न्यूमार्केट के कारोबारियों के बेटे हैं।

**रिटायर आईजी पीएन चतुर्वेदी का पोता है अर्जुन** - ई-2 अरेरा कॉलोनी निवासी अर्जुन के पिता विकास चतुर्वेदी बिल्डर हैं। वहीं, अर्जुन के दादा पीएन चतुर्वेदी आईजी रहे हैं। उनका निधन हो चुका है। घटना के समय जिस कार की टक्कर हुई थी, वह अर्जुन की मां सपना चतुर्वेदी के नाम पर रजिस्टर्ड है। एसीपी उमेश तिवारी ने बताया कि सुयश शर्मा को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचानने के बाद नामजद किया गया है।

जीवन में सफलता का मूल मंत्र निरंतर अध्ययन है: सिद्ध भाऊ

## एमजीपी का 29वां स्थापना दिवस पर बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते बच्चे।

मिठी गोविंदराम एवं नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल सहित अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों का सफल संचालन करने वाली शहीद हेमू कालानी शिक्षण संस्थान का 29वां स्थापना दिवस मंगलवार को मिठी गोविंदराम पब्लिक स्कूल में बड़े हर्षोल्लास एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में संतजी के उत्तराधिकारी सिद्ध भाऊ ने कहा कि 'जीवन में सफलता का मूल मंत्र निरंतर अध्ययन है।' उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, समय-प्रबंधन और उत्तम स्वास्थ्य के बिना सफलता संभव नहीं है। विद्यार्थियों को नियमित समय-सारणी अपनाने तथा अध्ययन के साथ खेलकूद को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की प्रेरणा देते हुए उन्होंने कहा कि माता-पिता का आशीर्वाद जीवन की दिशा निर्धारित करता है, अतः विद्यार्थियों को सदैव उनका सम्मान करना चाहिए। संस्था के सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने कहा कि संस्था भविष्य में शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करती रहेगी। प्रधानाचार्य ए. एन. मणिकंडन ने कहा कि स्थापना दिवस संस्था की गौरवशाली विरासत, उद्देश्यों और दायित्वों की याद दिलाता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत समूह गीत, समूह नृत्य और कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थी तेजस एवं वेदांत द्वारा गिटार वादन ने कार्यक्रम को मनमोहक बना दिया। कक्षा छठवीं के छात्र हर्षित मोरंदानी द्वारा सुविचार, जोएल दादलानी द्वारा भाषण प्रस्तुति तथा साधु वासवानी सदन के विद्यार्थियों द्वारा स्किट का प्रदर्शन दर्शकों द्वारा सराहा गया।

दादा टीएल वासवानी का हर्षोल्लास के मनाया जन्म-दिवस

## विद्यार्थी आए रंग-बिरंगे पशु-पक्षियों के रूप में, कहा- दया कर मांसाहार का त्याग करो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में दादा टीएल वासवानी का जन्म-दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय से एक भव्य रैली निकाली गई जिसमें विद्यार्थी रंग-बिरंगे पशु-पक्षियों के रूप में मूक प्राणियों पर दया करो मांसाहार का त्याग करो एवं दादा टीएल वासवानी अमर रहे, अमर रहे के नारे लगाते हुए विभिन्न स्थानों से होते हुए स्कूल प्रांगण में पहुंचे। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि संत नगर में सिद्ध भाऊ ने मूक पशु-पक्षियों कि रक्षा करने का जो आंदोलन चलाया है, वो काबिले तारीफ है, आप सभी शाकाहार अपनाओं और मांसाहार का त्याग कर अपना जीवन सफल बनाओं। भाउजी ने कहा नूरी की तरह निरमल बनो एवं सेवा कार्य कर के जीवन सफल बनाओं।



पक्षियों के वेश में तैयार विद्यार्थी।



कृषि उपज मंडी चौराहे पर जाम में फंसे वाहन।

## कृषि उपज मंडी चौराहे पर लगा जाम, लोग होते रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में अव्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था के कारण रोजाना जाम लग रहा है। मंगलवार को भी ओवर ब्रिज, रेहटी रोड, मंडी चौराहे पर धान की ट्रॉलियों के कारण जाम के हालात बन गए।

रेहटी रोड मंडी चौराहे पर सुबह 11 से शाम 5 बजे तज कई बार जाम लगा और लोग परेशान होते नजर आए। कृषि उपज मंडी समिति दीवटिया रोड, बालाजीपुरम नगर में धान की नीलामी की व्यवस्था की गई है, लेकिन नीलामी के बाद ट्रॉलियां मंडी एवं व्यापारियों के गोदाम पर जाती हैं, जिसके कारण जाम के हालात बन जाते हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने रेल मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा

## संत हिरदाराम नगर में 9 ट्रेनों का स्टॉपेज न होने से यात्री परेशान

**सिंधी सेंट्रल पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली रेलवे अधिकारियों से किया आग्रह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था सिंधी सेंट्रल पंचायत के प्रतिनिधिमंडल दिल्ली रेल मंत्रालय पहुंच कर 9 ट्रेनों का स्टॉपेज करने के अलावा रानी कमलापति स्टेशन से मुंबई कुर्ला तक प्रति शुक्रवार को चलने वाली ट्रेन को संत हिरदाराम नगर से चलाने का आग्रह किया।

पंचायत अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश इसरानी के नेतृत्व में रेल मंत्रालय में अधिकारियों से मिले प्रतिनिधि मंडल में महासचिव सुरेश जसवानी संयोजक कन्हैयालाल इसरानी, सलाहकार एवं रेलवे सलाहकार समिति के राष्ट्रीय सदस्य एवं पंचायत सलाहकार नितेश लाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश चोटरानी व समाज सेवी जगदीश खुशालानी शामिल थे।



संत हिरदाराम नगर लेवे स्टेशन का फोटो।

प्रतिनिधिमंडल ने जिन ट्रेनों के स्टॉपेज की रखी मांग रखी उसमें ट्रेन संख्या 12923/12924 महू नागपुर एक्सप्रेस, 20846/20847 बीकानेर बिलासपुर एक्सप्रेस, 19301/19302 महू यशवंतपुर एक्सप्रेस, 20917/20918 चैन्नई पुरी हमसफर एक्सप्रेस, 12719/12720 हैदराबाद जयपुर सुपर फास्ट एक्सप्रेस, 20973/20974 रामेश्वरम हमसफर एक्सप्रेस, 20911/20912 वंदे भारत इंदौर एक्सप्रेस, 20843/20844 भगत की कोठरी एक्सप्रेस व जयपुर नागपुर एक्सप्रेस शामिल है। चूंकि रेल मंत्री विदेश दौरे पर थे, इस कारण ज्ञापन रेल मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा गया। सिंधी सेन्ट्रल पंचायत ने अधिकारियों से आग्रह किया कि रानी कमलापति स्टेशन से कुर्ला मुंबई के लिए सप्ताह में एक दिन शुक्रवर को चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन को प्रतिदिन करते हुए इसे संत हिरदाराम नगर स्टेशन से चलाए जाने की मांग की है।

**पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की कार्यशाला**

## प्रदेश भर के जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित 650 से अधिक प्रतिभागी हुए शामिल

**भोपाल।** मप्र में पंचायतों को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं समृद्ध बनाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से आत्मनिर्भर पंचायत-समृद्ध मध्यप्रदेश थीम पर कुशभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सभागार में पंचायत प्रतिनिधियों एवं राज्य स्तरीय पदाधिकारियों की तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई, जिसमें प्रदेशभर के जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित 650 से अधिक प्रतिभागी हुए शामिल। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि पंचायत राज व्यवस्था समन्वय पर आधारित है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच सामंजस्य से पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। कार्यशाला के दूसरे दिन उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल शामिल हुए। उन्होंने कहा कि किसी भी शासकीय अभियान की सफलता में पंचायत प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने पंचायत प्रतिनिधियों से विकास अभियानों में धुरी बनकर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

**रायसेन अपर कलेक्टर ने किया जांच दल का गठन, 10 दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपने के दिए आदेश**

# मंडीदीप में बेतवा नदी प्रदूषण मामला: जिनकी जिम्मेदारी प्रदूषण रोकने की थी अब वही बन गए जांच अधिकारी, कैसे होगी निष्पक्ष जांच? उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक कचरे से बेतवा नदी को बचाने की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों की है, उन्हीं को जिला प्रशासन ने जांच दल का सदस्य बना दिया। इससे जांच की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देश तथा मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर संज्ञान लेते हुए रायसेन के अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय ने मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र में फैल रहे प्रदूषण की जांच के लिए तीन सदस्यीय संयुक्त जांच दल गठित किया है। इस दल में चन्द्रशेखर श्रीवास्तव, एसडीएम गौहरगंज, डॉ. के.एन. कटारे, क्षेत्रीय अधिकारी, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मंडीदीप तथा प्रशांत जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका मंडीदीप को शामिल किया गया है। जांच दल को नपा द्वारा अब एसटीपी प्लांट नहीं लगा पाने, कारखानों की चिमनी से निकलने वाले धुएं की गुणवत्ता, बेतवा नदी में मिलने वाले आवशिष्ट से कितना प्रदूषण हुआ, नदी का पानी, क्षेत्र में फेल रहे प्रदूषण को रोकने के लिए क्या योजना है सहित अन्य बिंदुओं पर 10 दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।



चौतरफा प्रदूषण से घिरी मंडीदीप की 2 लाख आबादी, औद्योगिक प्रदूषण के साथ ही सड़कों से उड़ने वाली धूल से आम जन परेशान

हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी खबर।

### कई फैक्ट्रियां बिना ट्रीटमेंट नदी में छोड़ रहीं प्रदूषित पानी

स्थानीय लोग और पर्यावरण प्रेमी लंबे समय से शिकायत कर रहे हैं कि मंडीदीप की कई फैक्ट्रियां बिना ट्रीटमेंट प्लांट चलाए या ट्रीटमेंट के बाद भी प्रदूषित पानी छोड़ रही हैं, जिससे बेतवा नदी का पानी जहरीला हो चुका है। आसपास के गांवों में पीने का पानी दूषित हो रहा है और खेती प्रभावित हो रही है। हरिभूमि द्वारा लगातार इसे लेकर समाचार प्रकाशित किये जा रहे हैं। जिसको लेकर प्रशासन ने संज्ञान लिया है।

### क्या खुद की जांच करेंगे ये जांच अधिकारी

मंडीदीप क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले अपशिष्ट को नालों और फिर बेतवा नदी में जाने से रोकने की सीधी जिम्मेदारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. के.एन. कटारे की है। वहीं नगर पालिका क्षेत्र में शहर का सीवेज और कचरा नदी में न जाए, इसकी जिम्मेदारी नगर पालिका के मुखिया और सीएमओ प्रशांत जैन की है। अब यही दोनों अधिकारी उसी प्रदूषण की जांच करेंगे, जिसे रोकना उनकी मूल जिम्मेदारी थी। लोग पूछ रहे हैं, क्या खुद की जांच करेंगे ये जांच अधिकारी या खुद को ही क्लीन चिट दे देंगे?

### मुझे जांच दल की जानकारी नहीं

मै अभी शादी में हूं, जांच दल की जानकारी मुझे नहीं प्राप्त हुई है।

**के एन कटारे,** आरओ पीसीबी मंडीदीप।

### 10 दिन में मांगी रिपोर्ट

टीम द्वारा 10 दिन में चार बिंदुओं पर जानकारी एकत्रित कर रिपोर्ट मांगी है।

**प्रशांत जैन,** नपा सीएमओ

### सक्षम अधिकारी होने के कारण जांच दल में किया शामिल

संबंधित विभागों के सक्षम अधिकारी होने के कारण इन्हें जांच दल में शामिल किया गया है।

**मनोज उपाध्याय,** अपर कलेक्टर रायसेन।

नगर निगम सहयोग करने को भी तैयारः लोगों ने कहा- अस्थाई रूप से कहीं विस्थापित कर दिया जाए हम जाने को तैयार, किराए का मकान कहां ढूंढे

# 5 माह से हाउसिंग बोर्ड जनता क्वार्टर में रहने वाले लोगों को आवास खाली करने का दे रहा है नोटिस, किराया भी देने को तैयार, लेकिन नहीं जा रहे लोग


जनता क्वार्टर के खस्ताहाल क्वार्टर।

**दो बार नोटिस दिए लेकिन परिवार आवास नहीं छोड़ रहे हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर के ऐशबाग स्थित जर्जर आवासों में रहने वाले 600 से ज्यादा परिवार खतरे के बीच खुद ही रह रहे हैं, जबकि हाउसिंग बोर्ड प्रशासन पांच माह में दो बार परिवारों को आवास खाली करने और जितनी जगह में वह रह रहे हैं, उसका किराया देने को तैयार है, ताकि आवास खाली हों और नए सिरे बनाए जा सके, लेकिन यहां रहने वाले परिवार हटने को तैयार नहीं हैं। जबकि यह आवास पूरी तरह से डेंजर घोषित हैं।

जनता क्वार्टर में रहने वाले परिवारों का कहना है कि हाउसिंग बोर्ड आवास खाली करने का नोटिस तो दे रहा है, लेकिन हम लोग कहां जाएं। हमें अस्थाई रूप से कहीं विस्थापित कर दिया जाए तो हम जाने को तैयार हैं, लेकिन किराए का मकान कहां ढूंढे। यहां 600 से ज्यादा परिवार हैं। इसलिए मुश्किल है। हमारे परिवार पर हमेशा खतरा बना रहता है। हाउसिंग बोर्ड और नगर निगम प्रशासन मिलकर यहां रहने वाले परिवारों को अस्थाई विस्थापन की व्यवस्था करे।

### विस्थापन और नए आवासों को बनाने की जिम्मेदारी बोर्ड की

नगर निगम के सहायक सिविल इंजीनियर अमन सिंह का कहना है कि जनता क्वार्टर में रहने वाले परिवारों का विस्थापन तो हाउसिंग बोर्ड को ही करना है। बोर्ड को नगर निगम लगातार नोटिस भी दे रहा है। बारिश के मौसम में हर साल यहां का मामला प्रमुखता से उठाया जाता है। नए आवासों के निर्माण की जिम्मेदारी भी हाउसिंग बोर्ड की है। विस्थापन के काम में निगम सहयोग करने को तैयार है।

मप्र हाउसिंग बोर्ड के पीआरओ प्रशांत मिश्रा का कहना है कि जनता क्वार्टर में रहने वाले परिवारों को बीते पांच माह में दो बार नोटिस दिए हैं कि वे आवास खाली करें और जितनी जगह में वे रह रहे हैं उन्हें बोर्ड किराया भी देने को तैयार है ताकि वहां नए सिरे से निर्माण कार्य करवा सके। जल्द ही हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी और रहवासियों के बीच चर्चा के बाद अगला कदम उठाया जाएगा।

**बहुमंजिला इमारतों को तोड़कर नया बनाने का प्लान अभी भी अधूरा**

## दस साल बाद भी बीडीए नहीं दे पाया जर्जर आवासों को नए कॉम्प्लेक्स का स्वरूप

**भोपाल।** शहर के इंद्रपुरी स्थित 34 साल पुराने अंजता काम्पलेक्स के रिडेवलपमेंट की योजना दस साल बाद भी अधूरी है। बीडीए ने उक्त तीन मंजिला इमारतों में 319 फ्लैट्स बनाए थे जो दस साल से जर्जर पड़े हैं। छज्जे पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। आए दिन आवासों से प्लास्टर झड़ता है। छज्जे गिरने की कई घटनाएं यहां हो चुकी हैं, इसके बावजूद बीडीए प्रशासन खुद अपनी योजना पर ही अमल नहीं कर रहा है। यहां रहने वाले परिवार भय के बीच रहने को मजबूर हैं। पुरानी जर्जर हो चुकी बहुमंजिला इमारतों को तोड़कर भोपाल विकास प्राधिकरण ने रिडेवलपमेंट एरिया नीति के तहत नई इमारत बनाने का प्लॉन तैयार किया था। इसमें पुरानी इमारत के फ्लैट्स मालिकों को मुफ्त में नए फ्लैट्स दिए जाने थे। लोगों को निर्माण अवधि के दौरान फ्लैट्स का किराया देने की बात भी योजना में शामिल की गई थी। समय बीतने के बाद इस योजना पर ब्रेक लग गया।इस संबंध में बीडीए की जनसंपर्क अधिकारी विभा शर्मा ने बताया कि अजंता काम्पलेक्स के रहवासियों से चर्चा की जा रही है। वहां रहने वाले परिवार कहीं ओर शिपफ्ट हो जाएं तो प्लॉन पर जल्द काम शुरू हो सकता है। इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

■ सात मंजिला ऊंची इमारतें बनाने के लिए की थी प्लानिंग, बीडीए प्रशासन नहीं उठा पा रहा कदम



इन्द्रपुरी के अजंता कॉम्पलेक्स स्थित खस्ताहाल आवास।

**दीक्षांत समारोह में 2024 बैच के विद्यार्थियों सम्मानित**

## ग्लोबल स्किल पार्क के प्रशिक्षित विद्यार्थी देश-दुनिया में कर रहे हैं संस्थान का नाम रोशनः टेटवाल


संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क के दीक्षांत समारोह का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमारे प्रशिक्षु अब केवल चुनौतियों का सामना करने वाले युवा नहीं, बल्कि कौशल, आत्मविश्वास और नवाचार से परिपूणज़ नागरिक बन चुके हैं, जो राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान देने के लिए तैयार हैं।

संस्थान और राज्य सरकार मिलकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल भारत-समृद्ध भारत के संकल्प को साकार करने के लिए युवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्यरत हैं। यह बात कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने मंगलवार को संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्कके 2024 बैच के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि यह समारोह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं के परिश्रम, क्षमता और उपलब्धियों का सम्मान है। टेटवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कौशल-आधारित विकास की जो सशक्त परिकल्पना सामने आई है, उसने युवाओं में आत्मविश्वास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की नई ऊर्जा जगाई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में कौशल विकास को नई पहचान मिली है, यह विश्वास मजबूत हुआ है कि सक्षम युवा ही प्रदेश को प्रगति के शिखर पर ले जाते हैं। प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि हर युवा को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, अत्याधुनिक सुविधाएं और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध हों और ग्लोबल स्किल्स पार्क इसी प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, इंडस्ट्री-लिंक्ड कोर्स, डिजिटल सुविधाएं और प्रशिक्षकों की विशेषज्ञता मिलकर विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की क्षमता प्रदान करती हैं।

■ संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क के दीक्षांत समारोह में किया संबोधित

**मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम तथा जनक दुलारी माता सीता का हर्षोल्लास के साथ हुआ विवाह**

## ढोल-ढमाकों, बैंड-बाजे के साथ निकली राम बारात; 20 क्विंटल फूलों की बारिश



लखेरापुरा क्षेत्र में भगवान राम और माता जानकी के विवाह समारोह का अनुपम दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अगहन माह की निगाह पंचमी पर शुमार को अयोध्यावासी वैश्य समाज के घर-घर में खुशियां छाई हुई थीं। अवसर था राम विवाह उत्सव का। समाज संगठन ने शुभ पंचमी पर भगवान राम के विवाहोत्सव के अवसर पर मंगलवार शाम लखेरापुरा स्थित मंदिर से बैंड-बाजों के साथ भगवान राम की भव्य और आकर्षक बारात निकाली। बारात् में महिलाएं मंगल गीत गा रही थीं। बारात का रास्ते में करीब 20 क्विंटल फूलों की बारिश कर स्वागत किया गया। बारात ने 6 किमी का सफर 5 घंटे में पूरा किया।

**ढोल-ढमाकों और बैंड बाजे के साथ निकली बारात** -ढोल-ढमाकों और बैंड बाजे के साथ पुराने शहर की सड़कों व गलियों में भगवान श्रीराम की भव्य बारात लोगों के लिए आकर्षण रही। सुसज्जित बग्गी में विराजे भगवान श्रीराम के आगे-आगे सैकड़ों बाराती झूमते-नाचते चल रहे थे। बारात जहां से निकल रही थी वहां जय श्री राम... के जयकारों के साथ पुष्प की वर्षा हो रही थी। मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के विवाहोत्सव के अवसर पर लखेरापुरा स्थित श्रीरामजानकी मंदिर में श्री अयोध्यावासी वैश्य समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ श्रीराम-जानकी विवाह का दो दिवसीय भव्य आयोजन का समापन मंगलवार को हुआ। राम बारात दोपहर 2 बजे श्रीराम जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर सोमवारा, जनकपुरी, जुमेराती लोहा बाजार, चौक सराफा होती हुई ।

शाम 7 बजे वापस मंदिर में पहुंची, जहां समधी मिलन में महाराजा दशरथ एवं बारातियों की अगवानी राजा जनक द्वारा की गई। इसके बाद वरमाला एवं परिणय सम्पन्न कराया गया। चल समारोह में बारातियों के रूप में विशेष रूप से नारद जी, भगवान गणेश जी, शिवजी, ब्रहाजी, राजा दशरथ जी, भरत, शत्रुघन के साथ विशेष सुसज्जित रथ में विश्वामित्रजी राम लक्ष्मण जी के साथ विराजमान हुए। पुरुष-महिलाएं भजन गाती हुई आगे-आगे चलीं। बारात में समाज की महिलाएं भगवा ध्वज थामें भगवान राम के जयकारे लगा रही थीं।

### गूंजे मंगल गीत,7 किमी के सफर में लगे पांच घंटे


उत्साहित श्रद्धालु।

विभिन्न समाजों के लोग बड़ी संख्या में बाराती बन कर चल रहे थे। 15 से अधिक स्थानों पर स्वागत मंच बनाए गए थे। यहां से 20 क्विंटल से अधिक फूल बरसाए गए। तो वहीं रास्ते में रथ रोकर किसी ने आरती तो किसी ने काला टीका लगाकर बलैय्या लेकर भगवान श्री राम की नजर उतारी। बारात सोमवारा, जुमेराती, मंगलवरा व चौक आदि स्थानों से होते करीब 7 किमी का सफर तय कर 6 घंटे में वापस मंदिर पहुंची। यहां पंडितों ने द्वारचार, फेरे, कन्या दान आदि की प्रतीकात्मक रूप से रस्म संपन्न कराई। महिलाओं ने मंगल गीत गाए।

**आनंद नगर में भी राम विवाह उत्सव**-आनंद नगर स्थित राम मंदिर में भी विवाह पंचमी पर भगवान राम का विवाह उत्सव मनाया गया।

## पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ पर बढ़ते दबाव पर शैक्षिक महासंघ की चिंता आयोग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

» *बीएलओ को लगातार 16 से 18 घंटे फील्ड और पोर्टल कार्य करना पड़ रहा, ऐप और पोर्टल के बार-बार क्रेश होने, नेटवर्क के अभाव से काम और भी कठिन हो गया*

» *पुनरीक्षण कार्य में लगे शिक्षकों की अनुपस्थिति प्रदर्शित होने की शंका पर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने जिला अध्यक्ष उप निर्वाचन अधिकारी से की मुलाकात, ज्ञापन सौंपा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान बूथ लेवल ऑफिसर्स के ऊपर बढ़ते कार्य- दबाव, तकनीकी अव्यवस्था और प्रशासनिक दवाब को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। संगठन के अखिल भारतीय अध्यक्ष प्रो. नारायण लाल गुप्ता ने कहा कि बीएलओ को लगातार 16 से 18 घंटे फील्ड और पोर्टल कार्य करना पड़ रहा है, जबकि ऐप और पोर्टल के बार-बार क्रेश होने, नेटवर्क के अभाव तथा तकनीकी सहायता न मिलने से काम और भी कठिन हो गया है।

उन्होंने बताया कि कई जिलों में अधिकारियों द्वारा धमकीपूर्ण भाषा, नोटिस, वेतन रोकने की चेतावनियां और अपमानजनक व्यवहार की शिकायतें मिली हैं, जिसने बीएलओ शिक्षकों में भारी मानसिक तनाव पैदा किया है। कुछ राज्यों में आत्महत्या जैसी दुखद घटनाएं भी सामने आई हैं, जो इस स्थिति की गंभीरता और मानवीय पक्ष की ओर स्पष्ट संकेत करती हैं। महासंघ की महामंत्री प्रो. गीता भट्ट ने कहा कि बीएलओ को आवश्यक संसाधन, तकनीकी प्रशिक्षण और सहयोगी स्टाफ उपलब्ध न होने के कारण उन्हें अपने निजी संसाधनों से कार्य पूरा करना पड़ रहा है।

दूरस्थ, पहाड़ी और मरुस्थलीय क्षेत्रों में नेटवर्ककी अनुपलब्धता के चलते ऑनलाइन सत्यापन और डेटा अपलोड लगभग असंभव हो जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि 20 वर्ष पुराने दस्तावेज मांगने पर जनता में भ्रम और असहयोग की स्थिति है। अमहासंघ ने भारत निर्वाचन आयोग से आग्रह किया है कि पुनरीक्षण कार्य की अंतिम तिथि को पर्याप्त आगे बढ़ाया जाए।

### » उप निर्वाचन अधिकारी से मिले जिला अध्यक्ष

विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लगे शिक्षकों की अनुपस्थिति प्रदर्शित होने की शंका होने के कारण मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ भोपाल ने मंगलवार को जिला अध्यक्ष उप निर्वाचन अधिकारी भोपाल से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। इसमें उप निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता भोपाल द्वारा आश्वस्त कराया गया है कि किसी शिक्षक का वेतन नहीं काटा जाएगा। शाक्य ने उप निर्वाचन अधिकारी गुप्ता की से ई-अटेंडेंस की खामियों पर चर्चा कर इसे तत्काल बंद कराने की मांग की।

**वॉशेबल एप्रन को हटाकर नई गिट्टी रहित पटरी बिछाने का किया जाएगा काम**

## झांसी स्टेशन पर कार्य के चलते भोपाल मंडल से होकर जाने वाली 12 ट्रेनें रद्द


प्रतीकात्मक चित्र।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल पर वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 पर वॉशेबल एप्रन को हटाकर नई गिट्टी रहित पटरी बिछाने का काम किया जाएगा। इस काम की वजह से 25 नवंबर से 8 जनवरी 2026 तक भोपाल मंडल होकर संचालित कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

### प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त की जाने वाली ट्रेनें

- गाड़ी संख्या 05073 बेंगलुरु सिटी-लालकुआं, (साप्ताहिक मंगलवार) 02 दिसंबर से 06 जनवरी 2026 तक रद्द।
- गाड़ी संख्या 05074 लालकुआं-बेंगलुरु सिटी, (साप्ताहिक शनिवार), 29 नवंबर से 03 जनवरी 2026 तक रद्द।
- गाड़ी संख्या 07363 हुबली-योग नगरी ऋषिकेश, (साप्ताहिक सोमवार), 24 नवंबर से 05 जनवरी 2026 तक रद्द।
- गाड़ी संख्या 07364 योग नगरी ऋषिकेश-हुबली, (साप्ताहिक गुरुवार) 27 नवंबर से 08 जनवरी 2026 तक रद्द।
- गाड़ी संख्या 05559 रक्सौल-उधना, (साप्ताहिक शनिवार) 29 नवंबर से 03 जनवरी 2026 तक रद्द।
- गाड़ी संख्या 05560 उधना-रक्सौल, (साप्ताहिक रविवार), 30 नवंबर से 04 जनवरी 2026 तक रद्द।
- गाड़ी संख्या 06597 यशवंतपुर-योग नगरी ऋषिकेश, (साप्ताहिक गुरुवार) 27 नवंबर से 01 जनवरी 2026 तक रद्द।
- गाड़ी संख्या 06598 योग नगरी ऋषिकेश-यशवंतपुर, (साप्ताहिक शनिवार) 29 नवंबर से 03 जनवरी 2026 तक रद्द।
- गाड़ी संख्या 09043 बांद्रा टर्मिनस-बरहनी, (साप्ताहिक रविवार) 30 नवंबर से 04 जनवरी 2026 तक रद्द।
- गाड़ी संख्या 09044 बरहनी-बांद्रा टर्मिनस, (साप्ताहिक सोमवार) 01 दिसंबर से 05 जनवरी 2026 तक रद्द।
- गाड़ी संख्या 07075 हैदराबाद-गोरखपुर, (साप्ताहिक शुक्रवार)28 नवंबर से 02 जनवरी 2026 तक रद्द।
- गाड़ी संख्या 07076 गोरखपुर-हैदराबाद, (साप्ताहिक रविवार) 30 नवंबर से 04 जनवरी 2026 तक रद्द।

**जूडा एसोसिएशन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर**

## 90 लोगों की जांच में मिले बीपी और ब्लड शुगर के 20 मरीज


जूडा ने लगाया स्वास्थ्य शिविर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डीआईईटी) में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में 250 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर परामर्श दिया गया। जूडा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ कुलदीप गुप्ता ने बताया कि शिविर में 30-60 वर्ष की उम्र के 90 लोगों की बीपी और ब्लड शुगर की जांच की गई। जिसमें बीपी और शुगर के 20 नए मरीज मिले हैं। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर डॉ पल्लवी मंडराई, डॉ रामगोपाल बघेल, डॉ आयुषी बघेल और काजल डावर के साथ जूनियर डॉक्टरों की टीम ने लोगों के रक्तचाप, शुगर, बीएमआई, त्वचा रोग महिला रोग सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए और उचित परामर्श भी प्रदान किया। शिविर में त्वचा रोग व महिला रोग संबंधित मरीजों को उपचार के बाद स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी चर्चा की।

**हिंदू उत्सव समिति ने किया प्रदर्शन**

## अजाक्स अध्यक्ष वर्मा के बिगड़े बोल का हिउस ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अजाक्स के अध्यक्ष संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण की बेटियों पर दिए गए बयान को लेकर राजधानी भोपाल सहित पूरे प्रदेश में विरोध शुरू हो गया है हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने गुफा मंदिर के छात्रों के साथ प्रदर्शन किया और आईएएस वर्मा को बर्खास्त करने की सरकार से मांग की है। तिवारी ने कहा कि यह पद के मुताबिक बयान नहीं है और किसी ब्राह्मण बेटी के खिलाफ उनकी निम्न मानसिकता को दिखाता है।

### परशुराम सेवा संगठन ने पुलिस आयुक्त को दिया ज्ञापन

इधर, ब्राह्मण समाज की बेटियों पर दिए गए बयान का पुरजोर विरोध ब्राह्मण समाज कर रहा है परशुराम सेवा संगठन पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर संतोष वर्मा के खिलाफ ज्ञापन दिया और मांग की की जल्द से जल्द संतोष वर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए ।

## मध्यप्रदेश के राज्यपाल और मॉरिशस के पूर्व राष्ट्रपति 27 नवंबर को करेंगे विश्व रंग के सातवें महोत्सव का शुभारंभ

# संस्कृति की रंगों-महक से फिर गुलजार होगा विश्व रंग, चार दिन, 90 सत्र, 35 देश, 1000 प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जाड़े की गुलाबी दस्तक के साथ एक बार फिर भोपाल की वादियां विश्व रंग से गुलजार हो रही हैं। टैगोर अन्तरराष्ट्रीय साहित्य तथा कला महोत्सव अपनी सातवीं पादान तय करता चार दिनों तक विभिन्न गतिविधियों का अनूठा ताना-बाना लिए रवीन्द्र भवन के विशाल परिसर में आयोजित होगा।

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, विश्वरंग फाउण्डेशन और उसके सहयोगी केन्द्रों की पहल पर म.प्र. शासन संस्कृति विभाग सहित देश-विदेश की पचास से भी अधिक संस्थाओं की भागीदारी से यह विशाल समागम आकार ले रहा है।

भारत के विभिन्न क्षेत्रों के मूर्धन्य चिंतकों, विचारकों और विशेषज्ञों के साथ ही विश्व के 35 से भी अधिक देशों के प्रतिनिधि


अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा, 29 नवंबर


दिव्या दत्ता, 28 नवंबर

**फिल्म अभिनेत्री दिव्या दत्ता, सान्या मल्होत्रा, क्रिकेटर सुशील दोषी और आकाश चौपड़ा भी होंगे प्रमुख वक्ता**

यहां साझा संस्कृति की मिसाल पेश करेंगे। किसी भी अशासकीय संस्था के संयोजन में होने वाला यह एशिया का सबसे बड़ा सांस्कृतिक कुंभ है।

27 से 30 नवंबर के दरमियान इस महोत्सव में अस्सी से भी अधिक सत्र संवाद, विचार, विमर्श और कलात्मक अभिव्यक्ति का खुला मंच साबित होंगे। यह जानकारी विश्व रंग के महानिदेशक तथा रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे ने प्रेस वार्ता में दी।


एक निजी होटल में प्रेस वार्ता के दौरान कुलाधिपति संतोष चौबे व अन्य।


क्रिकेटर सुशील दोषी, 29 नवंबर


क्रिकेटर आकाश चौपड़ा, 28 नवंबर


अभिनेता फैजल मलिक

### यूक्रेन के आठ विद्यार्थियों का दल प्रस्तुत करेगा हिंदी नाटक

डॉ. जवाहर कर्णावट ने विश्व रंग में प्रतिभागी देशों और उनकी प्रस्तुतियों का विवरण देते हुए कहा कि कनाडा, अमेरिका, बेल्जियम, नीदरलैंड, यूक्रेन, इटली, स्वीडन, यूके, कुवैत, म्यांमार, इंडोनेशिया, नेपाल, थाईलैंड, श्रीलंका, आर्मेनिया, रूस, जापान, बांग्लादेश, त्रिनिदाद, गयाना, इजिप्ट, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, वियतनाम, थाईलैंड, साउथ अफ्रीका, सूरीनाम स्लोवाक, रोमानिया, कतर आदि 35 से अधिक देशों के 60 प्रतिनिधि विश्व रंग में सम्मिलित होंगे। यूक्रेन का आठ विद्यार्थियों का दल हिंदी नाटक प्रस्तुत करेगा। वहीं गिरमिटिया देश में भारतीयों की विकास यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी कुली से कुलीन तक को देखना दुर्लभ अनुभव होगा।

### इनका रहा संबोधन

*पत्रकार वार्ता को विश्व रंग के सहनिदेशक तथा स्कोप स्किल ग्लोबल युनिव्हर्सिटी के चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, आईसेक्ट ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटी की निदेशक डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, प्रवासी साहित्य एवं संस्कृति शोध केन्द्र के निदेशक डॉ. जवाहर कर्नावट तथा टैगोर विश्व कला एवं संस्कृति केन्द्र के निदेशक विनय उपाध्याय ने भी संबोधित किया।*

## पाइप बैंड में मॉडल स्कूल और ब्रास बैंड में स्प्रिंग डेल नर्मदापुरम रहा प्रथम

# गुलाबी ठंडके के बीच देशभक्ति के विविध रंगों से सराबोर रही राज्य स्तरीय बैंड प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय शालेय बैंड प्रतियोगिता का राज्य स्तरीय आयोजन मंगलवार को सुभाष स्कूल में किया गया, जिसमें प्रदेश के सभी संभागों से ब्रास बैंड और पाइप बैंड की 19 विजेता टीमों के सहभागी विद्यार्थियों ने बैंड प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। राज्य स्तरीय इस आयोजन में बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत बैंड प्रस्तुति देकर समा को देशभक्ति की लहर से सराबोर कर दिया।

गुलाबी ठंडक के बीच बच्चों ने प्रस्तुति की शुरुआत सारे जहां से अच्छा... बैंड प्रस्तुति से किया इसके बाद जहां डाल डाल पे सोने की चिड़िया....., मेरा रंग दे बसंती चोला...., ऐ वतन ऐ वतन... ,वंदे मातर्म....जैसी मनमोहक बैंड धुन ने सर्द सुहानी सुबह को ओर भी सुहाना बना दिया।

प्रतियोगिता में प्रदेश के अलग अलग संभागों से आए सैकड़ों विद्यार्थियों ने सहभागिता की ओर समा को ओर भी सुहाना बना दिया।


पाइप बैंड की प्रस्तुति देती मॉडल स्कूल की छात्राएं।


स्प्रिंग डेल नर्मदापुरम की छात्राएं।


प्रतियोगिता के दौरान ड्रम बजाती हुई छात्राएं।


सेक्सोफोन पर देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देती छात्राएं।

### ये बने विजेता

*प्रतियोगिता में पाईप बैण्ड विधा में बालक वर्ग में भोपाल के शासकीय मॉडल स्कूल की टीम और बालिका वर्ग में जबलपुर के क्राइस्ट चर्च स्कूल की टीम प्रथम स्थान पर रही वहीं ब्रास बैण्ड के बालक-बालिका दोनों समूहों में स्प्रिंग डेल विद्यालय नर्मदापुरम ने प्रथम स्थान पाया। जिसमें भोपाल की महापौर मालती राय ने विजेता टीमों को पुरस्कृत किया।*

### गोवा में होने वाले बैंड के लिए चयनित हुई हमारी टीम

वहीं, मॉडल हायर सेकंडरी स्कूल भोपाल की पाइप बैंड की कोच रूपा रावत ने बताया कि पढ़ाई के साथ साथ बच्चों की हॉबी पर ध्यान देते हैं। रूपा ने बताया कि जो चार टीमें जीती हैं, वो सभी गोवा में होने वाले बैंड के लिए चयनित की गई हैं।


मॉडल स्कूल की टीम प्रस्तुति देते हुए।

### 6 महीने पहले से तैयारी

क्राइस्ट चर्च स्कूल जबलपुर से आए पाइप बैंड गर्ल्स टीम ने 17 टीमों में से पहले चार में अपनी जगह बनाई। जहां टीम में 25 गर्ल्स प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, उनके कोच प्रमोद और बच्चों ने बताया कि इस पाइप बैंड के लिए हम 6 महीने पहले से तैयारी कर रही है। टीचर्स ने बहुत सपोर्ट किया जिस वजह से हम टॉप फोर में हैं।


जबलपुर से आए पाइप बैंड की टीम प्रस्तुति ।

## भारत भवन की रूपाभ गैलरी में शर्मा मुनि लम्बरदार की एकल चित्र प्रदर्शनी

# रंगों की गतिशीलता और भावनाओं की गहराई के अनोखे संगम से सजे शर्मा के चित्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रंगों और ज्यामिति की अद्भुत लय को अपने भीतर समेटे हुए चित्र जिसमें रंगों की गतिशीलता और भावनाओं की गहराई का अनोखा संगम नजर आता है, चित्र में फैले लाल, हरे, पीले और नारंगी रंगों की ऊर्ध्वाधर व क्षैतिज धारियां मानो ऊर्जा, प्रवाह और निरंतर परिवर्तन का प्रतीक बनकर उभरती हैं।


इन रंगों के बीच मौजूद छोटे-छोटे ज्यामितीय आकार आधुनिक जीवन की जटिलताओं, रिश्तों और विचारों के परस्पर टकराव को दर्शाते हैं। शर्मा मुनि लम्बरदार के एब्सट्रेक फार्म में बने 48 चित्रों में रंगों और कल्पना का ऐसा ही अद्भुत संसार देखने को मिला मंगलवार शाम भारत भवन की रूपाभ दीर्घा में आयोजित एकल चित्र प्रदर्शनी में।


भारत भवन की रूपाभ दीर्घा में चित्रों को निहारते दर्शक।


प्रदर्शनी में चत्रों की सराहना करते दर्शक।

### पेंटिंग केवल देखने का अनुभव नहीं, बल्कि महसूस करने की प्रक्रिया है

*ललित कलाओं के रूपंकर संग्रहालय में लम्बरदार का प्रत्येक चित्र कुछ कहता हुआ प्रतीत हुआ, जिसमें एब्सट्रैक्ट एलीमेंट पैटर्न के साथ साथ मॉडर्न पैटर्न भी नजर आया। इन चित्रों में सतह पर दिखने वाला अव्यवस्थित-सा रूप वास्तव में कलाकार की संतुलन खोजने की कोशिश को सुंदरता से प्रस्तुत करता है। जहां हर रंग अपनी जगह रखता है और हर रेखा एक नई दिशा का संकेत देती है। शर्मा ने कहा कि मेरी सभी पेंटिंग केवल देखने का अनुभव नहीं, बल्कि महसूस करने की प्रक्रिया है। जो दर्शक के भीतर रंगों की भाषा को जीवित कर देती है।*


प्रदर्शनी में चित्रत्रकला को बारीकी से निहारती एक दर्शक।

## जब भी मां पूजा की थाल सजाती मन करता रंगों को कैनवास पर उकेरूं

*बचपन से रंगों के प्रति गहरा लगाव रखने वाले शर्मा मुनि बताते हैं कि मुझे कला की प्रेरणा मेरी मां से मिली। यहीं से मेरी कला यात्रा शुरु हुई। जब भी मां पूजा की थाल सजाती थीं, अलग-अलग फूलों और रंगों से बनती आकृतियां मुझे हमेशा मोह लेतीं। तभी से रंगों के साथ खेलने का शौक जागा। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन की तरह मेरी कला में भी सुख और दुख दोनों के रंग शामिल हैं। यही भावनाएं मैंने अपने कैनवास के साथ साथ पेपर पर उकेरी हैं। उन्होंने कहा मैं रंगों से कभी कोताही नहीं करता, हमेशा पूरे मन से रंग भरता हूं। मैं ज्यादातर अक्रेलिक कलर का ही इस्तेमाल करता हूं। पेंटिंग को कभी समझने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, पेंटिंग खुद बोलती है।*


चित्रकार शर्मा मुनि

# राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान में नितिन बल चौहान की प्रेरक मास्टर क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) में प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर नितिन बल चौहान की प्रेरणादायी मास्टर क्लास का आयोजन किया गया। सत्र के दौरान उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि असफलताएं अक्सर हमारे लिए वरदान साबित होती हैं और छात्रों को चुनौतियों को अवसर के रूप में स्वीकार करने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि उनकी करियर यात्रा दिल्ली विवि में अर्थशास्त्र के अध्ययन से शुरू हुई, किन्तु निफ्ट दिल्ली की एक यात्रा ने उन्हें फैशन की दुनिया में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बाद में उन्होंने निफ्ट दिल्ली में प्रवेश प्राप्त किया और अपने डिजाइन दृष्टिकोण को मजबूत किया। उन्होंने अपने प्रसिद्ध कारगिल युद्ध पर आधारित स्नातक संग्रह के बारे में भी चर्चा की, जिसे उसकी भावनात्मक गहराई और सशक्त कहानी कहने की शैली के लिए व्यापक सराहना मिली।


निफ्ट में क्लास लेते फैशन डिजाइनर चौहान।


मशहूर फैशन डिजाइनर चौहान का स्वागत करते संस्थान के प्रमुख।

### छात्र-छात्राओं ने वार्ता के माध्यम से रखे विचार

# संस्कृत विवि में सरदार वल्लभ भाई पटेल @150 के अंतर्गत वार्ता का आयोजन


कार्यक्रम में अपने विचार रखते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय संस्कृत विवि में मंगलवार को सरदार <\@>150 के अंतर्गत 'एक भारत का दृष्टिकोणः भारतीय संविधान और लोकतंत्र के निर्माण में सरदार वल्लभ भाई पटेल की भूमिका' विषय पर छात्र छात्राओं ने वार्ता के माध्यम से अपने विचार रखे।

उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारतीय संविधान और लोकतंत्र के निर्माण बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन्होंने प्रांतीय समिति, मौलिक अधिकार समिति, जनजातीय समिति आदि की अध्यक्षता की।

इस वार्ता में बताया कि पटेल ने 565 रियासतों को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया और लोकतंत्र को भी स्थापित किया। आज हमारे देश में एक भारत श्रेष्ठ भारत की गूंज सुनाई देती है, जिसे हम सभी को मिलकर जाति एवं धर्म से ऊपर उठकर आगे बढ़ाना है।

### ध्रुपद संस्थान में स्मरण समारोह का समापन

## बाल कलाकार अर्जुन कोंडे ने गणेश वंदना सुनाकर बांधा समा

# देश के वरिष्ठ साहित्यकारों के कहानी पाठ और ध्रुपद गायन के नाम रही समापन संध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ध्रुपद संस्थान में स्मरण समारोह के समापन दिवस की प्रातः कालीन सभा देश के वरिष्ठ साहित्यकारों के नाम रही। सभा की शुरूआत गणेश वंदना शंकर सूत गणेश.... से हुई जिसे बाल कलाकार अर्जुन कोंडे ने ध्रुपद शैली में प्रस्तुत किया। साहित्य सभा में मुकेश वर्मा, निरंजन चौधरी और हरि भटनागर का कहानी पाठ हुआ। निरंजन क्षेत्रीय ने अपने कहानी संग्रह से जानवर का वाचन किया। हरि भटनागर ने कहानी आपत्ति सुनाई एवं मुकेश वर्मा ने अपने कहानी संग्रह से ये लोग वेश लोग... पढ़ी। अनिल कर्मेले ने इस साहित्य सभा संयोजन किया। स्मरण समारोह की अंतिम सभा का प्रारंभ बाल कलाकार ऋतिक आचार्य के ध्रुपद गायन से हुआ।


बाल कलाकार अर्जुन कोंडे


प्रदीप आस्था चोपड़ा युगल ध्रुपद गायन प्रस्तुत करते हुए।

### राग यमन में मूरत मन भाए... की दी प्रस्तुति

रितिक ने राग यमन में मूरत मन भाए... की प्रस्तुति दी। इसके बाद विक्रमादित्य गुप्ता का ध्रुपद गायन हुआ। आपने राग मालकौंस में चौताल में ध्रुपद शिव स्तुति शंकर गिरजापति.. प्रस्तुत की। तत्पश्चात प्रदीप आस्था चोपड़ा का युगल ध्रुपद गायन हुआ।

चोपड़ा ने राग दुर्गा की अवतारणा की। समारोह की अंतिम प्रस्तुति दिल्ली से पधारे डॉ. पंडित अविनाश कुमार के ख्याल गायन से हुई, डॉ अविनाश ने राग बागेश्वरी में बड़ा ख्याल एवं छोटा ख्याल प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन राग भैरवी से किया जिसके बोल थे-भवानी दयानी जगत जननी....।

## खबर संक्षेप

### राठी स्टील के एबिटडा में 15 फीसदी की बढ़त

**नई दिल्ली।** राठी स्टील एंड पावर लिमिटेड वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम रचनात्मक अंदाज में घोषित किए। दूसरी तिमाही में कुल आय 156.43 करोड़, एबिटडा 6.37 करोड़ और शुद्ध लाभ 1.63 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। कंपनी के प्रबंध निदेशक महेश पारीक ने कहा कि दूसरी तिमाही में हमने 156.43 करोड़ का समेकित राजस्व और1.63 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया।

### इंडोविंड के एबिटडा में 30.88 फीसदी उड़ान

**चेन्नई।** इंडोविंड एनर्जी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही में अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी के अनुसार पहली छमाही में कुल आय 29.29 करोड़, एबिटडा 15.73 करोड़ और शुद्ध लाभ 7.15 करोड़ रुपए दर्ज हुआ , जबकि दूसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय 17.74 करोड़ रुपए रही। एबिटडा 10.53 करोड़ औ शुद्ध लाभ 4.57 करोड़ रुपए प्राप्त हुआ।

### श्री केशव सीमेंट्स को हुई 36.22 करोड़ की आय

**मुंबई।** श्री केशव सीमेंट एंड इंफा लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। दूसरी तिमाही में कंपनी को 36.22 करोड़ रुपए की आय हुई। कंपनी का एबिटडा 8.38 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ 0.69 करोड़ रुपए हुआ। कंपनी के अध्यक्ष वेंकटीश कटवा ने कहा कि कुल आय 36.22 करोड़ तक बढ़ी, जो वार्षिक आधार पर 42.81 फीसदी की वृद्धि दर्शाती है। कंपनी के शुद्ध में 0.69 करोड़ तक सुधार हुआ।

### एबीएस मरीन का शुद्ध लाभ 334 फीसदी बढ़ा

**मुंबई।** एबीएस मरीन सर्विसेज़ लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में असमीक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी की कुल आय 139.53 करोड़ रुपए, साल-दर-साल वृद्धि 90.01 फीसदी दर्ज हुई। एबिटडा 51.35 करोड़, साल-दर-साल वृद्धि 324.17 फीसदी और शुद्ध लाभ 30.62 करोड़ दर्ज हुआ।

## फिलहाल, वैश्विक हाजिर कीमतें लगभग 4,175 डॉलर प्रति औंस

# वर्ष 2026 के अंत तक सोने का बड़ा टारगेट, भाव 1,57000 रुपए प्रति दस ग्राम पहुंचने की संभावना

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल /नई दिल्ली

रिकॉर्ड तेजी के बाद सोने में गिरावट आई, लेकिन सहागल सीजन के चलते सोना फिर सवा लाख रुपए प्रति दस ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। इस बीच सोने की कीमतों को लेकर एक और दावा किया गया है। बैंक ऑफ अमेरिका ने 2026 में सोने की कीमत औसतन 4,538 डॉलर प्रति औंस रहने का अनुमान लगाया है, भारतीय रूपए में बात करेंगे आगामी वर्ष के अंत तक सोना 1,57000 रुपए प्रति दस ग्राम के स्तर पहुंचेगा। फिलहाल वैश्विक हाजिर कीमतें लगभग 4,175 डॉलर प्रति औंस हैं।


बहुमूल्य धातु

बाजार जानकारों के अनुसार बायदा बाजार में 24 कैरेट सोने की 10 ग्राम की कीमत 1,25,342 रुपए है। बैंक ऑफ अमेरिका ने संकेत दिया कि सोने के ओवर बॉट और अंडर-इन्वेस्टेड दोनों परिस्थिति में अभी भी तेजी की गुंजाइश है। पूर्वानुमान लगाया है कि हायर गवर्नमेंट लोन लेवल, लगातार बढ़ती महंगाई, कम ब्याज दरें, तथा अपरंपरागत अमेरिकी आर्थिक नीतियों का प्रभाव, जो पहले से ही सोने की ऐतिहासिक तेजी में योगदान दे रही हैं, प्रभावित होती हैं तो सोना 5,000 डॉलर तक पहुंच सकता है।

बाजार जानकारों के अनुसार चीन से मांग में कमी, प्रमुख खनन धातुओं की आपूर्ति में बाधा, कम वैश्विक भंडार अन्य कारण भी सोने की कीमतों को प्रभावित करेंगे। वहीं, न्यूयॉर्क फेड के अध्यक्ष जॉन विलियम्स ने जब यह कहा कि ब्याज दरों में कटौती से महंगाई के खिलाफ फेड की लड़ाई को नुकसान नहीं पहुंचेगा, तब से दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें बढ़ गई हैं। सराफा कारोबारियों ने दिसंबर में फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की 81 प्रतिशत संभावना जताई है, जो एक सप्ताह पहले 40 प्रतिशत थी। कम फेड दरों से सोने को बढ़ावा मिलता है, क्योंकि इस धातु पर कोई यील्ड नहीं होता है, जिससे ब्याज दरों में गिरावट होने पर इसकी कीमतों के लिए पॉजिटिव होता है।

### सोना की कीमतें फिर 1.28 लाख के पार चांदी 1.58 लाख रुपए के पार पहुंची

सोने -चांदी के वायदा कारोबार में तेजी लौट आई। मंगलवार को राजधानी भोपाल सराफा बाजार में मंगलवार को सोना 24 कैरेट मय जीएसटी के साथ 1 लाख 28 हजार 800 रुपए प्रति 10 ग्राम बोला गया। जबकि चांदी मय जीएसटी के साथ 1 लाख 58 हजार 800 रुपए प्रति किलो बोली गई। लेकिन एमसीएक्स यानी वायदा बाजार में सोने के वायदा भाव 1,25,000 रुपए, जबकि चांदी के भाव 1,56,600 रुपए दर्ज हुआ। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट 935 रुपए की तेजी के साथ 1,24,789 रुपये के भाव पर खुला और 1,25,234 रुपए के भाव पर दिन का उच्च स्तर छुआ।

### 65 से 70 रुपए किलो के भाव में 30 किलो की कट्टी

## नए खजूर का आवक, ठंड से बाजार में बढ़ी मांग


खजूर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्राकृतिक मिठास, खनिज से लबालब और दवा के रूप में खाया जाने वाला फल 'खजूर' की नई आवक स्थानीय बाजार में हो रही है। ईराक, ईरान की सरजमी पर फलने वाला यह खजूर भारतीय बाजार में दुबई के रास्ते मुंबई और फिर राज्य में पहुंच रहा है। बेहतर पैदावार की खबर से नए खजूर जो आमद स्थानीय बाजार में हो रही है गत वर्ष की अपेक्षा भाव 10 रुपए प्रतिकिलो ऊंचे हैं। पिछले वर्ष 52 से 54 रुपए प्रति किलो क्वालिटीनुसार था जो मौजूदा समय में 30 किलो खजूर की कट्टी में थोक भाव 65 से 70 रुपए किलो के भाव बोली जा रही है।

जुमेराती बाजार स्थित खजूर के थोक विक्रेता बताते हैं कि खजूर और छुहारे में कोई समानता नहीं है। खजूर की खपत शहरी क्षेत्र की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्र यानी देहातों में अधिक होती है। खजूर स्वस्थ्य के लिए लाभदायक फल माना गया। खजूर का सालभर नियमिति सेवन करने से कोई बीमारी नहीं होती। भोपाल मंडी खजूर की आवक मुंबई और इंदौर से हो रही है। मौसम में हुए बदलाव और ठिठुरन का असर बढ़ने से बाजार में खजूर की उपभोक्ता मांग निकलने लगी है। भोपाल में खजूर की 2 गाड़ी रोजाना आवक हो रही है। शुरू हुई आवक से बाजार में खजूर की उपलब्धता होली तक बनी रहेगी।

### शहर में कई जगह दुकानदारों ने लगा रखे हैं गर्म कपड़ों के बाजार

## सर्दी और सहालग से रोशन हुआ गर्म कपड़ों का बाजार



कपड़े


कंबल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सर्दी बढ़ने से गर्म कपड़ों के बाजार गुलजार होने लगे है। गर्म कपड़ों की खरीदारी के लिए ग्राहकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शहर मे कई जगह गर्म कपड़ों के बाजार दुकानदारों ने लगा रखे है। दुकानदारों के मुताबिक बच्चों के ऊनी कपड़ों की मांग सबसे ज्यादा है। व्यापारियों को उम्मीद है कि सर्दी बढ़ने पर कारोबार और अच्छा होगा। नवंबर बीतने को अब कुछ ही दिन शेष बचे हैं । सर्दी धीरे-धीरे जोर पकड़ रही है। धूप निकलने से दिन में ठंड का असर भले ही महसूस न हो पर सुबह-शाम की सर्दी लगने लगी है। इसके अलावा शादियों का सीजन शुरू है। इसके प्रभाव से भी शहर के बाजार में फैंसी कपड़ों के साथ ऊनी कपड़ों की दुकानों पर ग्राहकों की बढ़त देखी जा रही है। लोग अपनी जरूरत के हिसाब से ऊनी कपड़े खरीदने के लिए दुकानों पर पहुंच रहे हैं।

### इन गर्म कपड़ों की अच्छी मांग


दुकानदार उमेश के अनुसार बच्चे स्वेटर, जैकेट, मोजा,टोपा स्टालो,दस्तानें आदि की मांग बढ रही हैं। तो वहीं बाजार में उपलब्ध कई तरह के कंबलों की खरीदारी भी बढ़ गई है। गर्म कपड़े बेचने वाले सुरेश ने बताया कि ठंड के साथ सहालग के कारण ऊनी कपड़ों की खरीदारी बढ़ी है। अभी सबसे ज्यादा मांग बच्चों के ऊनी कपड़ों की है। विक्रेताओं के अनुसार मार्केट में सर्दियों से बचाव के लिए बच्चों व युवक-युवतियों के अलावा बुजुर्गों की पसंद को ध्यान में रखकर बाजार में लेटेस्ट और स्टाइलिश डिजाइन में गर्म कपड़े मंगवाए गए हैं।

### निवेशकों के 33,000 करोड़ रुपए डूबे

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद, सेंसेक्स 313 अंक टूटा, लगातार तीसरे दिन गिरावट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद शेयर मार्केट मंगलवार 25 नवंबर को लगातार तीसरे दिन लाल निशान में बंद हुआ। हालांकि सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने कारोबार की शुरुआत हरे निशान में की थी। लेकिन बाद में तेज बिकवाली से दोनों इंडेक्स नीचे आ गए। सेंसेक्स दिन के हाई से करीब 550 अंक टूट गया। वहीं निफ्टी लुढ़ककर 25,900 के भी नीचे चला गया। कारोबार के अंत में, बीएसई सेंसेक्स 313.70 अंक या


शेयर बाजार

0.37 फीसदी गिरकर 84,587.01 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 74.7 अंक या 0.29 फीसदी लुढ़ककर 25,884.80 के स्तर पर आ गया। हालांकि ब्रॉडर मार्केट हरे निशान में बंद हुए। बीएसई स्मॉलकैप और मिडकैप इंडेक्स में 0.2 प्रतिशत तक की तेजी देखने को मिली। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन आज घटकर 469.35 लाख करोड़ रुपए पर आ गया, जो इसके पिछले कारोबारी दिन 469.68 लाख करोड़ रुपये रहा था। इस तरह बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप करीब 33,000 करोड़ रुपए घटा है यानी निवेशकों की संपत्ति में करीब 33,000 करोड़ रुपए की गिरावट आई है।

### मेदांता के विशेषज्ञ अब भोपाल में

## किडनी उपचार को लेकर 29 नवंबर से विशेषज्ञ सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेदांता द मेडिसिटी गुरुग्राम, जिसे लगातार छह वर्षो से न्यूजवीक द्वारा भारत का सर्वश्रेष्ठ निजी अस्पताल चुना जा रहा है, अब अपने सुपर स्पेशियलिटी उपचार को भोपाल तक विस्तार कर रहा है। मेदांता में रीनल बिमारियों से जुड़ी विशेषज्ञ सेवाएं 29 नवंबर 2025 से भोपाल में उपलब्ध हैं। मेदांता गुरुग्राम के सीनियर डायरेक्टर, नेफ्रोलॉजी, डॉ. देबब्रत मुखर्जी की अगुवाई में यह मासिक ओपीडी आयोजित की जाएगी। न्यू मार्केट, मालवीय नगर, भोपाल में हर महीने के चौथे शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक डॉ. मुखर्जी से परामर्श ले सकते हैं। देबब्रत मुखर्जी ने कहाकि भोपाल में मेदांता का यह कदम हमारे उस संकल्प को और मजबूत करता है कि रीनल बिमारियों और ट्रांसप्लांट से जुड़ी देखभाल की बेहतर व्यवस्था केवल महानगरों तक सीमित न रहे।

### तेजस कार्गो के शुद्ध लाभ में 44 फीसदी की वृद्धि

**मुंबई।** तेजस कार्गो इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही के लिए अपना अनौडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किया। पहली छमाही में कंपनी की कुल आय 306.00 करोड़ रुपए,एबिटडा 47.78 करोड़, शुद्ध लाभ 12.60 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर,चंदर बिंदल ने कहाकि हमारी फ्लीट अब 1,231 वाहनों तक बढ़ गई है। हमने 115 नए वाहन तैनात किए। छमाही में 55,972 से अधिक यात्राएं पूरी करने में मदद मिली।

**In The Court Of V Civil Judge Class-I, District Court, Bhopal**

Presiding Officer:**श्रीमती मेघा अग्रवाल**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000210/2025)
राजदीप कपूर................ आवेदक
Vs
नम्रता चोपडा............. ...अनावेदक

Process Id-/2025
प्रेषिती, पेशी दिनांक: 14/01/2026

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजदीप कपूर पता ने मृतक स्व. श्री हरवंत सिंह कपूर निवासी 102-H, RIDGE ROAD, IDGAH HILLS, BHOPAL की HUZUR, BHOPAL राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 14 January 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 14 January 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 14 November 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश **श्रीमति मेघा अग्रवाल**
**पंचम व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ खंड भोपाल (म. प्र.)**

**In The Court Of V Civil Judge Class-I, District Court, Bhopal**

Presiding Officer:**श्रीमती मेघा अग्रवाल**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000208/2025)
राजदीप कपूर................. आवेदक
Vs
नम्रता चौपडा.............. अनावेदक

Process Id-/2025
प्रेषिती, पेशी दिनांक: 14/01/2026
(1) सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजदीप कपूर पता ने मृतक स्व. श्रीमती कमलेश कपूर पत्नी स्व. श्री हरवंत सिंह कपूर निवासी 102-H, RIDGE ROAD, IDGAH HILLS, BHOPAL की HUZUR, BHOPAL राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 14 January 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 14 January 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 17 November 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश **श्रीमति मेघा अग्रवाल**
**पंचम व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ खंड भोपाल (म. प्र.)**

## कुमार मंगलम बिड़ला यूनिवर्सिटी को मिली लंदन से ऑनरेरी डिग्री

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कुमार मंगलम बिड़ला उन पांच जाने-माने लोगों में से एक हैं जिन्हें यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से ऑनरेरी डिग्री मिली है। प्रोफेसर सर हिलेरी बेकल्स, सर टेरी वेट, सुजाना स्कोफील्ड एमबीई और द रेवरेंड फिलिप गॉफ को भी सम्मानित किया जा रहा है। कुमार मंगलम बिड़ला आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन हैं, जो एक सदी पुरानी


समारोह

लीडिंग इंडियन मल्टीनेशनल कंपनी है और विदेश में काम करने वाला पहला इंडियन बिजनेस हाउस है। आज यह छह कॉन्टिनेंट्स के 41 देशों में फैला हुआ है।

## भारतीय निर्यातकों के लिए नई क्रॉस-बॉर्डर ट्रेड पेमेंट सुविधा लांच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के रिवेक्सा प्लेटफॉर्म ने भारतीय निर्यातकों के लिए एक सहज और तेज क्रॉस-बॉर्डर ट्रेड पेमेंट समाधान की शुरुआत की है। यह समाधान इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर्स अथॉरिटी द्वारा निर्धारित नियामक ढाँचे का लाभ उठाकर वैश्विक भुगतान प्रक्रियाओं को सरल और कुशल बनाने की दिशा में उठाया


कार्यक्रम

गया महत्वपूर्ण कदम है। यह घोषणा पिछले सप्ताह आयोजित रिवेक्सा के प्रमुख आउटरीच कार्यक्रम 'रिवोल्यूशन 2025: निर्यात और वित्त की दुनिया का रहस्योद्घाटन ('रिवॉल्यूशन 2025: वित्त और वित्त की दुनिया को आसान बनाना') के दौरान बताया गया। यह कार्यक्रम आ ई ए फ ए स सी ए , आरएक्सआईएल ग्लोबल आईएफएससी लिमिटेड (आरएक्सआईएल ग्लोबल) और ग्लोमोपे प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में तीनों साझेदार संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों तथा रिवेक्सा के निर्यातक समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया।

## भारत में एआई स्टार्टअप बनाने के लिए गूगल देगी पैसा, एक्सेल ने मिलाया हाथ


तंत्र की रफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में एआई स्टार्टअप शुरू करना अब आसान होगा, क्योंकि एक्सेल और गूगल एआई फ्यूचर्स फंड मिलकर 2026 एटम्स एआई कोहोर्ट लांच करने जा रही हैं। इस साझेदारी के तहत हर स्टार्टअप को 20 लाख डॉलर तक के सह-निवेश का अवसर मिलेगा। यह सहयोग भारतीय एआई संस्थापकों, स्टार्टअप्स और वैश्विक स्तर पर भारतीय प्रवासी उद्यमियों को मजबूत समर्थन देगा और भारत के एआई पारिस्थितिकी तंत्र की रफ्तार और बढ़ाएगा।

### स्टार्टअप्स को मिलेगी बड़ी पूंजी

एक्सेल के इस गठजोड़ का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि एक्सेल और गूगल दोनों मिलकर भारत में एआई स्टार्टअप बनाने वाले संस्थापकों में सह-निवेश करेंगे। इसके तहत हर चयनित स्टार्टअप को 20 लाख डॉलर तक की कुल फंडिंग का अवसर मिलेगा। इसमें एक्सेल की तरफ से 10 लाख डॉलर और गूगल एआई फ्यूचर्स फंड की ओर से 10 लाख डॉलर तक का सहयोग मिलेगा। इस संयुक्त निवेश मॉडल से शुरुआती चरण के स्टार्टअप्स को फंडिंग के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर मान्यता, तकनीकी मेंटरशिप और मार्केट एक्सपोजर ऑल इन वन मिलेगा।

### एनआरआई को भी मिलेगा मौका

कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार यह पहल केवल भारत तक सीमित नहीं रहेगी। एक्सेल–गूगल का यह सहयोग मॉडल दुनिया भर में भारतीय प्रवासी संस्थापकों तक भी विस्तार किया जाएगा, जो वैश्विक स्तर पर एआई-आधारित समाधान विकसित कर रहे हैं। इससे भारतीय टैलेंट का वैश्विक इकोसिस्टम से जुड़ाव और गहरा होगा।

### गूगल का पहला सहयोग भारत के लिए अहम

कंपनी ने कहा है कि यह भारतीय एआई निर्माताओं के साथ गूगल का अपनी तरह का पहला सहयोग है। इससे भारतीय एआई स्टार्टअप इकोसिस्टम में न सिर्फ पूंजी का प्रवाह बढ़ेगा, बल्कि वैश्विक टेक कंपनियों का भरोसा भी मजबूत होगा। यह कदम भारत को एआई इनोवेशन हब बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। 2026 एटम्स एआई कोहोर्ट के लॉन्च के बाद भारतीय एआई स्टार्टअप्स को न सिर्फ निवेश मिलेगा।

## मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने लांच किया 'ब्राइड्स ऑफ इंडिया' कैंपेन का ग्रैंड 15वां एडिशन




एजेंसी ▶▶ मुंबई

हर भारतीय दुल्हन अपने साथ भावनाओं की एक दुनिया लेकर चलती है वे रस्में जिन्हें देखते हुए वह बड़ी हुई है, वह संस्कृति जिससे वह जुड़ी है, वे यादें जो उसके करीब हैं और आभूषण जो उसके जीवन के सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक पर उसकी पहचान का हिस्सा बन जाते हैं। दुनिया की सबसे बड़ी सोने और हीरे की रिटेल चेन में से एक, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने भारत के समृद्ध सांस्कृतिक संरचना में दुल्हन के आभूषणों के महत्व को लंबे समय से समझा है। ब्राइडल रेंज में वे डिजाइन शामिल हैं जिन्हें मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने सोच-समझकर चुना, गढ़ा और विकसित किया है, ऐसे आभूषण जो पवित्रता, उद्देश्य और उत्कृष्ट कारीगरी के साथ तैयार किए गए हैं और हर दुल्हन की परंपराओं का सम्मान करते हैं।

ब्राइडल क्राफ्ट्समैनशिप में गहरी विशेषज्ञता के साथ ब्रांड ने देश भर में दुल्हनों की विशिष्ट परंपराओं का सम्मान करने वाले डिजाइन बनाने में एक बेजोड़ विरासत का निर्माण किया है। इस वर्ष के संस्करण में 22 दुल्हनें और 10 सेलिब्रिटी शामिल हो रही हैं आलिया भट्ट, करीना कपूर खान, एनटीआर, कार्थी, अनिल कपूर, श्रीनिधि शेट्टी, रुक्मिणी मैत्रा, सब्यसाची मिश्रा, प्रार्थना बेहेरे और मानसी पारेख, जो अभियान के पैमाने, विविधता और भावनात्मक गहराई को दर्शाते हैं।

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय -I :
पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

**ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को धारा [धारा 13(2)] के अन्तर्गत मांग सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)**

केनरा बैंक **की संबंधित शाखा** के माध्यम से निम्नवर्णित ऋणियों द्वारा लोन / साख सुविधा समय-समय पर प्राप्त किये गये।

| ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि/ एनपीए दिनांक | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **केनरा बैंक, नर्मदापुरम शाखा, नर्मदापुरम** | | |
| ऋणी एवं बंधककर्ता: **श्रीमती अनीता दोहरे पत्नि श्री मुकेश दोहरे** सहऋणी- **श्री मुकेश दोहरे पुत्र सुकम लाल दोहरे** दोनों का पता : मकान नं. 51, वार्ड नं. 05, बाबई तहसील- बाबई, जिला-होशंगाबाद | मांग सूचना दिनांक : 19.11.2025 दिनांक को बकाया राशि ₹ 2,83,840.79/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 30.10.2020 | रिहायशी मकान स्थित प्लाट सर्वे नंबर 97/189, वार्ड नंबर 5 बाबई पीसी नं. 24/50, सेटलमेंट क्रमांक 01215 तहसील बाबई जिला- नर्मदापुरम म.प्र. 461661 चर्तुसीमाएँ: पूर्व- सुकुम लाल का घर, पश्चिम- सुरेंद्र मालवीय का घर, उत्तर-लेन, दक्षिण-राजू मालवीय का घर शीर्षक धारक का नाम- **श्रीमती अनीता दोहरे** |
| **केनरा बैंक, रायसेन रोड शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणी: **श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र श्री प्रताप नारायण सिंह** पता: एच 158 वार्ड 03 ग्राम शास्त्र नगर शिवपुरी म.प्र. 473551 जमानतदार: **श्री उमंग गंगराड़े पुत्र श्री नारायण गंगराड़े** पता: फ़्लैट नं. 11, मीनाक्षी लेक पैराडाइज करबेला भोपाल म.प्र. 462010 | मांग सूचना दिनांक : 17.11.2025 दिनांक को बकाया राशि ₹ 10,20,711.03/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 14.11.2025 | बंधक संपत्ति स्थित फ्लैट नं. एस-सी, द्वितीय तल, श्रीराम सपना ब्लॉक 2 प्लॉट नं. एच-10, ग्राम दामखेड़ा, वीरान, कोलार रोड, खसरा क्रमांक 18/1/2/2/1 (नया खसरा क्रमांक 81) कुल क्षेत्रफल 800.00 वर्गफीट। चर्तुसीमाएँ: पूर्वः फ्लैट नं. एस-बी, पश्चिमः फ्लैट नं. एच-9, उत्तरः रोड, दक्षिणः फ्लैट नं. एस-डी, शीर्षक धारक का नाम- श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र श्री प्रताप नारायण सिंह |

उपरोक्त वर्णित ऋण / साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अतः बैंक द्वारा उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत माँग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं। अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।
इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें।
उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।
मांग सूचना की प्रति रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा शाखा में उपलब्ध आपके अंतिम ज्ञात पते पर भेजी जा रही है।

**स्थान : भोपाल**
**दिनांक : 26/11/2025**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**केनरा बैंक**

चिंतन

# राम मंदिर पर फहरी ध्वजा बताती संघर्ष की दास्तां

आखिरकार वो दिन आ ही गया जिसका सदियों से इंतजार था। पांच शताब्दियों के बाद अयोध्या में राम मंदिर संपूर्ण हो गया। प्राण प्रतिष्ठा के 673 दिनों बाद प्रधानमंत्री मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। यह सब 25 नवंबर के उस खास विवाह पंचमी के दिन हुआ, जिसे त्रेतायुग में भगवान राम और सीता के विवाह दिवस के रूप में जाना जाता है। भगवान राम का जन्म रघुवंश में हुआ था। रघुवंश में ध्वज की परंपरा रही है। भगवान राम के वंश के लिए कोविदारा वृक्ष का प्रतीक झंडा माना जाता है। अब आयोध्या में उसी विरासत को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंदिर पर ध्वजारोहण कर रहे थे, तब पूरा देश न केवल आस्था से सराबोर था बल्कि चौतरफा उल्लास का माहौल भी देखा गया। क्योंकि ये दिन लंबे संघर्ष और बलिदान के बाद आया। 16वीं शताब्दी में मंदिर के ध्वंस से 2024 में मंदिर निर्माण तक हिन्दू समाज और भगवान राम के भक्तों के धैर्य और बलिदान की पूरी दास्तां है। इतिहास बताता है कि 1528 में भारत पर मुगल आक्रमण के दौरान बाबर के सेनापति मीर बाकी ने राम जन्मभूमि पर बने मंदिर को गिराकर मस्जिद का निर्माण करवा दिया। यहीं से शुरू हुआ संघर्ष, जो धर्म, सत्य, इतिहास और अस्तित्व का प्रश्न बन गया। राम भक्तों ने संघर्ष छोड़ा नहीं, हर युग में लड़ाई जारी रही। 1530 से 1857 तक हिन्दू समाज लगातार जन्मभूमि पर पूजा करता रहा। कई लड़ाइयां लड़ी गईं। इसे लेकर हिन्दू–मुस्लिम समुदाय में कई बार इस स्थल पर टकराव हुआ, लेकिन रामभक्त पीछे नहीं हटे। 1857 के बाद ब्रिटिश राज के दौरान अंग्रेजों ने पूजा स्थल पर बैरिकेड लगाकर हिन्दुओं-मुसलमानों के हिस्से अलग किए, लेकिन पूजा और दावे का संघर्ष बदस्तूर जारी रहा। राम भक्त हर हाल में मंदिर के फिर से निर्माण पर अटल रहे। 1949 के दौरान मध्यरात्री में रामलला की प्रतिमा प्रकट हुई। भक्तों की मान्यता है कि रामलला स्वयं प्रकट हुए। इससे हिन्दू आस्था और भी गहरी हो गई, लेकिन स्थल को विवादित मानकर ताला लगा दिया गया। 1986 में कोर्ट के आदेश से हिन्दुओं के लिए ताला खोला गया और यहीं से शुरू हुआ देशव्यापी आंदोलन। 1987 से 1989 के बीच आंदोलन ने नई गति पकड़ी। 1990 में पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की रामरथ यात्रा ने आंदोलन को निर्णायक मोड़ दिया। इस यात्रा में नरेंद्र मोदी मुख्य प्रबंधक और रूट समन्वयक की भूमिका में थे। 9 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने सबूत, पुरातत्व और इतिहास के आधार पर फैसला सुनाया कि यह स्थल राम जन्मभूमि ही है। यहां मंदिर ही बनेगा। यह फैसला 500 वर्षों की न्यायिक यात्रा का अंत और मंदिर निर्माण का आधिकारिक आरंभ था। 2020 से 2024 तक मंदिर निर्माण का समय था। 5 अगस्त 2020 को भूमि पूजन के बाद मंदिर निर्माण शुरू हुआ। विश्व-स्तरीय मंदिर आकार लेने लगा और और 22 जनवरी 2024 को रामलला प्रतिमा की भव्य प्राण प्रतिष्ठा हुई। अब ध्वजारोहण के बाद मंदिर निर्माण पूर्ण हो गया। मंदिर की हर ईंट में संघर्ष, बलिदान, आस्था और विजय की कहानी लिखी है और हर ईंट राम के भक्तों में न केवल आस्था बल्कि जोश और उल्लास का नव संचार करती है।



लेबर कोड

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# नए श्रम कानून से आर्थिक रफ्तार

नए श्रम कानून श्रमिकों के लिए राहत और उद्योग-कारोबार के लिए आर्थिक रफ्तार के नए आधार दिखाई दे रहे हैं। नए श्रम कानून के तहत चार श्रम संहिताएं- मजदूरी संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य शर्तें संहिता 2020 शामिल हैं। नए श्रम कानून के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये श्रम कानून देश में स्वतंत्रता के बाद से सबसे व्यापक और प्रगतिशील श्रम-उन्मुख सुधार हैं।

हाल ही में 21 नवंबर को केंद्र सरकार ने देश में पांच साल के लंबे समय से प्रतीक्षित नए श्रम कानून के तहत चार श्रम संहिता (लेबर कोड) को लागू कर दिया है। नए श्रम कानून श्रमिकों के लिए राहत और उद्योग-कारोबार के लिए आर्थिक रफ्तार के नए आधार दिखाई दे रहे हैं। नए श्रम कानून के तहत चार श्रम संहिताएं- मजदूरी संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य शर्तें संहिता 2020 शामिल हैं। नए श्रम कानून के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये श्रम कानून देश में स्वतंत्रता के बाद से सबसे व्यापक और प्रगतिशील श्रम-उन्मुख सुधार हैं। वस्तुतः नई चार श्रम संहिताएं सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम और समय पर मजदूरी का भुगतान, सुरक्षित कार्यस्थल और हमारे लोगों, विशेष रूप से नारी शक्ति और युवा शक्ति के लिए लाभकारी अवसरों के लिए एक मजबूत नींव के रूप में काम करेंगी। साथ ही नए श्रम कानून भविष्य के लिए एक ऐसे इकोसिस्टम का निर्माण करेंगे, जो श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा और भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास को मजबूत करेगा। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ ने भारत के नए श्रम कानूनों की सराहना करते हुए कहा कि इनसे श्रमिकों को बड़े लाभ होंगे। साथ ही रोजगार प्रदाताओं और श्रमिकों के बीच सामाजिक सुरक्षा संवाद मजबूत होगा।

निश्चित रूप से नई श्रम संहिताओं ने श्रम कानूनों को सरल, निष्पक्ष और नए दौर के कामकाजी वातावरण के अधिक अनुकूल बना दिया है। ये नए श्रम कानून श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करने, सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा में सुधार करने, व्यवसायों के लिए नियमों का अनुपालन करना आसान बनाने और बढ़ती अर्थव्यवस्था में अधिक रोजगार के अवसर पैदा करने के मद्देनजर अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। नई श्रम संहिताओं के तहत श्रमिकों, उद्योगों और सरकार के हितों से संबंधित बहुआयामी लाभ उभरकर दिखाई दे रहे हैं। अब नियोक्ताओं को सभी श्रमिकों को नियुक्ति पत्र जारी करना होगा तथा गिग और प्लेटफॉर्म कामगारों सहित पूरे श्रमबल को सामाजिक सुरक्षा कवरेज प्रदान करना होगा। न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने और 40 वर्ष से अधिक आयु के श्रमिकों के लिए मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच भी सुनिश्चित की गई है। अब तय अवधि के लिए ठेके पर काम करने वाले कामगारों को स्थायी श्रमिकों के बराबर सभी लाभ मिलेंगे और वे 5 साल के बजाय सिर्फ एक साल बाद ग्रेच्युटी पाने के हकदार होंगे। नए श्रम नियम महिलाओं को रात की पाली में काम करने और देश भर में कर्मचारियों के राज्य बीमा लाभों का विस्तार करने की अनुमति भी देते हैं, इन सबसे श्रम की गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ेगी। यदि हम देश में श्रम कानूनों का इतिहास देखें तो पाते हैं कि भारत के कई श्रम कानून स्वतंत्रता से पहले और स्वतंत्रता के बाद के आरंभिक काल में उस समय बनाए गए थे, जब अर्थव्यवस्था और कार्य की दुनिया वर्तमान व्यवस्थाओं से पूरी तरह भिन्न थी। जैसे-जैसे 1991 के बाद वैश्वीकरण बढ़ता गया, वैसे-वैसे दुनिया के अधिकांश बड़े विकसित और विकासशील देशों ने पिछले कुछ दशकों में अपने श्रम नियमों को समय के साथ अनुकूल व सरल बनाया और उन्हें एकीकृत किया है। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि सिंगापुर, डेनमार्क, अमेरिका, न्यूजीलैंड तथा वियतनाम सहित कई देश लचीले श्रम



कानूनों के कारण न केवल औद्योगिक विकास की डगर पर लाभान्वित होते हुए दिखाई दे रहे हैं। ये देश उद्योग-कारोबार की रैंकिंग में भी आगे हैं। लेकिन भारत अब तक 29 केंद्रीय श्रम कानूनों में बिखरे, जटिल और कई मामलों में पुराने प्रावधानों के आधार पर काम कर रहा था, जिन्हें सरल करने की जरूरत बनी हुई थी। उच्चतम न्यायालय भी कई बार देश में अप्रासंगिक हो चुके ऐसे श्रम कानूनों की कमियां गिनाता रहा है, जो काम को कठिन और लम्बी अवधि का बनाते हैं। देश और दुनिया के आर्थिक संगठन बार-बार यह कहते रहे हैं कि श्रम सुधारों से ही भारत में उद्योग-कारोबार का तेजी से विकास हो सकेगा। यह बात महत्वपूर्ण है कि नए श्रम कानून का एक बड़ा आधार दूसरे राष्ट्रीय श्रम आयोग की रिपोर्ट में प्रस्तुत की गई बहुआयामी सिफारिशें भी हैं। इस आयोग का गठन तत्कालीन श्रम मंत्री डॉ. सत्यनारायण जटिया के द्वारा अक्टूबर 1999 में किया गया था, जिसकी रिपोर्ट जून 2002 में प्राप्त हुई थी। श्रम कानूनों को मजदूर हितैषी बनाने में डॉ. जटिया का अहम योगदान रहा है। अब आत्मनिर्भरता और स्वदेशी को नए श्रम कानून तेजी से आगे बढ़ा सकेंगे। साथ ही नई श्रम संहिताओं से देश दुनिया में सेवा क्षेत्र के साथ-साथ मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ सकेगा। नए श्रम सुधार भारत की विकास दर को रफ्तार दे सकेंगे। लेकिन नए श्रम कानून की डगर पर कार्यान्वयन संबंधी कई मुश्किलें भी हैं। इन मुश्किलों का समाधान किया जाना जरूरी होगा। खासतौर से व्यवस्था में निरंतर सुधार की आवश्यकता होगी। श्रम संबंधी कामों की तेजी से बदलती हुई प्रकृति को देखते हुए इसके लिए केंद्र तथा राज्य सरकारों के बीच तथा उद्योग-कारोबार तथा श्रम संगठनों के बीच अच्छा तालमेल जरूरी होगा। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को नए श्रम कानूनों का लाभ दिलाने के लिए अधिक प्रयास करने होंगे।

हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने नई रिपोर्ट में कहा है वित्त वर्ष 2025- 26 में वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और व्यापार तनाव के बीच वैश्विक वृद्धि दर धीमी है, इसके बावजूद भारत मजबूत घरेलू खपत के दम पर 6.6 फीसदी विकास दर प्राप्त करते हुए दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक विकास दर की संभावनाएं रखता है। साथ ही भारत की विकास दर चीन से भी अधिक अनुमानित है। हाल ही में प्रकाशित विश्व बैंक की वित्तीय क्षेत्र आंकलन रिपोर्ट में कहा गया है भारत विकास की डगर पर आगे बढ़ रहा है। अब भारत को 2047 तक 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए श्रम तथा आर्थिक-वित्तीय क्षेत्र में सुधारों को और तेजी देने तथा निजी पूंजी जुटाने को बढ़ावा देने की जरूरत है। ऐसे में नए श्रम कानून विकास के ऊंचे लक्ष्य को पाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उम्मीद करें कि देश में 21 नवंबर से लागू नई चार श्रम संहिताओं से श्रम नियमों के आधुनिकीकरण, श्रमिकों के कल्याण को बढ़ावा और श्रम पारिस्थितिकी तंत्र को कार्य की उभरती दुनिया के साथ संरेखित किए जाने जैसे नए आधारों से भविष्य के लिए तैयार कार्यबल और मजबूत, लचीले उद्योगों की मजबूत नींव रखी जाएगी, जो आत्मनिर्भर भारत के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उम्मीद करें कि जिस प्रकार इनकम टैक्स और जीएसटी सुधार से आम आदमी और अर्थव्यवस्था को लाभ हुआ है, उसी प्रकार नए श्रम कानून भी लाभप्रद होंगे। उम्मीद करें कि अब सरकार कृषि, बैंकिंग, वित्तीय समावेशन, लॉजिस्टिक सुधार, डिजिटलीकरण और वित्तीय क्षेत्र में सुधारों की डगर पर आगे बढ़ेगी। उम्मीद करें कि देश नए श्रम कानूनों से उत्पादन वृद्धि, निर्यात वृद्धि, रोजगार वृद्धि और विकास दर के ऊंचे लक्ष्यों को प्राप्त करने की डगर पर आगे बढ़ते हुए 2027 में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 में विकसित राष्ट्र बनते हुए दिखाई दे सकेगा।

(लेखक अर्थशास्त्र के ज्ञाता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विशेष

प्रो. (डॉ.) भारत



# भारतीय संविधान : राष्ट्रीय जीवन का आधार

भारतीय संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्रीय जीवन का मुख्य आधार है। 26 नवम्बर 1949 को इसे अंगीकार कर राष्ट्र ने एक ऐसे भविष्य की नींव रखी, जिसमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को सर्वोपरि स्थान दिया गया। संविधान दिवस, उस ऐतिहासिक क्षण का स्मरण मात्र नहीं है; यह हमारे दायित्वों, उपलब्धियों और चुनौतियों पर पुनर्विचार का अवसर भी है।

हमारा संविधान हमारी स्वतंत्रता का संरक्षक और लोकतंत्र का वाहक भी है। भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से लेकर समान अवसरों की आधारशिला तक, संविधान ने नागरिकों को ऐसे अधिकार दिए हैं जो किसी भी जीवंत लोकतंत्र की मूल शर्तें हैं। मौलिक अधिकारों की यह संरचना प्रत्येक व्यक्ति को यह विश्वास दिलाती है कि राज्य उसके साथ न्याय करेगा और उसकी गरिमा की रक्षा करेगा। परंतु यह भी सच है कि अधिकार तभी सार्थक बनते हैं जब नागरिक अपने दायित्वों को समान गंभीरता से निभाएं। भारतीय संविधान ने इस संतुलन को समझते हुए नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को भी उतना ही महत्व दिया है। बदलते सामाजिक-राजनीतिक परिवेश में कर्तव्यों की यह सूची केवल एक नैतिक आग्रह नहीं रही, बल्कि राष्ट्र निर्माण की अनिवार्य शर्त के रूप में उभरी है। संविधान दिवस हमें यह याद दिलाता है कि लोकतंत्र केवल मतदान करने का अधिकार ही नहीं है, बल्कि निरंतर सहभागिता का दायित्व भी है। आज से लगभग आठ दशक पहले, जब संविधान सभा ने अपना कार्य प्रारम्भ किया, तब भारत अनेक जटिल समस्याओं और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों से जूझता रहा था। उन परिस्थितियों में डॉ. भीमराव आंबेडकर, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, सरदार वल्लभभाई पटेल सहित सभी महान मनीषियों ने मिलकर एक ऐसा दस्तावेज तैयार किया, जिसने भारतीय समाज की बुनावट को समझते हुए एक समावेशी ढांचा प्रस्तुत किया। यह संविधान उनकी दृष्टि, संघर्ष और दूरदर्शिता का साक्ष्य है। यह उसी विरासत का परिणाम है कि आज भारत विश्व का सबसे बड़ा और सबसे स्थिर लोकतंत्र है।

संविधान दिवस हमें न केवल इन महान आत्माओं का ऋणी होने का एहसास कराता है, बल्कि यह भी प्रेरित करता है कि हम उनकी कल्पना के अनुरूप राष्ट्र का निर्माण करें। बदलते समय में संविधान की प्रासंगिकता पर एक नजर डालें तो तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में संविधान की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर अपराध, पर्यावरण संकट और वैश्विक अर्थव्यवस्था जैसे नए मुद्दे हमारे सामने ऐसी चुनौतियां रखते हैं, जिनकी कल्पना संविधान रचयिताओं ने उस रूप में शायद न की हो, परंतु उनकी स्थापित मूल-नीतियां आज भी मार्गदर्शन देती हैं। कर्तव्य हमेशा से ही राष्ट्र निर्माण का मूलाधार रहते हैं। जहां एक ओर अधिकार व्यक्ति को सशक्त बनाते हैं, वहीं दूसरी ओर कर्तव्य समाज और राष्ट्र को मजबूत करते हैं। आज संविधान दिवस के अवसर पर यह आवश्यक है कि हम कर्तव्यों को केवल कानूनी या नैतिक सूची के रूप में न देखें, बल्कि उन्हें अपने दैनिक नागरिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। समाज और सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा, स्त्री-पुरुष समानता को प्रोत्साहन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास, पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता और संविधान के आदर्शों का पालन ये मात्र लिखित बिंदु नहीं, बल्कि नागरिकता के वास्तविक मानदंड हैं। लोकतंत्र तभी कायम रहता है जब नागरिक अनुशासित, सजग और सहभागी हों। संविधान दिवस सही मायने में आत्ममंथन और संकल्प का अवसर है। आज जब भारत विश्व राजनीति, अर्थव्यवस्था और तकनीक के नए केंद्र के रूप में उभर रहा है, तब संविधान की मूल भावना 'हम भारत के लोग' और भी प्रासंगिक हो उठती है। यह हमें याद दिलाती है कि राष्ट्र केवल शासन या सरकार से नहीं, बल्कि नागरिकों के सामूहिक संकल्प से चलता है। आज संविधान दिवस हमें दो प्रश्न पूछने को प्रेरित करता है... क्या हम अपने संवैधानिक अधिकारों का सम्मान और उपयोग पूरी जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं? क्या हम अपने कर्तव्यों को निभाकर राष्ट्र की प्रगति में वास्तविक योगदान दे रहे हैं? यह दिन आत्ममंथन का भी अवसर है, जहां हमें यह स्वीकार करना होगा कि भ्रष्टाचार, असमानता, भीड़-मानसिकता, हिंसा और विभाजनकारी प्रवृत्तियां हमारे लोकतांत्रिक चरित्र को चुनौती देती हैं। संविधान दिवस हमें इन प्रवृत्तियों से सावधान करता है और आदर्शों की ओर पुनः लौटने का आग्रह करता है।

(लेखक कानून के वरिष्ठ प्रवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## भगवान के चरणों में स्वयं को अर्पित करना ही ज्ञान



संकलित

दर्शन

सर्व सामर्थ्य होते हुए भी अहंशून्य होकर स्वयं को भगवान के चरणों अर्पित कर देना ही ज्ञान, भक्ति और कर्म की परिपूर्णता है। भगवान के परम भक्त बालिपुत्र अंगद ने रावण की सभा में अपना एक पैर रोपकर अपने मुष्टिप्रहार से रावण के दसों मुकुटों को सिर से गिरा दिया था, वहीं चार मुकुटों को बीच में उछालकर भगवान के पास भेज दिया था। लंका से लौटकर आए अंगद से जब भगवान श्रीराम ने पूछा कि तुमने ये मुकुट कहां और कैसे प्राप्त किए, तब अंगद ने धर्म और ईश्वर से विमुख व्यक्ति की तात्विक व्याख्या की है। अंगद विनम्र भाव से कहते हैं, प्रभु! ये चार मुकुट नहीं, राजनीति के चार पद हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति व्यवहार करते हुए भी परमार्थ को प्राप्त कर लेता है। रावण आपसे और धर्म से विमुख हो चुका है, इसलिए राजनीति के चारों चरणों (साम, दाम, दंड और भेद) का दुरुपयोग कर रहा था, इस कारण मुकुट के रूप में ये चारों उसको छोड़कर आपकी शरण में आ गए हैं। रावण ने शेष छह मुकुट जो सिर पर धारण कर रखे हैं, वे साधक के जीवन में रहने वाली षड्संपत्ति (शम, दम, उपरति, तितीक्षा, श्रद्धा और समाधान) हैं। चूंकि रावण उनका भी दुरुपयोग कर रहा था, इसलिए ये षड्संपत्ति न रहकर विकार बनकर रावण के सिर पर शासन कर रहे हैं, जो उसके विनाश के कारण बनेंगे। मेरे प्रभु! गुण तो केवल वे ही हैं, जिन्हें आपने स्वीकारा है। शेष सब अवगुण ही हैं। गुणों का योग जब तक भगवान से नहीं होगा, तब तक व्यक्ति उसका उपयोग और कहां करेगा?

## सेवा का समर्पण भाव



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। क्योंकि ये ही लोग हमारे सच्चे हितैषी और सेवक होते हैं।

सटाका




आज की पाती

### श्रमिकों का बुढ़ापा भी सुरक्षित हो

देश की आर्थिकी को मजबूती प्रदान करने के लिए कृषि के बाद अगर कोई दूसरी चीज है तो वो है उद्योग जगत और उद्योग जगत को कामयाब बनाने में श्रमिकों का भी कोई कम योगदान नहीं होता है। यह अलग बात है कि आज आजाद देश में कुछ लोग श्रमिकों को अपना गुलाम समझते हैं और आज भी श्रमिकों को उनके उतने अधिकार नहीं मिलते जितने मिलने चाहिए। अब मोदी सरकार ने श्रमिकों को अपनी तरफ से राहत देने के लिए इन्हें और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नई श्रम संहिता नीति को हरी झंडी दी है। लेकिन नई श्रम संहिता में सरकार ने श्रमिकों के बुढ़ापे को सुरक्षित करने और आर्थिक मदद के लिए श्रमिकों को उचित पेंशन का प्रावधान क्यों नहीं किया? उनका बुढ़ापा सुरक्षित होना चाहिए। – मनोज कश्यप, दुर्ग

ट्रेंड

### इतिहास रचा गया



श्री राम जन्मभूमि मंदिर में धर्म ध्वजारोहण उत्सव का साक्षी बनना ऐसा क्षण है जिसका भारत और दुनिया के करोड़ों लोगों को बेसब्री से इंतज़ार था। अयोध्या में इतिहास रचा गया है और यह हमें प्रभु श्री राम के दिखाए मार्ग पर चलने को प्रेरित करेगा।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मंदिर निर्माण का सपना



अयोध्या में श्रीराम मंदिर के शिखर पर प्रधानमंत्री द्वारा सम्पन्न ध्वजारोहण युगों की तपस्या का पूर्णत्व है। श्रीराम मंदिर निर्माण का वह सपना, जिसे मेरी पूज्या आजी अम्मा राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी ने देखा था, वो आज भव्य सांस्कृतिक पुनर्जागरण बनकर साकार खड़ा है।
- ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री

### जवाब देने वाला कौन



हर सांस के साथ जीवन बढ़ना चाहिए, घटना नहीं। दिल्ली प्रदूषण की राजधानी बन गया है। एनसीआर के लोगों का जीवन बचाने के लिए भाजपा सरकार क्या रही है, इसका जवाब देने वाला कोई है क्या?
- अखिलेश यादव, सपा नेता

### बलिदान की गाथा




हमारे जीते जी अयोध्या में हमें श्री राम मंदिर पर ध्वजारोहण समारोह देखने का अवसर प्राप्त हुआ। मोदी जी के कांपते हाथ और आंखो में अश्रुओं की हल्की सी धारा हज़ारों लाखो श्रद्धालुओं और राम भक्तों के बलिदान की गाथा कहते हैं। जय हो
- अनुपम खेर, अभिनेता

करंट अफेयर

## ताबूत से आई दस्तक, ले जा रहे थे दाह संस्कार के लिए

थाईलैंड में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया जब एक महिला को अंतिम संस्कार के लिए लाया गया तो वह अपने ताबूत में जिंदा पायी गयी। बैंकॉक के बाहरी इलाके नॉनथाबुरी प्रांत में स्थित वाट राट प्राखोंग थाम नामक बौद्ध मंदिर ने फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें एक महिला को एक पिकअप ट्रक में रखे एक सफेद रंग के ताबूत में लेटा हुआ देखा गया। वीडियो में महिला के हाथ और सिर में हल्की हरकत दिखाई देती है, जिससे मंदिर के कर्मचारी स्तब्ध रह जाते हैं। मंदिर के सामान्य और वित्तीय प्रबंधक पैरेट सुदथूप ने सोमवार को बताया कि 65 वर्षीय महिला को उसका भाई फित्सानुलोक प्रांत से दाह संस्कार के लिए लाया था।




पैरेट ने बताया कि उन्होंने ताबूत के अंदर से हल्की ठक–ठक की आवाज सुनी। उन्होंने कहा, 'मैं थोड़ा हैरान हुआ इसलिए मैंने उनसे ताबूत खोलने को कहा और सभी डर गए। मैंने देखा कि वह अपनी आंखें थोड़ी खोल रही थीं और ताबूत को खटखटा रही थीं। संभव है कि वह काफी देर से खटखटा रही हों।' पैरेट के अनुसार, महिला के भाई ने बताया कि वह करीब दो साल से बिस्तर पर थीं और उनकी हालत बिगड़ने के बाद उनमें कोई हलचल नहीं हो रही थी और दो दिन पहले ऐसा लगा कि उनकी सांस चलना बंद हो गई।

ऑफ बीट

## आपका बैंक पहले ही एआई का इस्तेमाल कर रहा है

दुनिया की पहली ऑटोमेटेड टेलर मशीन या एटीएम को नॉर्थ लंदन में बार्कलेज बैंक की एक ब्रांच में जून 1967 में एक बड़े समारोह में शुरू किया गया था। वह



पहला सिस्टम आज के सिस्टम से थोड़ा अलग दिखता था, जिसे हम जानते और इस्तेमाल करते हैं। लेकिन लगभग छह दशक बाद, ऐसी दुनिया की कल्पना करना मुश्किल है, जहाँ लोग सिर्फ़ बैंकिंग घंटों के दौरान ही नकदी निकाल सकें। अब, ऑस्ट्रेलिया और दुनिया भर में, बैंक इस बात पर बड़ा दांव लगा रहे हैं कि एक नए तरह का ऑटोमेशन उनके बिज़नेस मॉडल को बदल देगा और वह है : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)। बेंडिगो बैंक ने बताया कि उसने गूगल के साथ कई साल का समझौता किया है। इसके तहत वह टेक कंपनी के जेमिनी एंटरप्राइज एआई प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कई कामों में मदद के लिए करेगा, जिसमें लोन एप्लीकेशन की जांच करना और धोखाधड़ी का पता लगाना शामिल है। यह अगस्त में घोषित कॉमनवेल्थ बैंक और ओपनएआई के बीच एक बड़े करार के बाद हुआ है, जिसका मकसद ग्राहकों और कर्मचारियों के लिए एडवांस्ड एआई लाना है। अभी, एआई बैंकों और कर्मचारियों की फ़ैसले लेने में मदद कर रहा है। यह धोखाधड़ी और घोटालों की जांच कर रहा है, क्रेडिट स्कोर का पता लगा रहा है, ट्रेडिंग और इन्वेस्टमेंट एक्टिविटी में मदद कर रहा है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# एसआईआर के विरोध में ममता का मार्च, ईसीआई पर बरसीं

# भाजपा ने बंगाल में मुझे छूआ तो पूरे देश में उसकी जड़ें हिला दूंगी

## एसआईआर के खिलाफ करीब 3 किलोमीटर लंबा मार्च निकाला

एजेंसी ▶▶ चंदपारा

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने मंगलवार को बोंगांव के चंदपारा से उत्तर 24 परगना जिले के ठाकुरनगर (मटुआ समुदाय का अहम केंद्र) तक विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के खिलाफ एक जोरदार विरोध मार्च का नेतृत्व किया।

करीब 3 किलोमीटर लंबा यह पैदल मार्च बोंगांव के त्रिकोण पार्क (ट्राइकोन पार्क) से शुरू हुआ, जहां एक बड़ी जनसभा भी हुई। जनसभा में ममता ने एसआईआर प्रक्रिया को 'अराजक' और 'धमकी भरा' करार देते हुए इसका कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा बंगाल में मुझे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगी, तो मैं पूरे देश में भाजपा की जड़ें हिला दूंगी।

उत्तर 24 परगना तक की रैली

'सर' प्रक्रिया को अराजक बताया


मार्च के दौरान सीएम ममता बेनर्जी

### रैली में ममता ने यह भी कहा

- भाजपा राजनीतिक रूप से मेरा मुकाबला नहीं कर सकती, न ही मुझे हरा सकती है।
- चुनाव आयोग अब निष्पक्ष संस्था नहीं रहा, यह भाजपा कमीशन बन गया है।
- क्या भाजपा शासित राज्यों में सर कराना यह स्वीकार करना है कि वहां घुसपैठिए मौजूद हैं?
- एसआईआर के बाद जब मतदाता सूची का ड्राफ्ट आएगा, तब लोगों को पता चलेगा कि चुनाव आयोग और भाजपा ने मिलकर कितनी बड़ी आपदा पैदा की है।
- अगर सर दो-तीन साल में किया जाए तो हम हर संभव संसाधन देकर इसका समर्थन करेंगे।
- बिहार चुनाव का परिणाम सर का ही नतीजा है, वहां विपक्ष भाजपा की चाल को समझ नहीं पाया।
- अगर भाजपा बंगाल में मुझे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगी, तो मैं पूरे देश में भाजपा की जड़ें हिला दूंगी।

### टीएमसी इसे सीएए से जोड़कर देख रही

तृणमूल कांग्रेस इसे नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) से जोड़कर देख रही है और इसका पुरजोर विरोध कर रही है। मटुआ समुदाय (जो मुख्य रूप से बांग्लादेश से आए हिंदू शरणार्थियों का समुदाय है) में यह डर फैलाया जा रहा है कि सर से उनकी नागरिकता पर खतरा हो सकता है।

### 2-3 वर्षों में किया जाए तो हर संभव मदद देंगे

ममता ने एसआईआर विरोधी रैली का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीतिक रूप से उनका मुकाबला नहीं कर सकती और न ही उन्हें हरा सकती है। ईसी पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन अब 'भाजपा कमीशन' बन गया है, यह निष्पक्ष संस्था नहीं रह गई है। उन्होंने कहा कि अगर सर 2-3 वर्षों में किया जाए तो हम इस प्रक्रिया को हर संभव संसाधन के साथ समर्थन देंगे। उन्होंने भाजपा और चुनाव आयोग से सवाल करते हुए कहा कि क्या भाजपा शासित राज्यों में सरका आयोजन यह दर्शाता है कि केंद्र स्वीकार करता है कि वहां 'घुसपैठिये' मौजूद हैं?

कर्नाटक लोकायुक्त का हल्लाबोल खुला करोड़ों का कच्चा चिट्ठा

# एसआईआर इनपुट पर सुबह-सुबह 10 अफसरों के घर पर मारा छापा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में लोकायुक्त ने मंगलवार तड़के 10 सरकारी अफसरों के घरों पर एक साथ धावा बोला।



छापे में ये सामान जब्त किए

कार्रवाई में कैश, ज्वैलरी, जमीन के दस्तावेज और करोड़ों की बेहिसाब संपत्ति सामने आई। मैसूरु के रेवेन्यू इंस्पेक्टर रामास्वामी सी से लेकर बेंगलुरु आरटीओ, मांड्या नगरपालिका, धारवाड़ विश्वविद्यालय और दावणगेरेमडिकेरी तक, कई विभागों के अफसरों का कच्चा चिट्ठा खुल गया। सर इनपुट पर यह सबसे बड़ी छापेमारी बताई जा रही है। लोकायुक्त की टीमों ने एक साथ छापेमारी करते हुए कई विभागों के उन कर्मचारियों को निशाने पर लिया, जिन पर आय से अधिक संपत्ति रखने के गंभीर आरोप लंबे समय से लगते रहे थे।

### दस्तावेज, नकदी और सोना बरामद

सबसे चर्चित मामला मैसूरु के हूटगल्लि नगरपालिका के राजस्व निरीक्षक रामास्वामी से जुड़ा रहा। लोकायुक्त टीमों ने उनके आवास पर तलाशी के दौरान कथित तौर पर कई करोड़ रुपए की संपत्ति के दस्तावेज, नकदी और सोना बरामद किया। लोकायुक्त की टीम को शुरुआती जांच के बाद शक है कि उनकी घोषित आय और बरामद संपत्तियों के बीच बड़ा अंतर है।

## खबर संक्षेप

### मुंबई में 550 पीएचडी छात्रों का पंजीयन रद्द

**मुंबई।** मुंबई विश्वविद्यालय ने एक सख्त कदम उठाते हुए उन 553 छात्रों का पीएचडी रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया है, जो कई वर्षों से अपनी रिसर्च पूरी नहीं कर पा रहे थे। ये यूजीसी द्वारा तय की गई अधिकतम समय सीमा से भी आगे बढ़ चुके थे, पर कोई खास प्रगति नहीं दिख रही थी। कई छात्र 8-10 वर्षों तक रजिस्टर रहे।



### कर संग्रहण राष्ट्र निर्माण की आधारशिला

**नई दिल्ली।** भारतीय राजस्व सेवाके 76वें बैच के अधिकारी प्रशिक्षुओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में भेंट की। राष्ट्रपति ने कहा कि कर संग्रहण राष्ट्र निर्माण की नींव है और अधिकारी आर्थिक सीमाओं के सजग प्रहरी हैं। इससे आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण जैसी योजनाएं संचालित होती हैं।



### दिल्ली में 70 नए आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** सीएम रेखा गुप्ता ने कहा ने कहा कि आज हमने दिल्ली में 70 नए आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन किया है और उन्हें जनता को समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य दिल्ली में 1000 से अधिक आरोग्य मंदिरों का निर्माण करना है। वोट के फैसले ने उन्हें ताकत दी कि दिल्ली में जरूरत का काम हो रहा है।



### एक पैसे की बेईमानी की हो तो हर सजा मंजूर

**आनंदपुर साहिब।** पंजाब के आनंदपुर साहिब में सिख धर्म के 9वें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के समापन समारोह का भव्य आयोजन हुआ। इसमें अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम 'नाम जपो, कीरत करो, वंड छको' की सीख पर चलते हैं। अगर हमने एक पैसा की बेईमानी की हो तो गुरु साहिब हमें माफ न करें।



## प्रधानमंत्री ने श्री गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर कहा

# गुरु तेग बहादुर ने नहीं छोड़ा धर्म और सत्य के रास्ते पर हो गए शहीद

कुरुक्षेत्र की पावन भूमि में 'हिंद दी चादर' ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया

गुरु महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित किए और शीश नवाया | गुरु साहिब वीरता, करुणा और धर्म रक्षा की जीवंत मिसाल

एजेंसी ▶▶ कुरुक्षेत्र

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र में सिख इतिहास के महान संत-योद्धा, हिंद दी चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर भाग लिया। उन्होंने गुरु महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित किए और शीश नवाया। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन भूमि सिख परंपरा और आस्था से गहराई से जुड़ी हुई है। उनके जीवन को प्रेरणा का स्त्रोत बताते हुए कहा कि गुरु साहिब वीरता, करुणा और धर्म रक्षा की जीवंत मिसाल हैं। जब औरंगजेब के आदेश पर कश्मीरी पंडितों का जबरन धर्मांतरण कराया जा रहा था, तब एक दल आनंदपुर साहिब पहुंचा और गुरु महाराज से रक्षा की गुहार लगाई। वे दिल्ली में धर्म की रक्षा को सर्वस्व न्योछावर कर दिया। 'हिंद दी चादर' कहलाने वाले ने सिद्ध कर दिया कि दूसरों के धर्म की रक्षा करना भी परम धर्म है।

### 'हिंद दी चादर' धर्म और सिद्धांतों पर डटकर खड़े रहे


नमन करते पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा क्रूर औरंगजेब ने बहादुर जी को कैद करने का हुक्म दिया था। लेकिन गुरु साहिब ने स्वयं ही दिल्ली आने की घोषणा कर दी। गुरु तेग बहादुर अपने धर्म और सिद्धांतों पर डटकर खड़े रहे। उन्होंने कोई समझौता नहीं किया। उनका मन तोड़नेउनके तीन प्यारे साथियों भाई दयाला जी, भाई सती दास जी और भाई मति दास जी को बेरहमी से मारा। भाई मति दास जी को आरे से चीर दिया गया, भाई दयाला जी को खौलते तेल में डाल दिया गया, भाई सती दास जी को कपास में लपेटकर आग के हवाले कर दिया गय। ये सब गुरु साहिब के सामने हुआ।

### पीएम ने मानवता की रक्षा के सर्वोच्च त्याग को किया नमन

इस दौरान मंच पर गुरबाणी का भावपूर्ण आयोजन किया गया, जिसमें रागियों ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, त्याग और बलिदान को समर्पित शबदों का सुंदर कीर्तन प्रस्तुत किया। इस पीएम ने गुरु तेग बहादुर के अद्वितीय बलिदान और मानवता की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च त्याग को नमन किया।

### गुरु तेग बहादुर की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौवें सिख गुरु, गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित विशेष कार्यक्रम में भाग लिया। गुरु तेग बहादुर की बहादुरी को समर्पित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान सीएम सैनी उनके साथ मौजूद रहे।

### युवाओं में नशे की लत चिंतनीय

पीएम ने युवाओं के बीच बढ़ती नशे की लत को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा, नशा केवल व्यक्ति को नहीं, पूरे परिवार और समाज को खोखला कर रहा है। इस समस्या का समाधान समाज के सामूहिक संकल्प से ही संभव है। पूरा समाज संकल्प ले।

### ऑपरेशन सिंदूर का भी किया जिक्र

प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का भी उल्लेख किया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत शांति का पुजारी है, हम किसी से बैर नहीं रखते, लेकिन यदि कोई हमारी तरफ बुरी नजर डाले, हमारी संप्रभुता को चुनौती देतो हम मुंहतोड़ जवाब देना जानते हैं।

### गुरु परंपराओं के पवित्र स्थलों को पहचान दिलाने का मिला मौका

पीएम मोदी ने कहा हमारी सरकार को सौभाग्य प्राप्त हुआ। हमने पवित्र स्थलों को वैश्विक पहचान दिलाने और उन्हें सम्मान देने का अवसर मिला। मैं स्वयं को गर्व के साथ गुरु परंपराओं का एक छोटा सा हिस्सा मानता हूं।

**मुगल शासकों ने मानवता पर कलंक छोड़ा**

*मुगल शासकों ने गुरु परिवार के साथ जो क्रूरता की, उसकी कोई मिसाल नहीं मिलती। चार साहिबजादों – जोरावर सिंह और फतेह सिंह जैसे नन्हें बालकों को जीवित दीवार में चिनवा दिया गया था। यह मानवता पर कलंक था। इन वीर साहिबजादों की शहादत को याद रखने के लिए हमने 26 दिसंबर को पूरे देश में "वीर बाल दिवस" के रूप में मनाने का निर्णय लिया।*

## कर्नाटक सरकार पर कांग्रेस में मंथन

# सिद्धारमैया सीएम के पद से हटे तो डीके करेंगे 'नेतृत्व'


डीके शिवकुमार और सीएम सिद्धारमैया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक में कांग्रेस के अंदर सत्ता हस्तांतरण के मुद्दे पर जोर-शोर से मंथन चल रहा है। पार्टी के अंदर सीएम पद को लेकर कोई भ्रम नहीं है। अगर सिद्धारमैया सीएम के पद से हटते हैं तो डीके शिवकुमार ही राज्य के अगले सीएम बनेंगे। किसी तीसरे व्यक्ति के सीएम बनने के संभावना नहीं है। कांग्रेस राज्य में बदलाव पर विचार कर रही है। सिद्धारमैया को हटाने के पक्ष और विपक्ष दोनों पर ही विचार किया जा रहा है। पार्टी को लगता है कि डीके को सीएम बनाने से पार्टी को वोक्कालिगा समाज का समर्थन मिलेगा। शिवकुमार वोक्कालिगा समाज से आते हैं और पिछले चुनाव में लिंगायत समाज से 39 और वोक्कालिगा समाज के 25 विधायक विधानसभा पहुंचे थे। ऐसे में अगर वोक्कालिगा समाज का समर्थन कांग्रेस को नहीं मिला तो नुकसानदायक हो सकता है।

### डीके चुनाव मैनेजमेंट में माहिर

डीके की संगठन पर मजबूत पकड़ है और वे एक अच्छे मैनेजर भी हैं। वे चुनाव जीतने के लिए अच्छे मैनेजमेंट की आवश्यकता होती है डीके उसे बखूबी जानते हैं। डीके की यह खूबी उन्हें सीएम के कुर्सी के और करीब ले जा सकती है। सिद्धारमैया के पक्ष में सबसे बड़ी चीज उनकी मास अपील है, लेकिन सिद्धारमैया का गिरता स्वास्थ्य और उनके करीबी मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोप उन्हें सीएम की कुर्सी से दूर कर सकते हैं।

### शिवकुमार का भविष्य हाईकमान के पाले में

शिवकुमार के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पद छोड़ने के संकेत देने के बाद उनके समर्थक विधायकों ने उन्हें सीएम बनाने की मांग को लेकर दिल्ली में डेरा डाल दिया है। वे कांग्रेस नेतृत्व से मिलकरॉ शिवकुमार को सीएम बनाने की मांग रखेंगे। यहां की लड़ाई दिल्ली दरबार तक पहुंच गई है। सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार अपना ढाई साल का कार्यकाल पूरा कर चुकी है, इसके चलते ही डीके शिवकुमार के समर्थक नेता और विधायक अब सत्ता परिवर्तन की मांग कर रहे हैं।

## एनसीआर में प्रदूषण की मार

# 'जहरीली' हवा पर सरकार ने किया हस्तक्षेप, जहरीली गाड़ियों को रोकें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में लगातार बढ़ते प्रदूषण के स्तर के बीच अब केंद्र सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए अहम बैठक की है। बैठक में प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ जांच और कार्रवाई तेज करने के आदेश दिए हैं। इसी के साथ इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ाने पर भी जोर देने का आदेश दिया गया है। दरअसल दिल्ली-एनसीआर में एयर क्वालिटी लगातार दूसरे हफ्ते बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई है। कुछ इलाकों में तो यह गंभीर स्तर पर भी पहुंच गई है। ऐसे में समस्या की गंभीरता को देखते हुए अब खुद केंद्र सरकार मामले पर ध्यान दे रही है। पीएमओ ने अधिकारियों को इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए दो खास क्षेत्रों पर तुरंत काम करने के लिए कहा है। पहला ईवी चार्जिंग के लिए ज़रूरी बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाना और दूसरा पर्याप्त संख्या में और तेजी से नए चार्जिंग स्टेशन स्थापित करना। पीएमओ अब सीधे निगरानी कर रहा है।


दिल्ली में फैला प्रदूषण

## उद्योग मंत्री गोयल का कैट को सुझाव

# स्वदेशी मेला भारत की व्यापार और नवाचार शक्ति का वैश्विक मंच बने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पियूष गोयल ने मंगलवार को कांफेडरेशन ऑफ आल इंडिआ ट्रेडर्स (कैट) को सुझाव दिया कि वह इंडिआ ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन के सहयोग से दिल्ली में सबसे बड़ा स्वदेशी मेला आयोजित करे।मंत्री ने कहा कि यह प्रस्तावित मेगा आयोजन भारत के व्यापार और उद्योग की शक्ति, नवाचार और विविधता को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने वाला एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम होना चाहिए, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी उद्यम को विश्व स्तर पर बढ़ावा देने के विजन के अनुरूप हो। कॉन्फ्रेंस में 28 राज्यों के 200 से अधिक प्रमुख व्यापारी शामिल थे। गोयल ने कहा कि भारत के व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ और उसके सबसे मजबूत विकास स्तंभ हैं। मंत्री ने कैट की निरंतर पहलों की सराहना की और व्यापारियों के लिए मजबूत स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम, महिला उद्यमियों के सशक्तिकरण, साइबर धोखाधड़ी रोकने के बेहतर तंत्र और आधुनिक, तकनीक आधारित, वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी व्यापार प्रणाली को विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।


उद्योग मंत्री पीयूष गोयल

ओबीसी के प्रतिनिधित्व की मांग उठी

# हम कुछ भी करें, लेकिन समाज को जाति के आधार पर न बांटें

## महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव मामले में सीजेआई की टिप्पणी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा कि हम जो भी करें, हमें समाज को जाति के आधार पर नहीं बांटना चाहिए। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने यह टिप्पणी महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव मामले की सुनवाई के दौरान की।

सीजेआई सूर्यकांत की यह टिप्पणी ऐसे वक्त आई, जब राजनीतिक दलों ने स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण की 50फीसदी सीमा लागू रहने पर ओबीसी को जमीनी स्तर के लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व से वंचित किए जाने की चिंता व्यक्त की है।

### ओबीसी को बहिष्कृत करना ठीक नहीं

वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने आरक्षण का समर्थन करते हुए कहा कि चूंकि महाराष्ट्र के कई इलाकों में आदिवासी आबादी अच्छी-खासी है, इसलिए उन इलाकों में अकेले एससी-एसटी आरक्षण ही 50फीसदी होगा और इसलिए ओबीसी आरक्षण के लिए कोई जगह नहीं बचेगी। 1931 के बाद से कोई जाति जनगणना नहीं हुई है, लेकिन अब एक नई जनगणना प्रस्तावित है, जिससे ओबीसी जनसंख्या प्रतिशत निर्धारित करने में मदद मिलेगी। सीजेआई ने टिप्पणी की, ओबीसी को बहिष्कृत करके लोकतंत्र कैसे स्थापित हो सकता है?न्यायाधीश ने यह धारणा व्यक्त की कि समाज को जाति के आधार पर विभाजित नहीं किया जाना चाहिए। जयसिंह ने कहा कि वह केवल आनुपातिक प्रतिनिधित्व की मांग कर रहे थे।



राधाकृष्णन का यह पहला सत्र होगा

# संसदीय रीतियों और परंपराओं का पालन करें, कोई नारेबाजी नहीं हो

## शीतकालीन सत्र से पहले राज्यसभा का फरमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र से पहले राज्यसभा की ओर से एक बुलेटिन जारी कर सदस्यों को सदन के सामान्य शिष्टाचार के बारे में आगाह किया गया है। इस बुलेटिन में सदस्यों को यह याद दिलाया गया है कि चेयर की ओर से जो भी रूलिंग दी जाती है, उसकी सदन के अंदर या बाहर कहीं भी आलोचना नहीं होनी चाहिए। इसमें नारेबाजी से भी मनाही की गई है। सीपी राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह राज्यसभा के सभापति के रूप में उनका पहला संसदीय सत्र है। इस बुलेटिन में कहा गया है कि सदन की कार्यवाही की मर्यादा और गंभीरता बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि 'थैंक्स', 'थैंक्य यू' या यहां तक कि 'जय हिंद', 'वंदे मातरम' या अन्य कोई भी नारेबाजी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए संसदीय रीतियों और परंपराओं का हवाला दिया गया है।



### चेयर के निर्णय की आलोचना न हो

एक रिपोर्ट के मुताबिक राज्यसभा की ओर से जारी बुलेटिन में कहा गया है कि चेयर की ओर से सदन की निर्धारित मान्यताओं के आधार पर ही निर्णय दिए जाते हैं और अगर ऐसा कोई उदाहरण मौजूद नहीं है तो आम संसदीय परंपराओं का पालन करते हुए फैसला सुनता है। इसके साथ ही कहा कि चेयर की ओर से दिए जाने वाले निर्णय की सदन के भीतर या बाहर सीधे अथवा परोक्ष रूप से आलोचना नहीं होनी चाहिए।

## तमिलनाडु के राज्यपाल रवि ने भाषा विवाद पर कहा

# तमिल 'विशिष्टता' में हिंदी ही नहीं सभी के लिए ही घृणा

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के सियासी गलियारों में तमिल बनाम हिंदी का मुद्दा हमेशा ही सुर्खियों में रहता है। इस बीच तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि का बड़ा बयान सामने आया है। राज्यपाल ने कहा कि तमिलनाडु की राजनीति क्षेत्रवाद नहीं है, बल्कि यह अनिवार्य रूप से तमिल 'विशिष्टता' है, जो इस बात पर जोर देता है कि तमिल अन्य भाषाओं से अलग है। तमिलनाडु के राज्यपाल के तौर पर आरएन रवि का एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली डीएमके सरकार के साथ गतिरोध का लंबा इतिहास है। राज्यपाल ने कहा कि यह तमिल विशिष्टता अन्य भाषाओं के प्रति घृणा से व्यक्त होती है, यहां तक कि द्रविड़ परिवार से संबंधित तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम जैसी भाषाओं के प्रति भी। यह केवल हिंदी तक ही सीमित नहीं है।

### तमिल राजनेताओं ने प्रचार-प्रसार के लिए कुछ भी नहीं किया



उन्होंने तमिल राजनेताओं की आलोचना करते हुए यह भी कहा कि वे वास्तव में तमिल से प्रेम नहीं करते, क्योंकि उन्होंने तमिल भाषा या तमिल संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए कुछ भी नहीं किया है। 'तमिल थाई वजथु' से जुड़े विवाद का जिक्र करते हुए राज्यपाल ने कहा कि डीएमके सरकार ने बिना किसी बात के हंगामा खड़ा कर दिया। मैं तमिल थाई वजथु उन कई लोगों से कहीं बेहतर गा सकता हूं जो तमिल बोलते हैं। राष्ट्रगान का सम्मान होना चाहिए।

**हर साल छात्र तमिल माध्यम से अंग्रेजी माध्यम की ओर जा रहे**

*उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि हर साल छात्र तमिल माध्यम से अंग्रेजी माध्यम की ओर जा रहे हैं। तमिल में पढ़ाई करने वालों की संख्या में लगातार और तेजी से गिरावट आ रही है।राज्य सरकार ने तमिल भाषा और संस्कृति में अनुसंधान के लिए शून्य बजट दिया है। राज्य अभिलेखागार में 11 लाख से अधिक ताड़पत्र पांडुलिपियां सड़ रही हैं।*

### सत्र की शुरुआत में राष्ट्रगान नहीं बजाया गया

रवि ने जनवरी में पहले सत्र में पारंपरिक अभिभाषण देने के बजाए वॉकआउट कर दिया था। यह एक 'दुखद निर्णय' था। रवि इस बात का विरोध कर रहे थे कि सत्र की शुरुआत में राष्ट्रगान नहीं बजाया गया। ऐसे समारोहों में जहां राज्यपाल या राष्ट्रपति भाग लेते हैं, वहां कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से होती है और समापन भी राष्ट्रगान से होता है।

# कनाडा में खालिस्तानी जनमत संग्रह, भारतीय उच्चायुक्त बोले- यह आपत्तिजनक

*कनाडा में भारत के शीर्ष राजनयिक दिनेश पटनायक ने ओटावा में हुए इस जनमत संग्रह पर आपत्ति जताते हुए कहा कि शांतिपूर्ण विरोध ठीक है, लेकिन कनाडा को यह समझना चाहिए कि उसके ऐसे कदम का भारत पर कैसा असर पड़ेगा*

एजेंसी ⏭ ओटावा

कनाडा में हुए खालिस्तान जनमत-संग्रह को लेकर भारत ने सख्त रवैया अपनाया है। कनाडा में भारत के शीर्ष राजनयिक दिनेश पटनायक ने ओटावा में हुए इस जनमत संग्रह पर आपत्ति जताते हुए कहा कि शांतिपूर्ण विरोध ठीक है, लेकिन कनाडा को यह समझना चाहिए कि उसके ऐसे कदम का भारत पर कैसा असर पड़ेगा।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में ऐसे कदमों को कनाडा की दखलअंदाजी की तरह देखा जाता है। पटनायक ने रविवार को हुए इस जनमत-संग्रह को 'नाटक जैसा कार्यक्रम' बताया। उन्होंने कहा कि भारत को लोगों के राजनीतिक मांग उठाने पर कोई आपत्ति नहीं है।

### खालिस्तान जनमत-संग्रह पर भारत का सख्त रवैया

**भारत में लोग इसे कनाडा की ओर से दखल मानते हैं**


कनाडा में भारत के राजदूत दिनेश पटनायक

### कनाडा इस पर ध्यान दे

पटनायक ने आगे कहा कि अगर आप करना चाहते हैं, तो करें, लेकिन समझें कि इसका असर केवल कनाडा तक सीमित नहीं रहता, भारत में भी चिंता बढ़ती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में लोग इसे कनाडा की ओर से दखल मानते हैं, जैसे कनाडाई लोग भारत की किसी राजनीतिक गतिविधि को दखल मान सकते हैं। इसलिए ओटावा को इस राजनीतिक प्रभाव पर ध्यान देना चाहिए।

### यह कार्यक्रम वास्तविक नहीं

पटनायक ने उदाहरण देते हुए बताया कि भारत में खुद कुछ राजनीतिक दल खालिस्तान की मांग उठाते हैं और उनके सांसद संसद में बैठे हैं, जिनमें से एक पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या में दोषी ठहराए गए व्यक्ति का बेटा भी शामिल है। उन्होंने कहा कि कनाडा असली जनमत-संग्रह की प्रक्रिया जानता है, इसलिए उसे पता है कि यह कार्यक्रम वास्तविक नहीं है।

### हिंसक तस्वीरों पर जताई नाराजगी

इस दौरान पटनायक ने कार्यक्रम में लगाए गए हिंसक तस्वीरों पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि वहां पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की तस्वीरें और एक पूर्व पंजाब मुख्यमंत्री को मारने वाले आत्मघाती हमलावरों को महिमामंडित करने वाले पोस्टर लगाए गए जो बहुत आपत्तिजनक है और भारत में लोगों को गहरा दुख पहुंचाता है।

### भारतीय तिरंगे का अपमान किया

*बता दें, कनाडा के ओटावा में रविवार को खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) द्वारा आयोजित अनौपचारिक 'खालिस्तान जनमत संग्रह' के दौरान भारतीय तिरंगे का अपमान किया गया। इसमें हजारों कनाडाई सिखों ने भाग लिया जहां 'मार डालो' के भड़काऊ नारे लगाए गए। ओटावा के मैकनैब कम्युनिटी सेंटर (180 पर्सी स्ट्रीट) में 23 नवंबर को सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक चली इस कथित 'जनमत संग्रह' प्रक्रिया में भाग लेने के लिए कनाडा के विभिन्न प्रांतों- ओन्टारियो, अल्बर्टा, ब्रिटिश कोलंबिया और क्यूबेक से 53000 से अधिक खालिस्तान समर्थक आए थे।*

### मुद्दे की संवेदनशीलता को समझे कनाडा

पटनायक ने कनाडा को समझाने के लिए उदाहरण देते हुए कहा सोचिए अगर कोई दूसरा देश क्यूबेक के मुद्दे पर ऐसा कार्यक्रम करे, तो आपको कैसा लगेगा? उन्होंने साफ किया कि उनका मकसद किसी को नाराज करना नहीं है, बल्कि इस मुद्दे की संवेदनशीलता समझाना है। बता दें कि क्यूबेक ने 1980 और 1995 में कनाडा से अलग होने पर जनमत-संग्रह करवाए थे, जिन्हें जनता ने खारिज कर दिया। पटनायक ने कहा कि इससे समझ आता है कि ऐसे मुद्दे कितने संवेदनशील होते हैं।

---


## खबर संक्षेप

### 106 किमी पैदल चला चीनी ह्यूमनॉइड रोबोट



**बीजिंग।** चीन में तैयार किए गए एक एडवांस ह्यूमनॉइड रोबोट ने इतिहास रच दिया है। इस रोबोट ने तीन दिनों में 100 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी पैदल तय कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा लिया है। यह अब तक किसी ह्यूमनॉइड मशीन द्वारा की गई सबसे लंबी पैदल यात्रा है। एजीबॉट ए2 नाम का यह रोबोट 10 से 13 नवंबर के बीच शंघाई में कुल 106.286 किमी चला। रोबोट को गिरने से बचाने और लगातार काम करने के लिए ऑप्टिमाइज किया गया है। अगस्त में इस रोबोट ने 40 सेंटीग्रेड गर्मी में 24 घंटे की नॉन-स्टॉप वॉक भी पूरी की थी।

### गूगल मैप में शुरू हुआ हैंड्स-फ्री नेविगेशन



**नई दिल्ली।** गूगल मैप्स अब जैमैनी एआई की मदद से और भी स्मार्ट हो चुका है। अब यूजर्स ड्राइविंग के दौरान बिना स्क्रीन छुए सवाल पूछ सकेंगे। जैसे की उन्हें यह जानने में मदद मिलेगी कि करीबी पेट्रोल पम्प कहां है? और आस-पास पार्किंग उपलब्ध है? यह फीचर गूगल कैलेंडर के जीमेल से कनेक्ट होकर रिमांडर तक सेट कर सकता है। यानी कि अब बातचीत के जरिए यूजर मैप्स के साथ पूरा सफर कंट्रोल कर सकेंगे। फिलहाल यह फीचर गुरुग्राम, साइबराबाद, चंडीगढ़, फरीदाबाद जैसे शहरों में उपलब्ध है।

### यमन में सैन्य काफिले पर हमला, 5 की मौत



**अदन।** बंदूकधारियों ने सोमवार को ताइज प्रांत के गवर्नर के काफिले पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम पांच सुरक्षा अधिकारी मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। प्रांत के प्रवक्ता मोहम्मद अब्देल-रहमान ने बताया कि ताइज को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाली एक प्रमुख सड़क पर नबील शमसान को निशाना बनाकर हमला किया गया। उन्होंने बताया कि गोलीबारी में दो हमलावर मारे गए। किसी भी समूह ने हमले की तत्काल जिम्मेदारी नहीं ली है। गवर्नर के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा और सैन्य बल इस हमले के दोषियों का पता लगा रहे हैं।

### पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो की कैद बरकरार



**ब्रासीलिया।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो द्वारा नजरबंदी के दौरान अपने 'एंकल मॉनिटर' को तोड़ने की कोशिश करने की बात स्वीकार करने के बाद उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उनकी कैद को बरकरार रखा। 'एंकल मॉनिटर' टखने पर लगाए जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण होते हैं जिनका उपयोग अदालतों द्वारा निगरानी के लिए किया जाता है, ताकि किसी व्यक्ति के स्थान और गतिविधियों पर नज़र रखी जा सके। इन्हें अक्सर कारावास (जेल भेजने) के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जाता है।

---

### सेनाप्रमुख ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर दी 'ऑपरेशन पवन' के शहीदों को पहली श्रद्धांजलि

# 39 साल बाद भारत की किसी सरकार ने दिया अभियान के शहीदों को औपचारिक सम्मान

**अगले महीने 1 से 2 दिसंबर तक श्रीलंका की यात्रा**

*लंबे वक्त से शहीदों के परिजन सरकार से इस अभियान को औपचारिक रूप से मान्यता देने की मांग कर रहे थे। जो आखिरकार पूरी हो गई है। इसके विपरीत श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में पहले से इस अभियान के सम्मान में बनाया गया एक आईपीकेएफ स्मारक मौजूद है*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

'शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मिटने वालों का यही बाकी निशां होगा'...जी हां राजधानी में मौजूद राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (एनडब्ल्यूएम) मंगलवार को पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार के कार्यकाल की एक ऐसी ऐतिहासिक घटना का गवाह बना। जिसके साथ यह पंक्तियां पूरी तरह से मेल खाती हैं।

पहली बार भारत ने न केवल वर्ष 1987 में ऑपरेशन पवन' के तहत श्रीलंका में भेजी गई अपनी शांति सेना (इंडियन पीस कीपिंग फोर्स, आईपीकेएफ) के अमर शहीदों के बलिदान को सार्वजनिक रूप से याद किया। बल्कि सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सेना के शूरवीरों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि भी अर्पित की। इसके बाद उन्होंने अभियान से जुड़े कुछ पूर्व सैन्यकर्मियों के साथ तस्वीर भी खिंचवाई। जानकारों का कहना है कि अब हो सकता है कि एनडब्ल्यूएम पर हर साल इस अभियान की याद में भी कोई दिवस मनाया जाए और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाए।

**सेना प्रमुख ने अभियान से जुड़े कुछ पूर्व सैन्यकर्मियों के साथ तस्वीर भी खिंचवाई**



सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सेना के शूरवीरों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

### लिट्टे ने समझौते से किया था इंकार, संघर्ष में कई सैनिक शहीद

ऑपरेशन पवन में भारत-श्रीलंका के बीच हुए सैन्य समझौते के जरिए 1987 में आईपीकेएफ को श्रीलंका भेजा गया था। जिसका उद्देश्य बढ़ते तमिल-सिंहली संघर्ष को रोकना और लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के उग्रवादियों को निशस्त्र करना था। लिट्टे ने समझौता नहीं माना, जिसके चलते श्रीलंका के घने जंगलों व कठिनाई वाले भूभाग में भीषण युद्ध छिड़ गया। जिसमें भारतीय सेना के कई सैन्यकर्मियों की शहादत हुई। भारत या उसकी केंद्र की किसी सरकार को इन शहीदों को आधिकारिक श्रद्धांजलि देने में 39 वर्ष का लंबा वक्त लग गया। पूर्ववर्ती सरकारों ने 1987 से 1990 तक करीब 32 महीनों तक चले भारत के इस पहले विदेशी सैन्य अभियान और उसमें शहादत देने वाले भारतीय सेना के जांबाज कर्मियों के सर्वोच्च बलिदान को पूरी तरह से भुला दिया था। भारत के लिए ऑपरेशन पवन एक असफल अभियान साबित हुआ। क्योंकि इसके खत्म होने के तुरंत बाद यानी 1991 में श्रीलंका के लिट्टे के उग्रवादियों ने श्रीपेंबदूर में तत्कालीन पीएम राजीव गांधी की निर्मम हत्या कर दी थी।

**1,171 शहीद हुए, 3 हजार से ज्यादा घायल**

ऑपरेशन पवन में कुल 1 हजार 171 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। जबकि घायलों की तादाद 3 हजार से अधिक रही है। इसे देश के सैन्य इतिहास में हुई सबसे भारी क्षति माना जाता है। अभियान में मेजर रामास्वामी परमेश्वरन को 25 नवंबर 1987 को एक मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त होने के बाद मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।

### सेनाप्रमुख की श्रीलंका यात्रा का महत्व

1 से 2 दिसंबर को होने वाली जनरल द्विवेदी की श्रीलंका यात्रा दोनों देशों के रक्षा सहयोग से जुड़ा एक सराहनीय कदम है। यह दोनों के बीच लगातार जारी उच्च स्तरीय सैन्य गतिविधियों के क्रम को प्रदर्शित करता है। जिससे आपसी विश्वास और रणनीतिक सामंजस्य को बढ़ावा मिलता है। सेनाप्रमुख की श्रीलंका में अपने समकक्ष और श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात हो सकती है। सेनाप्रमुख की ये यात्रा इसी साल सितंबर में नौसेनाप्रमुख एडमिरल त्रिपाठी द्वारा की गई श्रीलंका की यात्रा के बाद हो रही है। पूर्व में जनरल नरवणे ने 2021 में श्रीलंका की यात्रा की थी। जिसमें उन्होंने श्रीलंका की सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व के साथ सहयोग से जुड़े कई मुद्दों पर व्यापक चर्चा की थी।

---

### पाकिस्तान का अफगानिस्तान पर हमला

## नागरिक क्षेत्र को बनाया निशाना बमबारी में 10 की मौत, 4 घायल


प्रवक्ता जुबीहुल्लाह मुजाहिद

एजेंसी ⏭ काबुल

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच छिड़ा संघर्ष रुकने का नाम नहीं ले रहा है। एक ओर शांति समझौते को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है। दूसरी ओर पाकिस्तान आए दिन अफगानिस्तान के नागरिकों को निशाना बनाकर बमबारी करने में लगा हुआ है। पाकिस्तान की सेना ने अफगानिस्तान में घुसपैठ कर सोमवार की देर रात को हमले को अंजाम दिया।

अफगान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने मंगलवार को बताया कि इन हमलों में नौ बच्चों और एक शख्स की मौत हो गई। अफगान सरकार के प्रवक्ता ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि बीती रात करीब 12 बजे खोस्त प्रांत के गोरबुज जिले के मुगलगई इलाके में पाकिस्तानी हमलावर सैन्यबलों ने एक घर पर बमबारी की। इस हमले में एक स्थानीय नागरिक वलीयत खान की मौत हो गई। साथ ही पांच लड़के और चार लड़कियों की मौत हो गई। एक अन्य पोस्ट में मुजाहिद ने कहा कि कुनार और पक्तिका इलाकों में भी पाकिस्तान की ओर से एयरस्ट्राइक की गई है।

### नियमों का उल्लंघन किया

प्रवक्ता मुजाहिद ने एक्स पर लिखा कि पाकिस्तानी सेना द्वारा किए गए एयरस्ट्राइक अफगानिस्तान की संप्रभुता पर सीधा हमला है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त नियमों और सिद्धांतों का साफ उल्लंघन है। पाकिस्तानी सेना की इन दुश्मनी भरी कार्रवाइयों से कुछ हासिल नहीं होता। वे सिर्फ़ यह साबित करते हैं कि गलत गुप्त सूचना से चलाए जा रहे ऑपरेशन तनाव बढ़ाते हैं और पाकिस्तान के सैन्य शासन की चल रही नाकामियों को सामने लाते हैं। हम उल्लंघन और हमले की कड़ी निंदा करते हैं।

### पूर्व राष्ट्रपति ने हमले की निंदा की

अफगानिस्तान के पूर्व प्रेसिडेंट हामिद करजई ने एयरस्ट्राइक की कड़ी निंदा की है। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने पाकिस्तान से अफगानिस्तान के साथ इंटरनेशनल प्रिंसिपल्स और अच्छे पड़ोसी की नींव पर रिश्ते बनाने, दूर की सोच के साथ काम करने, और नुकसान पहुंचाने वाली और दुश्मनी वाली पॉलिसी दोहराने से बचने की अपील की।

---

### 'समुद्र उत्कर्ष' कार्यक्रम में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

## नौसेना के सभी जहाज भारतीय शिपयार्ड्स में ही तैयार हो रहे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के 262 विभिन्न प्रोजेक्ट डिजाइन एवं विकास परियोजनाएं उन्नत चरणों में पहुंच चुकी हैं। जहाज निर्माण व नौसेना की यह अन्य सभी परियोजनाएं स्वदेशी रूप से विकसित की गई हैं। यह बदलाव भारत की बढ़ती रक्षा आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रमाण हैं। नौसैनिक क्षमता व स्वदेशीकरण की यह जानकारी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी। वह मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित 'समुद्र उत्कर्ष' कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में स्वदेशी शिपबिल्डिंग, नौसैनिक आधुनिकीकरण और समुद्री आत्मनिर्भरता पर विस्तृत चर्चा हुई। यहां रक्षामंत्री ने बताया कि कई भारतीय शिपयार्ड इस दशक के भीतर अपनी परियोजनाओं में 100 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री उपयोग करने की ओर अग्रसर हैं।


राजनाथ सिंह

### जल्द वाणिज्यिक बेड़ा भी देश में बनेगा

रक्षा मंत्री ने भरोसा जताया कि जल्द ही भारत का वाणिज्यिक बेड़ा भी पूरी तरह से देश में ही बनेगा। दोनों तटों पर हमारे शिपयार्ड अब आधुनिक फैब्रिकेशन लाइनें, उन्नत मैटीरियल-हैंडलिंग सिस्टम, ऑटोमेटड डिजाइन, टूल्स, मॉडल टेस्टिंग सुविधा और डिजिटल शिपयार्ड तकनीक चलाते हैं।

जो वैश्विक मानकों पर आधारित है। आज हम विमानवाहक युद्धपोत से लेकर अत्याधुनिक अनुसंधान पोत और ऊर्जा दक्ष व्यावसायिक पोत तक देने में सक्षम हैं।

### 95 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्गों से हो रहा

रक्षा मंत्री ने भारत की समुद्री यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि लोथल के प्राचीन बंदरगाहों से लेकर मुंबई, गोवा, विशाखापत्तनम, कोलकाता और कोचीन के आधुनिक शिपयार्डों तक का सफर भारत की तकनीकी प्रगति और धैर्य का प्रतीक है। भारत की समुद्री निर्भरता अत्यधिक है। देश के 95 प्रतिशत व्यापार (वॉल्यूम) और लगभग 70 प्रतिशत व्यापार (वैल्यू) समुद्री मार्गों से ही होता है। हिंद महासागर में भारत की सामरिक स्थिति और 7,500 किमी की विस्तृत तटरेखा इसे वैश्विक व्यापार में एक महत्वपूर्ण शक्ति बनाती है।

---

### युद्धाभ्यास 25 नवंबर से लेकर 8 दिसंबर तक चलेगा

## भारत-नेपाल की सेनाओं के बीच उत्तराखंड में शुरू हुआ सूर्यकिरण

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत और नेपाल की थल-सेनाओं के बीच मंगलवार से उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में सूर्यकिरण युद्धाभ्यास की शुरुआत हो गई है। इस वर्ष इसका 19वां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। भारतीय सैन्य दल का नेतृत्व असम रेजिमेंट के 334 सैनिक कर रहे हैं। जबकि नेपाली पक्ष का प्रतिनिधित्व समान संख्या 334 के साथ देवी दत्ता रेजिमेंट के सैनिक कर रहे हैं। युद्धाभ्यास 25 नवंबर से लेकर 8 दिसंबर तक चलेगा।




### यूएन के नियमों के तहत संयुक्त पूर्वाभ्यास

सूर्यकिरण युद्धाभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र (यूएन) अधिदेश के अध्याय-7 के तहत पारंपरिक सैन्य अभियानों का संयुक्त रूप से पूर्वाभ्यास करना है। साथ ही सेनाओं के बीच जंगल युद्ध अभियानों, पर्वतीय क्षेत्रों में आतंकवाद रोधी अभियानों के दौरान तालमेल को बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण, प्रतिक्रिया चिकित्सा, आपदा और मानवीय सहायता शामिल है।

---

### शंघाई एयरपोर्ट विवाद में विदेश मंत्रालय की चीन को दो टूक

# अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

चीन ने शंघाई एयरपोर्ट पर अरुणाचल प्रदेश की एक भारतीय महिला को परेशान किए जाने के आरोपों को सख्ती से खारिज कर दिया है। बीजिंग में चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि लंदन से जापान जा रही भारतीय नागरिक पेमो वांगजॉम थोंगडोक के साथ कोई दुर्व्यवहार, हिरासत या दबाव नहीं डाला गया। यह बयान ऐसे समय आया है जब घटना के बाद भारत ने बीजिंग और दिल्ली दोनों जगह चीन को कड़ा विरोधपत्र सौंपा है और साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है।

**अरुणाचल की महिला के साथ दुर्व्यवहार का चीन ने किया खंडन**

**अरुणाचल प्रदेश के सीएम बोले नस्लीय उपहास निंदनीय**



महिला थोंगडोक रणधीर जायसवाल

### महिला को हिरासत में नहीं लिया

चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने आरोपों को खारिज करने के साथ ही यह भी कहा कि थोंगडोक की यात्रा के दौरान चीनी इमिग्रेशन अधिकारियों ने सिर्फ कानून और नियमों के अनुसार प्रक्रिया अपनाई। उन्होंने कहा कि न तो महिला को किसी जबरन कार्रवाई का सामना करना पड़ा और न ही उसे हिरासत में लिया गया।

### प्रेमा का पासपोर्ट पूरी तरह से वैध है: खांडू

अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू ने कहा कि चीन के इमीग्रेशन अधिकारियों द्वारा किए गए अस्वीकार्य व्यवहार से मैं स्तब्ध हूं। वैध भारतीय पासपोर्ट होने के बावजूद उन्हें अपमानित और नस्लीय उपहास का शिकार बनाना निंदनीय है।खांडू ने पोस्ट में ये भी कहा कि चीन का ऐसा व्यवहार अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का उल्लंघन करता है। साथ ही ये हमारे नागरिकों की गरिमा का अपमान है।

### दावा करने से सच्चाई नहीं बदलती: जायसवाल

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अपरिहार्य और अभिन्न अंग था, है और रहेगा। इसे लेकर चीन द्वारा किया जाने वाला कोई भी दावा राज्य की जमीनी स्थिति और गैर विवादित सच्चाई को बदल नहीं सकता है। मंत्रालय को मीडिया रिपोर्ट से यह जानकारी मिली थी कि अरुणाचल प्रदेश के एक भारतीय नागरिक को चीन के अधिकारियों ने हिरासत में रखा। जबकि उनके पर वैध पासपोर्ट था और वह लंदन से शंघाई होते हुए अपनी यात्रा के पड़ाव यानी जापान की ओर जा रही थीं।

---

### यूक्रेन पर रूस का सिलसिलेवार हमला

## 6 की मौत, कई घायल, शहर में पानी और बिजली आपूर्ति ठप

एजेंसी ⏭ कीव

रूस द्वारा मंगलवार को यूक्रेन में इमारतों और ऊर्जा संरचनाओं को निशाना बनाकर किए गए सिलसिलेवार हमलों में कम से कम छह लोगों की मौत हो गयी। वहीं यूक्रेन द्वारा दक्षिणी रूस में किए गए गए हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और कई घरों को नुकसान पहुंचा।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राजधानी कीव के कुछ हिस्सों में पानी और बिजली आपूर्ति ठप हो गई। कीव के पूर्वी जिले दिन्प्रोव्स्की में नौ मंजिला एक आवासीय इमारत में भीषण आग लगी। मेयर विटाली कित्श्को ने बताया कि दिन्प्रोव्स्की में दो लोग मारे गए व पांच घायल हुए जबकि मध्य पेचेर्स्क जिले में एक अन्य आवासीय इमारत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी।


कीव में हमले के बाद बचाव अभियान

# हार्दिक की वापसी, आईपीएल नीलामी से पहले घरेलू खिलाड़ियों को चमकने का मौका

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

चोट के बाद वापसी कर रहे हार्दिक पंड्या पर बुधवार से शुरू हो रहे सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में सभी की नजरें होंगी जबकि प्रतिभाशाली घरेलू क्रिकेटर आईपीएल की नीलामी से पहले अच्छा प्रदर्शन करके ध्यान खींचना चाहेंगे।

हार्दिक ने सितंबर में एशिया कप के दौरान चोट लगने के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। फरवरी मार्च में भारत में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले हार्दिक सिर्फ टी20 प्रारुप ही खेलेंगे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 9 दिसंबर से शुरू हो रही टी20 श्रृंखला से पहले अपनी फिटनेस साबित करने का उनके पास यह टूर्नामेंट ही एक मौका है। टूर्नामेंट हैदराबाद, अहमदाबाद, कोलकाता और लखनऊ में खेला जाएगा।

- आज से शुरू हो रहा सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट
- हैदराबाद, अहमदाबाद, कोलकाता और लखनऊ में खेले जाएंगे मैच




### सूर्यकुमार खेलेंगे मुंबई के लिए ग्रुप मैच

शार्दुल ठाकुर की कप्तानी वाली मुंबई टीम गत चैंपियन के तौर पर उतरेगी। बड़ौदा की टीम 8 दिसंबर तक सात ग्रुप मैच खेलेगी और मुख्य कोच मुकुंद परमार को पंड्या के अधिकांश मैचों में खेलने की उम्मीद है। परमार ने कहा, 'वह अभी टीम से जुड़ा नहीं है लेकिन हमें उम्मीद है कि वह अधिकांश मैच खेलेगा। उसकी मौजूदगी से टीम का मनोबल बढेगा।' कप्तान सूर्यकुमार यादव भी मुंबई के लिए अधिकांश ग्रुप मैच खेलेंगे। शिवम दुबे भी मुंबई टीम का हिस्सा है। वहीं स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को तमिलनाडु का कप्तान बनाया गया है, जो ग्रुप चरण में खेलेंगे। केरल के कप्तान संजू सैमसन भी ग्रुप चरण में नजर आएंगे।

### बेहतर प्रदर्शन पर पराग और अय्यर की नजरें

एक समय भारतीय क्रिकेट में भविष्य का सितारा माने जा रहे पृथ्वी साव को पिछले साल नीलामी में किसी आईपीएल टीम ने नहीं खरीदा था। अब वह घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए नहीं बल्कि महाराष्ट्र के लिए खेलते हैं।वह भी अच्छा प्रदर्शन करके वापसी का दावा ठोकना चाहेंगे। नीतिश राणा दिल्ली की कप्तानी करेंगे। असम के कप्तान रियान पराग और मध्यप्रदेश के वेंकटेश अय्यर की नजरें भी बेहतर प्रदर्शन पर होंगी। अय्यर को 23.75 करोड़ रुपए में खरीदने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिलीज कर दिया है।

## टी20 विश्वकप 2026 का ऐलान

# भारत-श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होगा टूर्नामेंट




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित टी20 विश्व कप 2026 का मुकाबला 15 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा, जो इस साल के एशिया कप के गरमागरम मैचों के बाद दोनों टीमों के बीच पहली भिड़ंत होगी। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 का आयोजन भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे, जिसमें 20 टीमें भाग लेंगी और टूर्नामेंट का प्रारुप अपरिवर्तित रहेगा। भारत और पाकिस्तान अगले साल 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में आमने-सामने होंगे। टूर्नामेंट के कार्यक्रम के अनुसार, जिसका अनावरण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) मंगलवार को मुंबई में करेगी। इस साल के एशिया कप के दौरान भारत के जीते गए तीन गरमागरम मैचों के बाद यह पहली बार होगा जब दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। इस मैच में मैदान के अंदर और बाहर काफी विवाद भी देखने को मिला था। यह मैच आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा और भारत का तीसरा मैच होगा। भारत और पाकिस्तान को अमेरिका, नामीबिया और नीदरलैंड के साथ ग्रुप में रखा गया है।

### भारत का पहला मैच 7 फरवरी को अमेरिका के खिलाफ

भारत अपने अभियान की शुरुआत टूर्नामेंट के पहले दिन 7 फरवरी को मुंबई में अमेरिका के खिलाफ करेगा, जिसके बाद 'मेन इन ब्लू' 12 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ मुकाबले के लिए दिल्ली रवाना होगा। टूर्नामेंट का 2026 संस्करण 7 फरवरी से 8 मार्च तक भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में आयोजित किया जाएगा, जिसमें पाकिस्तान अपने सभी मैच कोलंबो या कैंडी में खेलेगा। टूर्नामेंट का प्रारुप अपरिवर्तित है, जिसमें 20 टीमों को चार-चार के समूहों में विभाजित किया गया है, जिनमें से प्रत्येक में पाँच टीमें होंगी। भारत गत चैंपियन है, जिसने बारबाडोस में 2024 संस्करण के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था।

### फाइनल अहमदाबाद में खेला जाएगा

प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें सुपर आठ चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी, जहाँ टीमों को चार-चार के समूहों में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। यदि भारत सुपर आठ चरण में पहुंचता है, तो उसके तीन सुपर आठ मुकाबले अहमदाबाद, चेन्नई और कोलकाता में होंगे। यदि भारत सेमीफाइनल में पहुंचता है, तो उसका सेमीफाइनल मुंबई में होगा। अन्य सेमीफाइनल स्थान कोलंबो या कोलकाता है, जो इस बात पर निर्भर करेगा कि पाकिस्तान या श्रीलंका क्वालीफाई करते हैं या नहीं। फाइनल अहमदाबाद में खेला जाएगा। लेकिन यदि पाकिस्तान खिताबी मुकाबले में पहुँचता है, तो इसे कोलंबो में स्थानांतरित किए जाने की संभावना है।

### भारत और श्रीलंका के अलावा, 18 टीमें

अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त राज्य अमेरिका, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, इटली, नीदरलैंड, नामीबिया, जिम्बाब्वे, नेपाल, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात।

## खबर संक्षेप



### नागल ने झांग को हराया क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**चेंगडू।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने चीन के मिंगुइ झांग को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन एशिया पेसीफिक वाइल्ड कार्ड प्लेआफ के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। छठी वरीयता प्राप्त नागल ने 2-6, 6-0, 6-2 से जीत दर्ज की। नवंबर 24 से 29 तक होने वाले इस टूर्नामेंट में आस्ट्रेलियाई ओपन 2026 के मुख्य ड्रॉ के लिए पुरुष और महिला एकल विजेता को वाइल्ड कार्ड मिलेंगे। नागल को शुरूआत में चीन का वीजा लेने में दिक्कत आई। उनका आवेदन खारिज होने के बाद उन्हें चीनी अधिकारियों से सार्वजनिक तौर पर अपील करनी पड़ी। बाद में मसला सुलझने पर वह यहां आ सके। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त बू युंचाओकेते और जिजियांग यांग के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### सैयद मोदी : मलेशिया की जोड़ी को हराकर गायत्री-त्रीशा दूसरे दौर में




**बेंगलरु।** भारत की तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 कैंपेन की शुरुआत जीत के साथ की। मौजूदा चैंपियन ने कड़े मुकाबले में मलेशिया की चेंग सु हुई और तान झिंग यी को 19-21, 22-20, 21-9 से हराया। यह भारतीय जोड़ी के लिए एक आशाजनक प्रदर्शन था, खासकर जब गायत्री गोपीचंद कंधे की चोट के कारण पांच महीने के अंतराल के बाद पिछले हफ्ते ऑस्ट्रेलियन ओपन में प्रतिस्पर्धी मुकाबले में लौटी थी। भारत की तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी पहला गेम 19-21 से गंवा चुकी थी। भारतीय महिला युगल जोड़ी ने दूसरे गेम को 22-20 से अपने नाम किया। इसके बाद दोनों ने 21-9 से निर्णायक गेम जीतकर प्री-क्वार्टर में जगह बनाई।




### भारत की मेजबानी हो सकते हैं राष्ट्रमंडल खेल, फैसला आज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी अधिकार हासिल करने को लेकर आश्वस्त भारत की बोली को ग्लासगो में राष्ट्रमंडल खेलों की आम सभा में औपचारिक रूप से मंजूरी मिल जाएगी, जो देश की वैश्विक बहु-खेल केंद्र बनने की महत्वाकांक्षी योजना में मील का पत्थर साबित होगा। भारत ने इससे पहले 2010 में दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया था लेकिन 2030 में इन खेलों को अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा, जिसने पिछले एक दशक में अपने खेल ढांचे को नए स्तर तक पहुंचाया है।

## साउथ अफ्रीका ने 260/5 के स्कोर पर घोषित की दूसरी पारी, भारत के 27/2

# भारत के खिलाफ इतिहास में 5वीं बार 500 से ज्यादा की बढ़त, मिला 549 रन का मुश्किल लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

जिस पिच की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल प्रवृत्ति का दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने पूरा फायदा उठाया ,उस पर भारतीय बल्लेबाज दूसरी पारी में भी जूझते हुए नजर आए, जिससे उनकी टीम पर दूसरे एवं अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में बड़ी हार का खतरा मंडराने लग गया है। दो मैच की श्रृंखला में पहले ही पीछे चल रहे भारत ने 549 रन के लगभग असंभव लक्ष्य का पीछा करते हुए मंगलवार को चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में 15.5 ओवर में दो विकेट पर 27 रन बनाए हैं और लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए उसे अब 522 रन की जरूरत है। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 5वीं बार किसी टीम ने भारत के खिलाफ 500 से ज्यादा रन की बढ़त हासिल की। जबकि 2006 कराची टेस्ट में पाकिस्तान के बाद यह पहली बार है।

### स्टब्स ने खेली शानदार पारी

दक्षिण अफ्रीका में इससे पहले अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 260 रन बनाकर समाप्त घोषित की। उसका आकर्षण ट्रिस्टन स्टब्स की पारी रही। इस युवा बल्लेबाज ने 180 गेंद का सामना करके 94 रन बनाए, जिसमें नौ चौके और एक छक्का शामिल है। उन्होंने टोनी डि जॉर्जी (68 गेंद पर 49) के साथ चौथे विकेट के लिए 101 रन और वियान मुल्डर (69 गेंद पर नाबाद 35) के साथ पांचवें विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाए थे, जिसके जवाब में भारत 201 रन ही बना पाया था।




### साउथ अफ्रीका की बढ़त

मंगलवार को साउथ अफ्रीका ने 260 रन और बनाकर अपनी बढ़त को बढ़ा दिया। साउथ अफ्रीका ने 26/0 से आगे खेलते हुए चौथे दिन के खेल की शुरुआत की। रयान रिकेल्टन और एडन मार्करम की ओपनिंग जोड़ी के बीच 59 रन की पार्टनरशिप हुई। रवींद्र जडेजा ने रिकेल्टन को सिराज के हाथों कैच आउट करके इस पार्टनरशिप को तोड़ दिया। वो 35 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद जडेजा ने मार्करम की पारी को 29 रन पर रोक दिया। फिर वाशिंगटन सुंदर ने कप्तान टेंबा बवुमा को तीन पर आउट करके साउथ अफ्रीका को 77 रन पर तीन झटके दे दिए।

**स्कोर बोर्ड**

दक्षिण अफ्रीका पहली पारी: 489
भारत पहली पारी: 201

| दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकेल्टन का सिराज बो जडेजा | 35 | 64 | 4 | 0 |
| मारक्रम बो जडेजा | 29 | 84 | 3 | 0 |
| स्टब्स बो जडेजा | 94 | 180 | 9 | 1 |
| बावुमा का रेड्डी बो वाशिंगटन | 03 | 11 | 0 | 0 |
| जॉर्जी पगबाधा बो जडेजा | 49 | 68 | 4 | 1 |
| वियान मुल्डर नाबाद | 35 | 69 | 5 | 0 |

अतिरिक्त: 15, कुल: 78.3 ओवर में 260/5 रन पर पारी घोषित
गेंदबाजी: बुमराह 6-0-22-0, सिराज 5-1-19-0, जडेजा 28.3-3-62-4, कुलदीप 12-0-48-0, वाशिंगटन 22-2-67-1, जायसवाल 1-0-9-0, रेड्डी 4-0-24-0

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का वेरेन बो यानसेन | 13 | 19 | 1 | 1 |
| राहुल बो हार्मर | 06 | 30 | 0 | 0 |
| सुदर्शन खेल रहे हैं | 02 | 25 | 0 | 0 |
| यादव खेल रहे हैं | 04 | 22 | 1 | 0 |

अतिरिक्त: 02, कुल: 15.5 ओवर में दो विकेट पर: 27 रन
गेंदबाजी: यानसेन 5-2-14-1, मुल्डर 4-1-6-0, हार्मर 3.5-2-1-1, महाराज 3-1-5-0

### भारत के सामने मैच बचाने की चुनौती

भारत के सामने मैच बचाने की चुनौती है लेकिन उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही तथा उसके दोनों सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (13) और केएल राहुल (06) दस ओवर और 21 रन के अंदर पवेलियन में विराजमान थे। जायसवाल ने पहली पारी में छह विकेट लेने वाले मार्को यानसन की तेजी से उठती गेंद पर कट करने के प्रयास में विकेट के पीछे कैच दिया जबकि राहुल ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर की गेंद पर पूरी तरह से गच्चा खाकर बोल्ड हो गए। दिन का खेल समाप्त होने के समय साई सुदर्शन दो और नाइटवॉचमैन कुलदीप यादव चार रन पर खेल रहे थे। पिच पर दरार पड़ गई हैं, जिससे स्पिन गेंदबाजों को टर्न मिलना शुरू हो गया है। ऐसे में अगर भारत हार्मर एंड कंपनी के सामने मैच बचाने में सफल रहता है तो यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।

### जडेजा ने बनाया रिकॉर्ड

रवींद्र जडेजा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में इतिहास रच दिया है। वह अनिल कुंबले और रविचंद्रन अश्विन के खास क्लब में शामिल हो गए हैं। गुवाहाटी में चौथे दिन के खेल के सुबह के सेशन में दो विकेट लेकर जडेजा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में अपने विकेटों की संख्या 50 तक पहुंचा दी। वह कुंबले, जवागल श्रीनाथ, हरभजन सिंह और अश्विन के बाद पांचवे ऐसे भारतीय बॉलर हैं, जिन्होंने टेस्ट में कम से कम 50 साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों को आउट किया है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ जडेजा का 11वां टेस्ट है और 19 पारी में उन्होंने अब तक 50 विकेट लिए हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट में सबसे ज़्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड कुंबले के नाम है। अपने 18 साल के टेस्ट करियर में महान स्पिनर ने प्रोटियाज के खिलाफ 21 टेस्ट खेले और 84 बल्लेबाजों को आउट किया। उनके बाद 13 मैचों में 64 विकेट के साथ जवागल श्रीनाथ दूसरे नंबर पर, हरभजन सिंह 11 मैचों में 60 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर और आर अश्वनि 14 मैचों में 57 विकेट के साथ चौथे नंबर पर हैं।

## मंत्री सारंग ने की जर्मन फुटबॉल कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ से मुलाकात

# विचारपुर के खिलाड़ी अब सिर्फ मप्र ही नहीं बल्कि पूरे देश की शानः सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने मंगलवार को मंत्रालय में जर्मनी के प्रतिष्ठित फुटबॉल क्लब एफसी इंगोलस्टेड 04 के सीइओ एवं कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ से मुलाकात की।

सारंग ने कोच बीयर्सडॉर्फ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा विचारपुर (मिनी ब्राजील) के प्रतिभावान खिलाड़ियों से प्रत्यक्ष संवाद, आधुनिक प्रशिक्षण विधियां और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल शैली से परिचित कराना, युवा खिलाड़ियों के लिए एक अमूल्य अवसर है। सारंग ने कहा कि यह मुलाकात न केवल खेल क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को नई दिशा देने वाली रही बल्कि प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों के उत्साह को भी गति प्रदान करने वाली साबित हुई। सारंग ने कहा कि विचारपुर के खिलाड़ी अब सिर्फ मध्यप्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश की शान हैं।



### भारत में फुटबॉल का भविष्य उज्ज्वल

कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ ने मंत्री सारंग से विचारपुर के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि भारत में फुटबॉल का भविष्य उज्ज्वल है। आगे उन्होंने कहा कि विचारपुर के खिलाड़ी कठिन परिस्थितियों के बावजूद जिस जुनून, अनुशासन और सीखने की उत्सुकता के साथ खेलते हैं, वह अंतरराष्ट्रीय मानकों को छूता है जो भविष्य में बड़े स्तर तक ले जा सकता है।

### मयंक अकादमी ने एक फाइनल में किया प्रवेश

**भोपाल।** बीडीसीए द्वारा आयोजित अंडर-22 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा दो दिवसीय सेमी फाइनल बाबे अली मैदान पर मयंक और रेलवे यूथ अकादमी के मध्य खेले जा रहे दूसरे दिन 76.4 ओवर में 222 रन बन सकी, जिसमें प्रियांशु प्राण 39 ,यशराज सोलंकी 36,अर्णव सिंह 34 ने रन बनाए। रेलवे यूथ के दिव्यांश 5 और अंजेश पाल ने 4 विकेट लिए। जवाब में रेलवे यूथ ने दूसरी पारी में 65 रन ही बना सकी। मयंक के हर्ष सेन ने 8 विकेट एवं दोनों पारियों में उन्होंने कुल 13 विकेट लिए। मयंक ने रेलवे यूथ को पारी और 53 रनो से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।


हर्ष सेन

## ओल्ड कैंपियन ग्रांडड में स्व. ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट

# महाबली वारियर्स और दैनिक जनचर्चा की टीमें जीतीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेली जा रही स्व. ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय ग्रीन पैराडाइस कप क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को दो मुकाबले हुए जिनमें महाबली वारियर्स और दैनिक जनचर्चा की टीमें जीतीं।

इस प्रतियोगिता में पहला मुकाबला मीडिया एकादश और महाबली वॉरियर्स के बीच खेला गया, जिसमें मीडिया एकादश ने 126/10 रन बनाए। इनमे विवेक साध्य ने 26, आयुष नेगी ने 25 और प्रभात शुक्ला ने 17 रन बनाए। महाबली के ब्रह्मदेव ,राहुल, मनोज और मजहर ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में महाबली वारियर्ष ने नागेंद्र नेगी के 42 सोनू के 25 और सुनील के 23 रनों की मदद से 11.5 ओवरों में दो 129/3 रन बनाकर मैच को 7 विकेट से जीत लिया। मीडिया एकादश के आयुष और अश्विनी ने एक-एक विकेट लिया। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए ब्रह्मदेव सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया।



मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते अतिथि।

### जामरान और शिवा बने संयुक्त जरूप से मैन ऑफ द मैच

दिल का दूसरा मैच डॉ रजा एकादश और दैनिक जनचर्चा के बीच खेला गया, जिसमें दैनिक जनचर्चा ने 174/9 रन बनाए। जिसमे जय देवनानी ने 63, जमरान जावेद ने 26 और लविन मंदानी ने 18 रन बनाए। डॉ रज़ा के शिवा सिंह ने 5, जबकि लोकेश मालवीय ने दो विकेट लिए। जवाब में डॉ रजा एकादश की टीम कुल 156/8 रन ही बना सकी और मैच को 18 रनों से हार गई। दैनिक जनचर्चा के जामरान जावेद ने 4 और अंकित शर्मा ने 3 विकेट लिए। जामरान और शिवा को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी कुमारी नेहा साहू, वरिष्ठ क्रिकेटर हेमंत कुमार सूदन और सुरेंद्र सिंह बैस ने प्रदान किया।

## गुरुवार को महिला प्रीमियर लीग की नीलामी

# दीप्ति, क्रांति और चरणी पर बरस सकती है बड़ी धनराशि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लॉरा वोलवार्ट और भारत की विश्व कप में जीत की नायिका दीप्ति शर्मा सहित कई शीर्ष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर गुरुवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में आकर्षण का केंद्र होंगे जबकि घरेलू खिलाड़ी क्रांति गौड़ और श्री चरणी को भी मोटी धनराशि मिलने की उम्मीद है।

कुल 277 खिलाड़ी (194 भारतीय और 83 विदेशी) पहली बार होने वाली इस मेगा नीलामी का हिस्सा होंगे। पांच टीमें अधिकतम 73 स्थानों को भरने की कोशिश करेंगी, जिनमें 50 भारतीय और 23 विदेशी खिलाड़ी शामिल होंगे। कम से कम 15 और अधिकतम 18 खिलाड़ी टीम में शामिल किए जा सकते हैं।

**277 खिलाड़ी होंगे डब्ल्यूपीएल की मेगा नीलामी का हिस्सा**







### भारतीय खिलाड़ियों की भारी मांग

वनडे विश्व कप जीत के बाद भारतीय खिलाड़ियों की भारी मांग होगी। टूर्नामेंट की प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट दीप्ति शर्मा पर अच्छी बोली लगने की संभावना है। उन्हें विश्व कप फाइनल के तुरंत बाद यूपी वॉरियर्स ने रिलीज कर दिया था। अगर क्रांति और चरणी जैसी युवा खिलाड़ी धनराशि के मामले में दीप्ति की बराबरी कर ले तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। इन दोनों ने विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करके प्रभावित किया था।

### हरलीन, रेणुका और स्नेह नीलामी का हिस्सा

*हरलीन देओल, रेणुका सिंह और स्नेह राणा भी नीलामी का हिस्सा हैं। जिन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों पर दांव लगने के संभावना है उनमें ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग, वर्तमान ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली, इंग्लैंड की प्रमुख स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन, न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन, उनकी हमवतन अमेलिया केर और दक्षिण अफ्रीकी कप्तान वोलवार्ट शामिल हैं। सि फ एक खिलाड़ी को रिटेन करने के बाद यूपी वॉरियर्स के पास नीलामी में सबसे अधिक राशि (14.5 करोड़ रुपए) है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स के पास सबसे कम राशि (5.70 करोड़) है।*

## जेडी खेल यादव बोले-स्टूडेंट्स स्वयं को फिट रखें और देश का नाम रोशन करें

# मिलेनियम ग्रुप में 5 दिनी स्पोर्ट्स फेस्ट मेटल का शानदार समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

गत सप्ताह मिलेनियम ग्रुप में खिलाड़ियों का जोश चरम पर था। मौका था 5 दिवसीय खेल महोत्सव मेटल के सफलतापूर्वक आयोजन का। आयोजित हुए खेलों में क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, केरम, चैस , खो खो , बैडमिंटन एवं एथलेटिक्स प्रमुख रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जॉइंट डायरेक्टर बी एस यादव और स्पेशल गेस्ट रहे बरकतुल्ला यूनिवर्सिटी के डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ पवन मिश्रा। अतिथियों का स्वागत करते हुए ग्रुप




के मैनेजिंग डायरेक्टर आदित्य यादव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष होने वाले इस टूर्नामेंट के माध्यम से स्टूडेंट्स का शैक्षिक एवं शारीरिक विकास बेहतर होता है और छात्र पढाई के साथ खेलों में भी एक्टिव रहते हैं। मुख्य अतिथि श्री यादव ने स्टूडेंट्स को फिटनेस मन्त्र दिए और शरीर को फिट रखने की सलाह दी जिससे वे पढाई में भी फोकस कर सकें।

विधेयक विधानसभा में प्रस्तुत करने की मिली स्वीकृति

# मप्र में नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्षों का चुनाव होगा प्रत्यक्ष पद्धति से, कैबिनेट में विधेयक मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कैबिनेट की बैठक में प्रदेश भर के नगरीय निकायों नगर पालिका व नगर परिषद के अध्यक्षों का चुनाव प्रत्यक्ष पद्धति से कराने के सरकार के निर्णय को मंजूरी दे दी गई। इसे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधेयक के रूप में पारित कराया जाएगा। इसके बाद यह कानून बन जाएगा। अभी तक महापौर को छोड़कर नगर पालिका व नगर परिषद के अध्यक्षों का चुनाव दो तिहाई बहुमत के आधार पर चुने हुए पार्षद करते थे। किंतु प्रदेश भर में बड़े पैमाने पर शिकवा शिकायतों को देखते हुए सरकार ने प्रत्यक्ष पद्धति से चुनाव कराने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। इसमें अध्यक्षों का चुनाव प्रत्यक्ष पद्धति से कराने का प्रस्ताव पास हुआ। यानी नगर पालिका व नगर परिषद के अध्यक्षों का चुनाव अब सीधे होंगे। आम नागरिक अपने अध्यक्ष को अपने वोट से सीधे चुन सकेंगे। अभी तक मतदाता अपने वार्ड के पार्षद को चुनते थे। इसके बाद पार्षद मिलकर अध्यक्ष चुनते थे। अब ऐसा नहीं होगा।

**खास बातें**

- दिवंगत निरीक्षक स्व. शर्मा के परिजन को 1 करोड़ रुपए आर्थिक सहायता की स्वीकृति
- छोटे भाई अंकित शर्मा को उप निरीक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति का निर्णय



### नौकरी व एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता

कैबिनेट ने नक्सल विरोधी अभियान के दौरान पुलिस-नक्सल मुठभेड़ मे 19 नवम्बर 2025 को वीरगति को प्राप्त हुए निरीक्षक (विशेष सशस्त्र बल) आशीष शर्मा, हॉक फोर्स बालाघाट के परिजन को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता की स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही उनके छोटे भाई अंकित शर्मा को जिला पुलिस बल में उप निरीक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है। दिवंगत निरीक्षक आशीष शर्मा को 2 बार राष्ट्रपति से वीरता पदक से सम्मानित किया गया था। इसके पहले वर्ष 2021 में मुख्यमंत्री की ओर से आंतरिक सेवा पदक और 2023 में दुर्गम सेवा पदक प्रदान किया गया था।

### अध्यक्ष पद के निर्वाचन संबंधी विधेयक विधानसभा में प्रस्तुत किए जाने की स्वीकृति

कैबिनेट ने प्रदेश में नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष पद का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से सीधे मतदाताओं से कराए जाने संबंधी विधेयक को विधानसभा में प्रस्तुत किए जाने की स्वीकृति दी गई है। वर्ष 2022 में नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष पद का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से वार्डों के निर्वाचित पार्षदों से कराए गए। महापौर का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से से कराया जा रहा है।

### मंत्री ने कहा, अधिकारी फोन नहीं उठाते

कैबिनेट की बैठक में अनुपूरक बजट में राशि का आवंटन पर चर्चा के दौरान जीएसटी कलेक्शन में काफी कमी आने का मुद्दा नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने उठाया। उन्होंने कहा कि अफसर इसमें गड़बड़ी कर रहे हैं। अन्य राज्यों में इतनी कमी नहीं आ रही है। जबकि मप्र में हर महीने एक हजार करोड़ की क्षति हो रही है। मंत्री प्रह्लाद पटेल ने भी कहा कि लोक लेखा समिति में भी इस पर चर्चा हुई है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। हालांकि फोन नहीं उठाने के मुद्दे पर सबसे ज्यादा नाराजगी राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने जताई। उन्होंने मुख्यमंत्री ने कहा कि एसीए, पीएस से बातचीत करने के लिए एक दिन का समय तय कर दिया जाए।

मुखर्जी नगर में डॉ. यादव ने दी 194 करोड़ रुपए की सौगातें

# कोलार में श्रीराम लीला मैदान तो कटारा में बनेगा दीनदयाल स्टेडियमः मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




विकास के लिए चर्चित रहने वाली भोपाल की हुजूर विधानसभा में मंगलवार का दिन ऐतिहासिक सौगातों से भरा रहा। विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा मुखर्जी नगर कोलार के बंजारी मैदान में आयोजित 'विकास पर्व' कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की मुख्य उपस्थिति में क्षेत्र को 194 करोड़ से अधिक की विकास की सौगात मिली।

विकास पर्व को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि कटारा बरई में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम से स्टेडियम बनाया जाएगा, वहीं कोलार में पांच करोड़ से श्रीराम लीला मैदान बनाया जाएगा। साथ ही कोलार में जल्द ही नया कजलीखेड़ा थाना भी खुलेगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 29 करोड़ की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण, 10 करोड़ की लागत से विकसित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम का लोकार्पण एवं अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 155 करोड़ की लागत से व्यापक सीवेज परियोजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, मंत्री राव उदयप्रताप सिंह, राज्यमंत्री कृष्णा गौर, विधायक भगवानदास सबनानी, भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यति, महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा नागरिक उपस्थित रहे।

### विकास पर्व के लिए 25 नवंबर से बड़ा दिन नहीं हो सकताः रामेश्वर



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि आज जब मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में 194 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ हो रहा है तो दूसरी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभिजीत मुहूर्त में श्रीराम मंदिर पर भगवा ध्वज फहरा रहे हैं। निश्चित रूप से विकास पर्व के लिए आज 25 नवंबर से बड़ा दिन कुछ नहीं हो सकता। रामेश्वर ने गुरु तेगबहादुर के शहीदी दिवस पर उन्हें नमन करते हुए उनके राष्ट्र और धर्म के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि हुजूर विधानसभा में विकास कोई चुनावी वादा नहीं, बल्कि नागरिकों के प्रति हमारा संकल्प है। आज जो सौगात मिली हैं, वह शिक्षा, स्वच्छता, खेल और अधोसंरचना सभी क्षेत्रों में लंबे समय तक प्रभाव डालने वाली है।

पशु मेले का मामला

हिंदू संगठनों के विरोध के बाद फैसला बदला

# व्यापारियों से बदसलूकी के आरोप पर टीआई लाइन अटैच, 24 घंटे में आदेश हुआ निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल देहात क्षेत्र में पदस्थ थाना प्रभारी आशीष सप्रे को सोमवार दोपहर एसपी रामशरण प्रजापति ने लाइन अटैच करने का आदेश जारी कर दिया। आदेश में टीआई को तत्काल प्रभाव से लाइन में आमद देने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि 24 घंटे में ही यह आदेश निरस्त कर दिया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार टीआई को लाइन अटैच करने की कार्रवाई पशु मेले को शिफ्ट कराने की धमकी देने और व्यापारियों से बदसलूकी के आरोपों के बाद की गई थी। लाइन अटैच किए जाने की खबर मिलते ही टीआई आशीष सप्रे ने आपत्ति जताते हुए सोमवार शाम एसपी कार्यालय पहुंचकर अपनी सफाई दी, मगर एसपी ने उनके पक्ष को स्वीकार नहीं किया और लाइन में आमद लेने के आदेश पर कायम रहे।

### कुछ ही घंटों में दूसरा आदेश

अप्रत्याशित रूप से कुछ ही घंटे बाद एसपी कार्यालय से एक और आदेश जारी हुआ, जिसमें टीआई का लाइन अटैच आदेश निरस्त कर दिया गया। अब टीआई सप्रे अपने पद पर यथावत रहेंगे। हालांकि एसपी रामशरण प्रजापति ने इस फैसले को पूरी तरह प्रशासनिक दृष्टि से लिया गया निर्णय बताया है। उन्होंने मंगलवार को आदेश निरस्त किए जाने की आधिकारिक पुष्टि की।

### विरोध प्रदर्शन की चेतावनी ने बदला फैसला

पुलिस सूत्रों के मुताबिक टीआई को लाइन हाजिर करने का आदेश सामने आने के बाद कई हिंदू संगठनों ने इसका विरोध शुरू कर दिया था। संगठनों ने चेतावनी दी थी कि यदि आदेश वापस नहीं लिया गया तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। दबाव बढ़ने पर देर रात आदेश वापस लेने की प्रक्रिया शुरू हुई।

कलेक्टोरेट की जनसुनवाई में 103 लोगों ने दर्ज कराई शिकायत

एडीएम ने समस्या सुनना चाही, तो उन पर भी भड़की महिला

# कलेक्टोरेट में महिला का हंगामा, बोली सुनवाई नहीं होती तो कुर्सी से हट जाओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब एक महिला ने सभा कक्ष में अंदर आते ही चिल्लाना शुरू कर दिया। महिला ने अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम से कहा कि आपसे सुनवाई नहीं होती है तो कुर्सी से हट जाइए, मैं इस कुर्सी पर बैठकर लोगों की समस्याएं सुनती हूं। पुलिस, प्रशासन और शासन के अधिकारी सुनवाई नहीं करते हैं। अपर कलेक्टर लगातार महिला को समझाते रहे, लेकिन वह नहीं मानीं, जिसके बाद वह जनसुनवाई कक्ष से उठकर चले गए। दोपहर एक बजे कलेक्टर की जनसुनवाई में एक महिला अपनी बेटी को लेकर पहुंची। जहां उसने अधिकारियों को अपनी समस्या बताते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। जब अपर कलेक्टर ने महिला को समस्या का समाधान बताना चाहा तो वह उन पर ही भड़क गई। इसके बाद अपर कलेक्टर जनसुनवाई से चले गए, लेकिन महिला ने हंगामा खत्म नहीं किया।




### गणना पत्रक नहीं मिले तो जनसुनवाई में पहुंचे मतदाता

सिकंदरी सराय निवासी रेखा ठाकुर ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2003 में मतदान किया था, लेकिन वर्तमान लिस्ट में मेरा नाम नहीं है। बेटे दीपक ठाकुर पिता जीवन ठाकुर का गणना पत्रक तक नहीं मिला है। ऐसे में जल्द से जल्द पत्रक दिलवाए जाएं। वहीं बाग उमराव दूल्हा निवासी शमीम खां ने बताया कि उनके पास वोटर कार्ड है, मैं काम की तलाश में अन्य पते पर चला गया था, ऐसे में मेरा नाम सूची से हटा दिया गया है।

### मेजर के प्लॉट के पास सरकारी जमीन पर हुआ कब्जा

कोलार के वार्ड 83 में रहने वाले सेना के मेजर रोहित सिंह ने बताया कि मेरी पोस्टिंग दिल्ली और लद्दाख में है, ऐसे में कभी-कभी आता हूं। उनका प्लॉट विस्तार कॉलोनी में स्थित है। इसके पास ही सरकारी जमीन पर झुग्गी बनाकर कब्जा कर लिया है। इसके अलावा अतिक्रमणकारी द्वारा लकड़ी बेचने तक का व्यवसाय शुरू कर दिया गया है। ऐसे में इलाके में अव्यवस्था पनप रही है, जिससे जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए।

### मकान मालिक से चल रहा महिला का विवाद

*मिनाल कॉलोनी में रहने वाली महिला ने तीन महीने पहले शिकायत की थी कि नौ दिसंबर 2022 को उनके पास किसी मंशाराम का काल आया था। मंशाराम ने उन्हें मकान खाली करने की धमकी दी थी। वह अपनी 11 साल की बेटी के साथ रहती हैं। उन्हें मकान खाली करने के लिए जान से मारने की धमकी दी जा रही है, जबकि उनके मकान मालिक ग्वालियर में रहते हैं और उनके बीच 11 महीने का अनुबंध है।*

सरकारी की बजाय प्राइवेट अस्पताल भर्ती कर इलाज का खर्च वहन करने का किया था वादा

दो सप्ताह पूर्व कोहेफिजा थाना क्षेत्र में हुई थी दुर्घटना

# एएसआई की कार से जख्मी अधेड़ की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ विंग में पदस्थ महिला एएसआई के निजी वाहन की टक्कर से जख्मी एक अधेड़ की मौत हो गई। सड़क दुर्घटना करीब दो सप्ताह पूर्व कोहेफिजा थाना क्षेत्र में हुई थी, जिसमें पुलिस ने सामान्य दुर्घटना का प्रकरण दर्ज किया था।

थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल शुक्ल के अनुसार 58 वर्षीय अब्दुल शफीक शाहजहांनाबाद में रहते थे। वे कोहेफिजा स्थित एक हाईराइज बिल्डिंग में सिक्योरिटी गार्ड थे । वे एक्टिवा एमपी 04 - एसक्यू - 8956 पर घर जा रहे थे । उन्हें कोहेफिजा स्थित सिग्नल के पास लालघाटी की तरफ से आ रही नेक्सन कार एमपी 04- जेडएच-9995 ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना 07 नवंबर को हुई थी। उस वक्त कार को परवीन नकवी चला रहीं थीं। इस मामले में पुलिस ने उसी दिन प्रकरण दर्ज करके वाहन जब्त कर लिया था। नकवी ईओडब्ल्यू में आवक-जावक शाखा में पदस्थ हैं।

हादसे के बाद वह स्वयं अपनी कार से जख्मी को हमीदिया अस्पताल ले गई थीं। वहां से उनके रिश्तेदार मोहम्मद मुस्तफा पिता मोहम्मद मुर्तजा उम्र 58 साल को फोन लगाकर बातचीत कराई थी। वह गांधी नगर थाना क्षेत्र में रहते हैं और ब्यॉयज हॉस्टल चलाते हैं। मोहम्मद मुस्तफा से उस वक्त कार चला रही महिला ने प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज कराने की सलाह दी थी। उन्होंने इसका खर्च उठाने की भी बात बोली थी। चिरायु अस्पताल में रविवार को उन्होंने दम तोड़ दिया।

दिग्विजय की सीएम और मंत्री प्रहलाद को बहस की चुनौती

# विंध्य भवन में 20% एडवांस कमीशन देने के बाद भी सरपंचों को फंड नहीं मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में सोमवार से तीन दिवसीय पंचायत प्रतिनिधियों की कार्यशाला चल रही है। इस वर्कशॉप का आज दूसरा दिन है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कार्यशाला में राजगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया द्वारा पंचायती राज प्रतिनिधियों के अधिकारों को लेकर मुख्यमंत्री के सामने उठाई गई बात पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल को खुली बहस की चुनौती दी है।

### सरपंचों को फंड नहीं मिल रहा



पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय ने आरोप लगाया कि इससे पहले जो पंचायत मंत्री थे महेंद्र सिसोदिया उन्होंने सिस्टम बना दिया था कि 20 % दे जाओ और मंजूरी ले जाओ। वो आज भी कायम है। मेरे चुनाव क्षेत्र राजगढ़ के कई सरपंचों ने बताया कि उन्होंने एडवांस बुकिंग भी कर दी। 20 फीसदी कमीशन जमा भी कर दिए, लेकिन पैसा उन्हें नहीं मिला।

### सीएम से ज्यादा पटेल को पंचायतों की समझ

*दिग्विजय सिंह ने आगे कहा कि मुझे सीएम मोहन यादव के मुकाबले पंचायत मंत्री प्रह्लाद पटेल से ज्यादा उम्मीद थी क्योंकि वे ग्रामीण परिवेश के हैं। पंचायत का जितना अनुभव प्रह्लाद पटेल को होगा उतना मोहन यादव को नहीं होगा। क्योंकि प्रहलाद पटेल गांव के व्यक्ति हैं और मोहन यादव तो शहरी उज्जैन के रहने वाले हैं।*

1000 नई समितियां बनीं, 585 समितियों को बनाया गया गतिशील

प्रदेश में 700 पदों पर नियुक्ति की कार्यवाही अंतिम चरण में

# गो पालन को बढ़ावा देने डेयरी विकास दुग्ध उत्पादन बढ़ाएं, पशु चिकित्सा सेवाओं का किया जाए विस्तार

मुख्यमंत्री ने पशुपालन और डेयरी विभाग की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में गोपालन को बढ़ावा देने के कार्य निरंतर संचालित किए जाएं। दुग्ध सहकारी समितियों की संख्या में निरंतर वृद्धि होना चाहिए। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन दोगुना करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पशुपालन और डेयरी विभाग सभी कार्य सुनिश्चित करें।

पिछले दो वर्ष में डेयरी विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां भी अर्जित हुई हैं। इन्हें निरंतर कायम रखा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए हैं।

### पशु चिकित्सा कार्य को दें प्राथमिकता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पशु चिकित्सा एक महत्वपूर्ण आयाम है, इसकी अवहेलना नहीं होना चाहिए। पशु चिकित्सा सेवाओं का विस्तार आवश्यक है। राज्य के पशुधन के मान से चिकित्सक और सेवा भावी स्टॉफ की व्यवस्था से युवाओं को रोजगार भी मिलेगा।

### सहकार्यता अनुबंध के बाद बनी मैनेजमेंट कमेटी

बैठक में जानकारी दी गई कि 13 अप्रैल को मप्र शासन, एमपी स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन, संबंद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच सहकार्यता अनुबंध हुआ है। इसके परिपालन में दुग्ध संघों में मैनेजमेंट कमेटी का गठन कर दिया गया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित स्टीयरिंग कमेटी में डेयरी डेवलपमेंट प्लान शीघ्र प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय पशुधन मिशन उद्यमिता विकास कार्यक्रम में मध्यप्रदेश तृतीय स्थान पर रहा है।

### 700 पदों पर नियुक्ति शीघ्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिक्त पदों की पूर्ति शीघ्र करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि लोकसेवा आयोग से शीघ्र ही 200 पशु चिकित्सकों के चयन की कार्यवाही पूर्ण की जा रही है। इसी तरह कर्मचारी चयन मंडल ने 500 सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों के पदों की पूर्ति के लिए परिणाम घोषित किए हैं। इनकी पदस्थापना भी शीघ्र हो जाएगी। आगामी वर्ष 735 पशु चिकित्सालय स्थापित करने की प्रक्रिया भी संचालित है। बताया गया कि प्रदेश में गौशालाओं को प्रति गाय 20 रुपए के स्थान पर 40 रुपए राशि दी जा रही है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930